ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



आम्रपाली का 'सइयां जी सेल्फिस' रिलीज पेज 12 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 27 दिसम्बर 2022 • वर्ष-23 • अंक-321 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

## NEWS इन ब्रीफ

### पूजा सिंघल को रिम्स से भेजा गया जेल

**रांची।** मनरेगा घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तार आईएएस पूजा सिंघल को रिम्स से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया है। सोमवार की देर शाम रिम्स से उन्हें छुट्टी दे दी गयी थी। बीते दिनों जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रिम्स भेजा गया था। जहां डॉ. विद्यापति की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। तबीयत में सुधार के बाद उन्हें वापस जेल भेजा दिया गया।

### प्रचंड तीसरी बार बने नेपाल के प्रधानमंत्री

**काठमांडू।** पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड नेपाल के नये



प्रधानमंत्री बन गये हैं। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उन्हें सोमवार को शपथ दिलायी। प्रचंड तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने हैं। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री और चीन के करीबी माने जानेवाले कम्युनिस्ट नेता केपी शर्मा ओली समेत पांच अन्य गठबंधन पार्टियों के साथ मिलकर सरकार बनायी है। इनके बीच एक समझौता हुआ है। इसके तहत शुरूआती ढाई साल तक प्रचंड पीएम रहेंगे। इसके बाद केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री बनेंगे।

(संपादकीय पेज भी देखें)

### वीडियोकॉन के सीईओ वेणुगोपाल धूत गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को कथित



आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वीडियोकॉन के सीईओ वेणुगोपाल धूत को मुंबई से गिरफ्तार किया है। इससे पहले, एजेंसी ने मामले के संबंध में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था। उद्योगपति वेणुगोपाल धूत द्वारा नियंत्रित वीडियोकॉन को आईसीआईसीआई द्वारा दिये गये 3,250 करोड़ रुपये के लोन से जुड़ा है।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त की जांच सीबीआई को सौंपी

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने सोमवार को बीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की और से नियुक्त विशेष जांच दल को भी रद्द कर दिया है। राज्य सरकार कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकती है। भाजपा ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। गौरतलब है कि 30 अक्टूबर को तेलंगाना पुलिस ने सत्तारूढ़ दल के विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त के आरोप में तीन आरोपियों : रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिंहयाजी स्वामी को गिरफ्तार किया था।

### सीएम सुरक्षा प्रभारी को ईडी भेजेगी दूसरा समन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी को ईडी दूसरा समन भेजेगी। 24 अगस्त को पॉवर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के आवास पर छापेमारी के बाद सिपाही श्यामल होरो व मुकेश कुमार के एके-47 हथियार व 60 गोलियां बरामद की गयी थी। ईडी ने इस मामले में 18 अक्टूबर को सीएम सुरक्षा प्रभारी को नोटिस भेजा था, लेकिन तब सुरक्षा प्रभारी यह कहते हुए उपस्थित नहीं हुए थे कि बरामद एके-47 हथियार उनके विभाग से जुड़ा नहीं है। ईडी इस पड़ताल में जुटी है कि किसके आदेश से दोनों पुलिसकर्मी सीएम सुरक्षा में तैनाती के बावजूद प्रेम प्रकाश के साथ तैनात थे।

# आरक्षियों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ पालन करने की ली शपथ

## मुख्यमंत्री सोरेन ने आईआरबी 1-5 के पासिंग आउट परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची/जमशेदपुर**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को कॉन्स्टेबल ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) में आईआरबी 1-5 के पारण परेड (पासिंग आउट परेड) का निरीक्षण किया और सलामी ली। प्रशिक्षु आरक्षियों की हौसलाअफजाई करते हुए सीएम ने कहा कि आज से आप नयी राह पर चलने को तैयार हैं। आप जिस क्षेत्र से जुड़ रहे हैं, वहां आपको तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना है। मुझे पूरी उम्मीद और विश्वास है कि आप ने जो यहां प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसका बखूबी इस्तेमाल उन चुनौतियों से निपटने में करेंगे। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रशिक्षु आरक्षियों ने देश और राज्य सेवा का संकल्प तथा अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा, परिश्रम, हर्ष और नम्रता के साथ करने की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को जिंदगी की नयी शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह के हो रहे अपराध से निपटने की बड़ी चुनौती ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### प्रशिक्षण का इस्तेमाल अपने कार्यों में करें : डीजीपी सिन्हा

**डीजीपी** नीरज सिन्हा ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बदलते दौर में अपराधी नित्य नये तरीकों से अपराध को बढ़ावा दे रहें है। इनसे लोगों के बचाव के लिए आप अपने स्किल को अपडेट करते रहें। मुसाबनी के इस प्रशिक्षण केंद्र में आप सबों को फिजिकल ट्रेनिंग के साथ-साथ विभिन्न विषयों में भी शिक्षा प्रदान की गयी है, इन सभी प्रशिक्षणों का आप अपने कार्य में कुशलता से इस्तेमाल करें।

### 764 आरक्षी हुए प्रशिक्षित

**2019-20** सत्र के आईआरबी 1 से 5 के 764 प्रशिक्षु आरक्षियों ने सीटीसी स्वास्पुर, मुसाबनी प्रशिक्षण संस्थान से अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया। जिसमें आईआरबी-1 (जामताड़ा) के 345, आईआरबी-2 (मुसाबनी) के 101, आईआरबी-3 (चतरा) के 113, आईआरबी-4 (लातेहार) के 113, आईआरबी-5 (गुमला) के 92 प्रशिक्षु आरक्षियों ने भाग लिया। इनमें 260 महिला प्रशिक्षु आरक्षी एवं 504 पुरुष प्रशिक्षु आरक्षी शामिल हैं।

# इंजीनियर बनना कठिन

## इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का शुल्क 70 प्रतिशत तक बढ़ा

### 650 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये किया गया

### विदेशी के लिए तीन हजार से बढ़ाकर पांच हजार रुपये किया गया

**आरएनएम। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मुख्य का कार्यक्रम घोषित करते हुए इसका शुल्क 2022 की परीक्षा के मुकाबले 70 प्रतिशत ज्यादा कर दिया है। दूसरी ओर, जेईई-मुख्य 2023 के लिए जहां देश में परीक्षा केंद्रों की संख्या कम की है। वहीं, विदेश में परीक्षा केंद्र बढ़ा दिये हैं। 24 से 31 जनवरी, 2023 के बीच सात दिन होने वाली यह परीक्षा पहली बार चीन, रूस, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में भी आयोजित होगी। इसके लिये इंटर में पास होने का अंक प्रतिशत भी कोरोना काल (कम किया गया था) से पहले जैसा कर दिया है। जेईई मेन 2023 एनआईटी, आईआईआईटी और सीएफटीआई में प्रवेश के लिए योग्यता मानदंड इस तरह हैं -

**एनआईटी, आईआईआईटी, जीएफटीआई प्रवेश :** उम्मीदवार ने कक्षा 12 कम से कम 75 प्रतिशत (एससी, एसटी उम्मीदवारों के लिए 65 प्रतिशत) अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो या वे अपने बोर्ड के कक्षा 12 परीक्षा के शीर्ष 20 पर्सेंटाइल छात्रों में हों।

एनटीए की ओर से जारी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मुख्य के सूचना बुलेटिन के मुताबिक 2023 में किसी एक पेपर (बीई, टेक या बी आर्क या बी प्लानिंग) को देनेवाले सामान्य, सामान्य ईडब्लूएस, ओबीसी, नान क्रिमीलेयर श्रेणी के भारतीय पुरुष उम्मीदवारों को एक हजार रुपये का भुगतान करना होगा। जबकि 2022 की परीक्षा के दौरान यह शुल्क 650 रुपये था। यानी परीक्षा शुल्क में करीब 70 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। वहीं, अगले साल होनेवाली परीक्षा में किसी एक पेपर (बीई, टेक या बी आर्क या बी प्लानिंग) को देनेवाले सामान्य, सामान्य ईडब्लूएस, ओबीसी-नान क्रिमी लेयर श्रेणी के विदेशी पुरुष उम्मीदवारों को पांच हजार रुपये का भुगतान करना होगा। जबकि 2022 की परीक्षा के दौरान यह शुल्क तीन हजार रुपये था। 2023 में दो या तीन पेपर को देनेवाले सामान्य, सामान्य ईडब्लूएस, ओबीसी-नान क्रिमी लेयर श्रेणी के भारतीय पुरुष उम्मीदवारों को दो हजार रुपये का भुगतान करना होगा। जबकि 2022 की परीक्षा के दौरान यह शुल्क 1,300 रुपये था।



### देश में 399 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

**बुलेटिन** के मुताबिक 2023 की परीक्षा देश में 399 केंद्रों पर आयोजित होगी जबकि यही परीक्षा 2022 में 501 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। एनटीए ने देश में 2023 की परीक्षा के लिए केंद्रों की संख्या में 102 केंद्रों की कमी की है।

### विदेश में बढ़ायी गयी है परीक्षा केंद्रों की संख्या

**अगले** साल जनवरी में आयोजित होनेवाली इस परीक्षा के केंद्रों की संख्या विदेश में बढ़ायी गयी है। 2022 में जेईई मुख्य का आयोजन केवल 13 देशों में हुआ था। एनटीए ने 2023 की परीक्षा के लिए विदेश में 24 परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय किया है। चीन, रूस, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में यह परीक्षा पहली बार आयोजित होगी। इसके अलावा जेईई मुख्य का आयोजन बहरीन, श्रीलंका, कतर, यूएई, नेपाल, ओमान, सऊदी अरब, सिंगापुर, कुवैत, मलेशिया, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, आस्ट्रिया, ब्राजील, कनाडा, हांगकांग, मारिशियस, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड और वियतनाम में आयोजित होगी।

# कोरोना नये वेरिएंट के मद्देनजर सभी तैयारियां दुरुस्त रखें : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने कोविड-19 से बचाव को लेकर की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोविड-19 के नये वेरिएंट बीएफ.7 के बढ़ते प्रसार की आशंका के मद्देनजर राज्य में कोरोना वायरस से बचाव, रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा की। कोविड-19 के नये वेरिएंट से निपटने के लिए अस्पताल, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स, दवाइयों और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता के पुख्ता इंतजाम के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि कई देशों में पिछले एक सप्ताह से कोविड-19 के नये मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आनेवाले दिनों में हो सकता है कि कोविड केसों के मामलों में बढ़ोतरी हो, ऐसे में चिकित्सा व्यवस्था संबंधी सभी चीजों को अलर्ट मोड में रखें। स्थिति पर राज्य सरकार की पैनी नजर बनी रहे यह सुनिश्चित करें। कोविड-19 के नये मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा व्यवस्थाओं के प्रति हमें गंभीरतापूर्वक तैयार रहने की आवश्यकता है। तैयारी इस तरह रखें कि आपातकालीन स्थिति में अफरा-तफरी का माहौल न बने। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में अथक प्रयास एवं कोविड-19 के रोकथाम के उपाय युद्ध स्तर पर किये गये हैं। बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में अब तक कुल कोविड-19 ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




# कांग्रेस विधायक ममता देवी की विस सदस्यता समाप्त

### विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्यता का आदेश किया जारी

### हजारीबाग कोर्ट ने ममता को पांच साल की सुनायी थी कठोर कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रामगढ़ विधायक ममता देवी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गयी है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सोमवार को रामगढ़ विधायक ममता देवी की अयोग्यता का आदेश जारी कर दिया। ममता को हजारीबाग कोर्ट ने 13 दिसम्बर को फायरिंग के एक मामले में पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनायी थी। हजारीबाग विशेष अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश-4 पवन कुमार की अदालत ने



स्थानीय नेता राजीव जायसवाल के साथ अंतर्देशीय बिजली संयंत्र फायरिंग मामले में ममता देवी को भी दोषी ठहराया था। ममता को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 332, 326 और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। ममता देवी की विधायकी समाप्त होने के बाद अब रामगढ़ विधानसभा सीट खाली हो गयी है। अब भारत चुनाव आयोग छह महीने के भीतर उपचुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करेगा।

# तीनों निलंबित विधायकों से ईडी करेगी पूछताछ

**रांची।** झारखंड में सरकार गिराने की साजिश से जुड़े कैश कांड में ईडी कांग्रेस के तीनों निलंबित विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी से जल्द ही पूछताछ करेगी। ईडी ने इस मामले में 24 दिसम्बर को शिकायतकर्ता विधायक अनूप सिंह से तकरीबन दस घंटे पूछताछ की थी। पूछताछ में अनूप सिंह ने जो तथ्य एजेंसी को दिये हैं, उसका सत्यापन व मिलान तीनों आरोपी विधायकों से की जायेगी। ईडी के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी जल्द ही तीनों विधायकों को समन करेगी, तीनों को बुलाकर अलग-अलग पूछताछ की जायेगी। हावड़ा में तीनों विधायकों को जब गिरफ्तार किया गया था, तब उनके पास से पुलिस ने 48 लाख रुपये बरामद किये थे। जांच में यह बात सामने आयी थी कि विधायकों ने कोलकाता के ही शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से पैसे लिये थे।

# अपने घर में रखें तेजधार चाकू : प्रज्ञा सिंह ठाकुर

### हिंदुओं को उनपर और उनकी गरिमा पर हमला करनेवालों को जवाब देने का अधिकार

**एजेंसी। भोपाल**

भाजपा नेता और सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने सोमवार को एक बार फिर विवादित बयान दिया है। हिंदू



कार्यकर्ताओं की हत्या पर बात करते हुए कहा कि हिंदुओं को उनपर और उनकी गरिमा पर हमला करनेवालों को जवाब देने का अधिकार है। भोपाल की सांसद ने हिंदुओं से कम से कम अपने घरों में चाकू रखने की सलाह दी और कहा कि सभी को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। 'हिंदू जागरण वेदिका' के दक्षिण क्षेत्र के वार्षिक समारोह में प्रज्ञा ने कहा : उनके पास लव जिहाद की जिहादी की परंपरा है, अगर कुछ नहीं करते हैं तो लव जिहाद करते हैं। अगर वे प्यार भी करते हैं तो उसमें जिहाद करते हैं। हम (हिंदू) भी प्यार करते हैं, लेकिन हमारा प्यार भगवान से होता है। एक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत जोड़ो यात्रा | राहुल गांधी की छवि बदली, भाजपा अब उन पर पूरी शक्ति से कर रही हमले

# इन दिनों के न्यूजमेकर तो राहुल गांधी हैं

### राहुल के मेकओवर से बिलबिला गयी है भाजपा

### रविशंकर प्रसाद जैसे मंझे हुए राजनेता राहुल पर कर रहे हैं पलटवार

**आनंद सिंह। रांची**

राहुल गांधी मीडिया में छाए हुए हैं। उनके विरोधी हों या समर्थक मीडिया हाउस, उन्हें कवरेज मिल रहा है। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, न्यू मीडिया...सभी में राहुल गांधी मौजूद हैं। देश की तमाम समाचार एजेंसियों ने अपने कई स्टाफ परमानेंट भारत जोड़ो यात्रा को कवर करने के लिए लगा रखे हैं। कई अखबारों के संपादक राहुल गांधी के साथ चल रहे हैं। लगभग 3100 किलोमीटर की यात्रा कर चुके भारत यात्री अभी सुस्ता रहे हैं। 3 या 4 जनवरी को ये फिर से यात्रा पर निकल लेंगे।

राहुल गांधी की छवि बदल रही है। उनके बोलने का अंदाज बदल रहा है। पब्लिक से इंट्रैक्शन का तरीका बदल रहा है। वह ठोक-बजा कर फैक्ट रख रहे हैं। वह अब दाल को केजी में ही बोल रहे हैं, लीटर में नहीं। उनके इस मेकओवर से भाजपा बिलबिला गयी है। जिस तरीके से राहुल प्रधानमंत्री पर हमला कर रहे हैं और जिस तत्परता के साथ रविशंकर प्रसाद जैसे मंझे हुए राजनेता आकर उसका पलटवार कर रहे हैं, उससे साफ पता चल रहा है कि राहुल के एक-एक शब्द काम कर रहे हैं। अन्यथा इतनी तेज पलटवार का और क्या मतलब हो सकता है।

राहुल लगातार वाइट टी-शर्ट और ब्लू या ब्लैक जींस में तेज कदमों से भारत यात्रा में चल रहे हैं। मीडिया के लोगों की दिलचस्पी यह जानने में है कि इतनी कड़ाके की ठंड में राहुल गांधी कैसे बिना स्वेटर, जैकेट या इनर के रह रहे हैं। यह असामान्य नहीं है। बनारस के एक बड़े अखबार में एक सीनियर रिपोर्टर काम करते हैं। उन्होंने पिछले ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### हर बार तीन लोग होते हैं राहुल के निशाने पर

**राहुल** के निशाने पर हर बार तीन लोग होते हैं। पहले-प्रधानमंत्री, दूसरे-अंबानी और तीसरे-अडानी। उन्हें जब भी बोलना होता है, वे तीनों पर एकसाथ वार करते हैं। दिल्ली में लाल किले से उन्होंने कहा भी कि यह मोदी जी की सरकार नहीं है। यह अंबानी-अडानी की सरकार है। जाहिर है, पटकथा कोई भी बुनी जाए, राहुल पूरी ताकत के साथ इन तीनों पर हमला करते हैं। शब्दों का चयन बेहद तीखा होता है। अब उन्हें भी इसी तीखेपन से जवाब मिल रहा है। इन आरोपों-प्रत्यारोपों, भारत जोड़ो यात्रा या राहुल की टी-शर्ट से लेकर चलने, मां के जूते के फीते बांधने से संबंधित खबरों-तस्वीरों को मीडिया ने वक्त-बे-वक्त पूरी तवज्जो दी है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ी गतिविधियां देश के हर अखबार, हर चैनल, हर यूट्यूब पर सकारात्मक और नकारात्मक तरीके से प्रकाशित-प्रसारित होती रही हैं-हर रोज। इसीलिए इन दिनों राहुल गांधी न्यूजमेकर बने हुए हैं, ना कि प्रधानमंत्री मोदी।

# ठंड आते ही बढ़ जाती है फ्लू के मरीजों की संख्या

### 25-30 प्रतिशत मामले कोविड पॉजिटिव में बदल जाते हैं

### सांस के बढ़ते मरीज खतरे की घंटी, कोविड के नये खतरे की आशंका

**आरपी सिंह। नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने फिर कोविड के बढ़ते खतरे के मद्देनजर सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने व अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों पर निगाह रखने का निर्देश दिया है। क्योंकि यदि देश के कुछ क्षेत्रों में कोरोना से संबंधित अस्पताल में भर्ती होने या सांस के मरीजों में अचानक उछाल आता है, तो यह खतरे का संकेत होगा। इसलिए रोगियों की संख्या में किसी भी असामान्य वृद्धि को लेकर सतर्क रहना होगा। इसके अलावा राज्य अस्पतालों में कोरोना संक्रमण के मामलों पर भी नजर



रखना होगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बीते शुक्रवार को कोविड-19 के प्रबंधन और टीकाकरण की समीक्षा के लिए राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में कहा था कि अस्पतालों में निगरानी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि राज्यों में सीवेज और अपशिष्ट जल की निगरानी पर भी जोर दिया जाना चाहिए ताकि मल परीक्षण के जरिये वायरस का संक्रमण का पता लगाकर, समय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली में रांची पुरुलिया मार्ग पर रविवार को देर रात हुए एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गयी है. मृतकों में पश्चिम बंगाल तुलिन ओपी क्षेत्र के बनडीह निवासी 21 वर्षीय सुमन महतो एवं उहूपीडी गावं का 22 वर्षीय राजू महतो शामिल है। यह घटना रांची पुरुलिया मार्ग पर सिल्ली के बूढाम निकट घटी है।

### परिवारवादी सबसे बड़े सामंती : दीपक प्रकाश

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री के सामंती सोच वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रकाश ने कहा कि परिवारवादी राजनीति सामंतवाद का दूसरा नाम है। उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ता पर काबिज ठगबंधन के दल परिवारवादी सामंती सोच से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि अपनी नाकामियों ,विफलताओं के साथ भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने केलिए मुख्यमंत्री जी अपने उल्टे सीधे बयानों से जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

### बीएयू समर्थित फार्मर प्रोडूसर कंपनी की बैठक

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा समर्थित कांके ब्लाक 4एस4आर फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रखंड में छोटे एवं मझौले किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने की पहल की जा रही है। कांके प्रखंड के सदस्य किसानों (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) द्वारा संचालित इस कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सुकुरहुटू स्थित कंपनी कार्यालय में संपन्न हुआ। बीएयू फार्मर प्रोडूसर आगेर्नाइजेशन के परियोजना अन्वेंषक डॉ बीके झा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कंपनी के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गयी।

### रिम्स में तैनात सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन को हटाने की तैयारी

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में काम करने वाले सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन की सेवा समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने का मांग की है। गौरतलब है कि सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से पिछले 22 सालों से रिम्स की सुरक्षा और मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं।

### रांची समाहरणालय में कर्मचारियों की कमी

**रांची।** रांची समाहरणालय में कर्मचारियों की काफी कमी है। समाहरणालय के स्वीकृत पद पर आधे से कम कर्मचारी ही विभिन्न कार्यालयों में अपनी सेवा दे रहे हैं। जिस कारण उनपर काम का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। लेकिन कई सालों से ऐसा ही चल रहा है।

### बेड़ो में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**बेड़ो।** ग्रामीण क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार ने आये दिन लोगों को चपेट ले रही है। हालांकि सरकार ने इस पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीण प्रशासन को भी इसकी दिहायत दे दी है। लेकिन अब उस पर किसी तरह का अंकुश नहीं लग पाया है। शहरों में भी दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कुछ इसी तरह का मामला रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित जरिया गांव के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से इसी थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी 22 वर्षीय युवक मेराज राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### विशेष पूजा अनुष्ठान कर श्रद्धालुओं के बीच खीर का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखण्ड क्षेत्र के हुटार गांव स्थित श्री साईं चावड़ी मंदिर में विगत रविवार को संस्थापक सुशील सिंह के द्वारा साईं चावडी में विशेष पूजा अनुष्ठान कर श्रद्धालुओं के बीच खरी प्रसाद का वितरण किया गया।

## गांव में मसाले की खेती को बढ़ावा देगा बीएयू

# किसानों को खेती का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर उद्यान वैज्ञानिक एवं परियोजना अन्वेंषक (मसाला फसल) डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने वीर बुधु भगत के गांव सिलागाई का भ्रमण किया। रांची के चान्हो प्रखंड स्थित इस गांव में करीब 950 परिवार निवास करते है और करीब 52 प्रतिशत आबादी उरांव जनजाति परिवार के हैं। डॉ. तिवारी ने गांव में जाकर गुरिल्ला युद्ध के कुशल योद्धा एवं कुल विद्रोह के नायक वीर बुधु भगत के परिजनों से भेंट कर नमन किया। गांव में आधुनिक कृषि तकनीक के प्रसार के लिए कुलपति के भावना से अवगत कराया। डॉ. तिवारी ने प्रमुख किसानों के साथ पुरे गांव का भ्रमण किया। गांव में कृषि की स्थिति का अवलोकन किया और जरुरी जानकारियां प्राप्त की। ग्रामीणों के साथ भ्रमण के दौरान डॉ. तिवारी ने गांव के एक किसान राम किशुन उरांव के खेत में अदरख फसल की खेती देखा और उन्होंने अदरख के खेत में ही किसानों को एकत्र कर फील्ड डे मनाया। मौके पर डॉ. तिवारी ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे शोध एवं प्रसार गतिविधियों एवं किसानोपयोगी सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि विश्वविद्यालय अंतर्गत निदेशालय अनुसंधान द्वारा उद्यान विभाग में संचालित आईसीएआर- अखिल भारतीय समन्वित मसाला फसल परियोजना कार्यरत है। परियोजना के अधीन जनजातीय किसानों के बीच मसाला फसलों की उन्नत खेती तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने वीर बुधु भगत के गांव सिलागाई में किसानों की आजीविका सुरक्षा के लिए आधुनिक खेती पर शोध एवं प्रसार कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया है। गांव मां उद्यानिक फसलों में विशेषकर धनिया, मैथी, अजवाईन, हल्दी एवं अदरख की खेती की काफी संभावनाएँ है।



वैज्ञानिक प्रबंधन से मसाला फसलों की व्यावसायिक खेती को अपनाकर स्थानीय किसान बढ़िया लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने ग्रामीण उत्पाद एवं मसाला की खेती की संभावना को देखते हुए मौजूद ग्रामीणों से गाँव में मसाला की खेती को बढ़ावा देने में सहयोग देने की अपील की। ग्रामीणों ने विश्वविद्यालय द्वारा गांव में आधुनिक कृषि के प्रसार में सहयोग देने की बात कही।

## कोरोना के साथ सामान्य फ्लू का संक्रमण भी लगा डराने

**रांची।** कोरोना के बढ़ते मामले के बीच सामान्य फ्लू का संक्रमण लोगों को डराने लगा है। सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित लोग ए-सिम्टोमेटिक मानकर सरकारी और निजी अस्पताल में परामर्श लेने पहुंच रहे हैं। वहीं, अस्पतालों के ओपीडी में पहुंचे 40 फीसदी मरीज सामान्य फ्लू से पीड़ित ही हैं। रिम्स के मेडिसिन विभाग में 180 से 200 मरीजों में से करीब 70 मरीज सामान्य फ्लू से पीड़ित वाले ही हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि डॉक्टरों की जांच में ऑक्सीजन सेचुरेशन और छाती में संक्रमण ज्यादा नहीं मिल रहा है, जिससे अभी खतरा ज्यादा नहीं है। ऐसे मरीजों को ओपीडी से ही दवा देकर घर भेज दिया जा रहा है। मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ विद्यापति ने बताया कि ठंड के मौसम को हेल्दी मौसम माना जाता है, लेकिन कुछ दिनों से सामान्य फ्लू के मरीज अचानक बढ़ गये हैं। इन मरीजों को ए-सिम्टोमैटिक मानकर ही इलाज करना होगा, क्योंकि दवाएं एक तरह की हैं।

## तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने इलाज कराएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से मारवाड़ी भवन मे आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने घुटने का दर्द, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी डायबिटीज तथा अन्य रोगों का इलाज डॉ छैल बिहारी शर्मा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया। उन्होंने कहा की हताश, निराश, असहाय वर्षों से बीमार दवाइयां खा खा कर परेशान उम्र भर तिल-तिल मरने को मजबूर, जो मान बैठे हैं कि मैं कभी ठीक नहीं हो सकता ऐसे असफल लोगों को आशा एवं चिकित्सा की किरण बने उनके जीवन में उत्साह उमंग एवं स्वास्थ्य प्रदान प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कर रही है। उन्होंने लोगों से रहन- सहन, खान-पान, आहार-विहार, आचार विचार पर विशेष ख्याल रखने की बात कही। दूसरे दिन प्राकृतिक चिकित्सा शिविर से लोगों को उपचार से बड़ी राहत महसूस हो रहा है। कार्यक्रम में- मारवाड़ी सहायक समिति अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, मनीष लोधा, अनिल अग्रवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकास कुमार अग्रवाल, रोहित पोद्दार, आदि के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# अहिबरन जयंती सह पारिवारिक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बरनवाल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी गौरवमयी परंपरा के अनुरूप महाराजा अहिबरन जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर सोमवार को कार्निवाल बेंकेट हॉल, रांची में अहिबरन जयंती-सह-पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची के गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित हुए। समारोह का संपूर्ण आयोजन बरनवाल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. टी.पी. बरनवाल के मार्ग-निर्देशन में संपन्न हुआ।ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा महाराजा अहिबरन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर महिलाओं एवंबच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।




डॉ. टी.पी.बरनवाल के अध्यक्षीय भाषण द्वारा समाज के लोगों से आग्रह किया गया कि जो व्यक्ति समाज में दबे-कुचले एवं अत्यंत पिछड़े हुए हैं, उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ें एवं उनकी यथासंभव मदद करें। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष श्री अरविन्द कुमारद्वारा ट्रस्ट का वार्षिक लेखा प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन शम्भू लाल बरनवाल एवं अलका बरनवाल द्वारा किया गया।कवयित्री खुशबू बरनवाल ने तलाक कीबढ़ती हुईसंख्यापर चिंताजताते हुए काव्यपाठ किया।

## अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की जरूरत : सीपी सिंह

**नामकुम।** अखिल भारतीय हयूमन राइट्स ऑरगनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सदाबहार चैक स्थित सुलोचन कम्लेक्स में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मुख्य अतिथि में पूर्व मंत्री सह रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप व दिनेश कुमार किनू शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही आवाज उठाने की जरूरत है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स मारवाड़ी सहायता समिति को दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच ने डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स मारवाड़ी सहायक समिति को दिया, जिसकी संचालन मारवाड़ी सहायक समिति के द्वारा की जाएगी। मंच के अध्यक्ष विकाश अग्रवाल,सचिव विकास अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया की मंच हमेशा जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा खड़ा रहता है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स मारवाड़ी सहायक समिति के कार्यालय से सम्पर्क कर ले सकते है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के संयोजक नीरज अग्रवाल थे। उपरोक्त जानकारी मंच के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अमित शर्मा ने दी। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, अशोक लाठ, विशाल पड़िया, दीपक गोएनका, मनीष लोधा, चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, सह सचिव रोहित पोद्दार, विकाश गोयल, रोहित सरावगी, अमित सेठी, सिद्धांत तोदी, विमल अग्रवाल अन्य मौजूद थे।

## रांची के मोरहाबादी में 28 से खादी मेला लगेंगे 320 स्टॉल

**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन 28 दिसंबर से आठ जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन 28 दिसंबर की शाम चार बजे करेंगे। पहले दिन प्रवेश निःशुल्क है। कुल आठ सेक्शन में 320 स्टॉल लगाये जायेंगे। इसमें खादी और सरस से जुड़े स्टॉल रहेंगे। यह जानकारी झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा ने दी। इसमें 320 स्टॉल लगेंगे।

## हुटार गांव स्थित श्री साईं चावड़ी मंदिर में हुआ खीर का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखण्ड क्षेत्र के हुटार गांव स्थित श्री साईं चावडी मंदिर में विगत रविवार को संस्थापक सुशील सिंह के द्वारा साईं चावडी में विशेष पूजा अनुष्ठान कर श्रद्धालुओं के बीच खिर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर सुशील सिंह ने कहा की साईं चावड़ी मंदिर शिरडी साईं मंदिर का ही एक रूप है। मंदिर में साईं बाबा की प्रतिमा स्थापित करना बाकी है। अगामी मार्च 2023 तक बाबा का प्रतिमा भी स्थापित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि साईं चावडी मंदिर निर्माण के समय मंदिर के मेन गेट पर बिजली के पोल खड़ा होने से बड़ा दुर्घटना होने की सम्भावना बड़ गया है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन०आर०ई०पी०–1, राँची

(Notice)
शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06/ 2022–23 प्रकाशन हुआ था जिसका PR.No. – 285828 (NREP) 22-23 (D) जिसमें परिमाण विपत्र का मूल्य, ग्रुप सं0 02,11, 12,13 ,16,18,19,20, भूलवश कम हो गया है जिसे सुधार करते हुये 5000 /– (पाँच हजार) रु0 का परिमाण विपत्र मूल्य पढ़ा जाय। एवं ग्रुप सं0 03,04,05,06,07,08,09,10,17 भूलवश कम हो गया है जिसे सुधार कर 2500/–(पच्चीस सौ) रु0 एवं ग्रुप सं0 12 में प्राक्कलित राशि 14,62,200/– के स्थान पर प्राक्कलित राशि 24,62,200/– सुधार करते हुए पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0–1, रांची।

PR.NO.285990 NREP(22-23):D



JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9471006062 e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

Corrigendum- 3

PR. No.: 282327
NIT No.: JUIDCO/NIT/Simdega UWSS/22/515
Tender ID: 2022_UDD_63104_1
Project Name: Simdega Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance.

| S.No. | Clause No. | Description | As per Corrigendum - 1 | As per Corrigendum - 3 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date & Time of Bid Submission | 26.12.2022 17:00 Hrs. | 04.01.2023 17:00 Hrs. |
| 2. | | Last Date & Time of submission of Tender Fee and EMD | 27.12.2022 17:00 Hrs. | 05.01.2023 17:00 Hrs. |
| 3. | | Date & Time of Bid Opening | 27.12.2022 17:30 Hrs. | 05.01.2023 17:30 Hrs. |

Sd/-
Project Director (Technical)JUIDCO Ltd.

PR 286017 Urban Development(22-23)D



कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला विकास शाखा)

निविदा संख्या:- 04/2022-23 दिनांक. 24/12/2022

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद निधि से राँची विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत दो अदद् TATA YODHA 1200 PICKUP BS 6 E.S.P (Fabrication सहित) शव वाहन के क्रय /आपूर्ति हेतु टाटा कम्पनी के Authorised Dealers/Fabricators से दिनांक 04/01/2023 को 01.00 बजे अपराहन् तक मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबंद निविदाएं उसी तिथि को अपराह्न 03.00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष अधिकृत विक्रेता या उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जायेगी।

निविदा की शर्तें राँची जिला के वेबसाईट : https://ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
राँची

PR 285951 (District)22-23*D



कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 27/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :- दिनांक 02/01/2023 एवं 03/01/2023 (अपराहन 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 04/01/2023 को (अपराहन 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 04/01/2023 को अपराहन 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :- 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :- पर्यटन/ SCA/ DMFT मद

कार्य की विवरणी

| क्र0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पर्यटन | भरनो प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य। | भरनो | 6758400.00 | 10000.00 | 135200.00 | 9 माह |
| 2 | SCA | Reading Library For Paramvir Albert Ekka, At-Jari | जारी | 8810327.00 | 10000.00 | 176300.00 | 9 माह |
| 3 | DMFT | Construction of Library at Chainpur, Dist-Gumla, Jharkhand | चैनपुर | 8810327.00 | 10000.00 | 176300.00 | 9 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता
जिला परिषद, गुमला

PR 285998 Rural Development (22-23)_D



Office of Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

Very Short Tender e-Procurement Notice
(1st Call)

Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/14/2022-23(1st Call) Date :- 24.12.2022

1. Name of Work-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 202 2-23 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-15 | 01 | 1679 | 653.12 | 06.66 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-16 | 02 | 1798 | 709.02 | 07.10 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-17 | 03 | 2141 | 764.69 | 07.66 | 10,000.00 | 09 Months |
| 4 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-18 | 02 | 1519 | 589.59 | 05.90 | 10,000.00 | 09 Months |
| 5 | HZB/SVS_Cluster/ BARKAGAON-19 | 03 | 2030 | 766.83 | 07.70 | 10,000.00 | 09 Months |
| 6 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-20 | 02 | 1755 | 682.39 | 06.83 | 10,000.00 | 09 Months |
| 7 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-21 | 02 | 2696 | 983.88 | 09.84 | 10,000.00 | 09 Months |
| 8 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-22 | 01 | 1965 | 756.42 | 07.60 | 10,000.00 | 09 Months |
| 9 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-23 | 01 | 1324 | 525.14 | 05.30 | 10,000.00 | 09 Months |
| 10 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-24 | 02 | 2383 | 938.59 | 09.40 | 10,000.00 | 09 Months |
| 11 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-25 | 01 | 1413 | 556.69 | 05.60 | 10,000.00 | 09 Months |
| 12 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-26 | 01 | 1655 | 647.34 | 06.50 | 10,000.00 | 09 Months |
| 13 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-27 | 01 | 1704 | 667.19 | 06.70 | 10,000.00 | 09 Months |
| 14 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-28 | 02 | 2398 | 943.89 | 09.44 | 10,000.00 | 09 Months |
| 15 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-29 | 01 | 1400 | 551.93 | 05.52 | 10,000.00 | 09 Months |
| 16 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-30 | 01 | 1397 | 551.90 | 05.52 | 10,000.00 | 09 Months |
| 17 | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA-31 | 01 | 1331 | 523.55 | 05.24 | 10,000.00 | 09 Months |
| 18 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-36 | 01 | 1307 | 512.30 | 05.10 | 10,000.00 | 09 Months |
| 19 | HZB/SVS_Cluster/ PADMA-37 | 01 | 1253 | 495.56 | 05.00 | 10,000.00 | 09 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:- 29.12.2022 up to 02:00 PM |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:- 04.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 05.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5. | Date of opening tender | Date:- 06.01.2023 upto 03.00 PM |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 285962 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

NEWS इन ब्रीफ

### दो दिवसीय लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, सोसाइटी फॉर रूरल, अर्बन एंड ट्राइबल इनिशिएटिव और वसुंधरा के साथ साझेदारी में दो दिवसीय लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, गुजरात और 10 अन्य राज्यों और कई क्षेत्रों के 150 से अधिक प्रमुख वन आधारित समुदायों, उद्योग, सरकार, शिक्षा और अनुसंधान, नागरिक समाज और गैर-सरकारी संगठनों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया। कार्यक्रम में एक मजबूत और टिकाऊ वन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी।

### पुलिस ने शराब की भट्ठी, पांच क्विंटल महुआ जावा नष्ट किया

**रांची।** सिकिदिरी पुलिस ने कुच्चू पंचायत के कटहलटोली में सोमवार को छापेमारी कर शराब की भट्ठी और पांच क्विंटल महुआ जावा नष्ट कर दिया। वहीं शराब बनाने के लिए रखा गया बर्तन तोड़कर फेंक दिया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब बनानेवाले भाग निकले।

### वीर बाल दिवस पर याद किए गए साहिबजादे

**रांची।** अपर बाजार में सोमवार को सूरज संगम की ओर से वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गुरु गोबिंद सिंह के बेटों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद किया गया। पंजाबी समाज के अंचल किंगर ने कहा कि हमें अपने इतिहास को नहीं भूलना चाहिए। संगठन के संस्थापक शंकर प्रसाद ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार धर्म की रक्षा के लिए शहीद हो गया। उन्होंने सरकार से स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रमों में उनकी जीवनी को शामिल करने की मांग की।

### एक्वा वर्ल्ड में सात दिवसीय कार्निवाल आज से

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर की ओर से सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवाल का उद्घाटन मंगलवार को होगा। तारा झा और इंदु देवी मेले का उद्घाटन करेंगी। मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, सचिंद्र सिंह, मोहित व स्वप्निल मिश्रा इस दौरान मौजूद रहेंगे।

### ईपीएफओ के नॉमिनी को मिलेगा बीमा लाभ

**रांची।** अगर आप ईपीएफओ के सदस्य हैं यानी इम्पलॉयी प्रोविडेंट फंड में कंट्रीब्यूट कर रहे हैं तो आपको लाइफ इंश्योरेंस यानी बीमा कवर का भी लाभ मिलेगा। इस स्कीम को इंप्लॉइज डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस या ईडीएलआई कहते हैं। इस स्कीम के तहत ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स को लाइफ इंश्योरेंस बेनिफिट यानी एकमुश्त बीमा राशि प्रदान करता है।

## नशे में धुत्त युवक-युवतियों का सड़क पर हंगामा

# विडोरा बार को भेजा गया नोटिस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रविवार देर रात प्लाजा चौक के पास जमकर हंगामा हुआ है। रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित प्लाजा चौक पर नशे की हालत में युवक और युवतियों ने काफी देर तक बवाल काटा। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक और युवतियां हो-हंगामा करती दिख रहीं थी। हंगामे की वजह से थोड़ी देर के लिए चौक पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि बवाल करने वाले युवा प्लाजा चौक स्थित विडोरा बार एन्ड लाउंज से शराब पीकर निकले थे। नशे की हालत में ही युवक और युवतियों का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद



इतना बढ़ गया कि नशे में धुत लड़के-लड़कियों ने सड़क पर ही हंगामा शुरू कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता नवीन कुमार ने अपने क्लाइंट सुनील सिंह की ओर से जिला प्रशासन, उत्पाद विभाग और विडोरा रूफटॉप लाउंज को एक बार फिर रिमाइंडर लीगल नोटिस भेजा है। लीगल नोटिस में कहा गया है कि शहर में बिना नियमों का पालन किये कई रूफ टॉप बार और लाउंज संचालित किये जा रहे हैं। जहां कम उम्र के युवक-युवतियों को शराब परोसा जा रहा है। बता दें कि रूफ टॉप बार, रेस्टोरेंट और हुक्का बार के नियम विरुद्ध संचालन को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दाखिल की गई है। इस तरह से आये दिन शराब की नशा में लोगों का सड़क के बीच रातों में हंगामा करना ठीक नहीं होता है। इसपर प्रशासन को भी रोक लगाना चाहिए नहीं तो स्थिति और भी बदत्तर हो जायेगा।

## सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित न करें : बाबूलाल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित नहीं करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखा है कि धनबाद श्वेताम्बर जैन संघ एवं कई अन्य श्वेताम्बर जैन संगठनों का प्रतिनिधिमंडल इस बाबत उनसे मिला था। बाबूलाल ने लिखा है कि सम्मेद शिखर जी जैन समुदाय के 20 तीर्थंकरों और अनन्त संतों की मोक्षस्थली है और यह पवित्र भूमि जैन समाज के लोगों की भावनाओं से जुड़ी हुई है एवं पूरे विश्व के जैन समाज के लोगों की आस्था से भी जुड़ी हुई है। जैन समाज के लोगों ने आग्रहपूर्वक कहा है कि यह पवित्र भूमि पर्यटक स्थल घोषित नहीं हो। यदि यह पर्यटक स्थल घोषित किया जाता है तो इस पवित्र भूमि पर मांस-मदिरा की बिक्री शुरू हो जाएगी, जिससे इस पवित्र जैन धर्म तीर्थस्थली की पवित्रता भी भंग होगी।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड जल छाजन योजना के तहत तीन दिवसीय डीपीआर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन जलछाजन योजना को समझाया गया तथा जल स्तर सुधार के लिए विभिन्न उपायों को बताया गया। 5 पंचायत के 13 गांव के 50 से अधिक लाभुकों ने भाग लिया तथा सोशल चार्ट बनाकर प्रदर्शित भी किया। इस कार्यमक्रम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काफी लाभ पहुंचने की संभावना बतायी जा रहा है। जब तक हमारा ग्रामीण क्षेत्र विकसित नहीं होग तब तक विकास की कल्पना बेकार है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला तकनीकी विशेषज्ञ बुद्धदेव पाल, जूनियर इंजीनियर अजीत यादव, सामाजिक उत्प्रेरक अनिल प्रसाद, ट्रेनर चंदन यादव और चंद्रेशवर ओझा और कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्य चार पंचायत के 13 गांव के लोग उपस्थित हुए है।

## सदर अस्पताल में कूल्हे का किया गया सफल प्रत्यारोपण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी स्थित सदर अस्पताल में सोमवार को इचागढ़ निवासी 35 वर्षीय अहमद रजा के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण शहर के जाने-माने ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ.एस अली ने किया। इस संबंध में डॉ.अली ने बताया कि इचागढ़ निवासी मरीज अहमद रजा कूल्हे (हिप ज्वाइंट) के फ्रैक्चर से परेशान था। कई जगहों पर दिखाने के बाद वह सदर अस्पताल में डॉ.एस अली के संपर्क में आया। उन्होंने मरीज को कूल्हे के प्रत्यारोपण की सलाह दी। मरीज व उनके परिजनों की सहमति पर डॉ.एस अली ने आयुष्मान भारत योजना के तहत अहमद रजा के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया। मरीज के ऑपरेशन में निश्चेतक (एनेस्थेटिस्ट) डॉ. नीरज कुमार सहित पारा मेडिकल टीम ने सहयोग किया। डॉ. अली ने बताया कि सदर



अस्पताल में हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने में सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार और अधीक्षक डॉ.एके खेतान का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि अमूमन कूल्हे के प्रत्यारोपण में मरीजों को निजी अस्पतालों या अन्यत्र इलाज कराने पर दो से ढाई लाख रुपए का खर्च आता, लेकिन आयुष्मान भारत योजना के तहत उक्त मरीज के कूल्हे का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक बगैर खर्च के किया गया। गौरतलब है कि नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ.एस अली को आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिकतम मरीजों का इलाज करने के लिए सम्मानित किया है।

## स्कूल में नियमों का पालन नहीं, साक्षरता विभाग बेहद गंभीर

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में ज्ञानसेतु और एफएलएन की वर्कबुक का इस्तेमाल स्कूलों में नहीं हो पा रहा है। नियमों का पालन नहीं होने पर इसे स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने गंभीरता से लिया है और नाराजगी जताई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिलों को इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। राज्य के प्रारंभिक स्कूलों में पहली से तीसरी के छात्र-छात्राओं को एफएलएन की कार्यपुस्तिका दी जाती है, जबकि चौथी से आठवीं के बच्चों को ज्ञानसेतु का वर्कबुक किया जाता है। शिक्षा विभाग की ओर से गठित टीमों के स्कूलों के निरीक्षण में यह सामने आया है कि स्कूलों में वर्कबुक तो उपलब्ध है, लेकिन छात्र-छात्राओं के बीच बांटकर उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। कई स्कूलों में यह भी देखने को मिला कि ये कार्यपुस्तिका बच्चों को सिर्फ स्कूल में ही दी जाती है और फिर उनसे वापस ले ली जाती है।

## 108 महीने पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा रांची द्वारा संचालित और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित अन्नपूर्णा सेवा के 108 महीने पूरे होने एवं दसवें वर्ष में प्रवेश पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एफजेसीसीआई अध्यक्ष किशोर मंत्री, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, पूर्व मंत्री झारखंड सरकार रामजी लाल, पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह रांची विधायक सीपी सिंह, उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं अन्य सामाजिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित होकर इस सेवा कार्य की प्रशंसा की। सभा अध्यक्ष शिव शंकर साबू ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि समाज के सभी लोगों के सहयोग समाज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा 25 दिसंबर 2013 को शुरू हुई।



अन्नपूर्णा सेवा से मात्र 10 में उच्च गुणवत्ता युक्त से 6 रोटी, सब्जी, अचार खाना दोपहर और रात्रि को प्रतिदिन दिया जाता है। 108 महीना (9 वर्ष) पूरा कर 10वें वर्ष में प्रवेश किया। नागरमल मोदी सेवा सदन के पास माहेश्वरी भवन के सामने संचालित की जाती है। 108 महीने पूरे करने पर जिन समाज बंधुओं ने इसके स्थापना काल में सहयोग करनेवाले सहयोगी को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इस सेवा प्रकल्प की सोच समाज को देने वाले स्वर्गीय मधुसूदन माहेश्वरी के परिवार को, तत्कालीन अध्यक्ष राजकुमार मारू और तत्कालीन सचिव मुकेश काबरा, इसे कार्यरूप देने वाले स्वर्गीय भगवान दास काबरा के परिवार को, श्री वासुदेव लाल भाला, संचालन करने में प्रमुख भूमिका के लिए नरेंद्र लाखोटिया, स्व.बजरंग लाल साबू के परिवार को सर्वश्री प्रेम संस मोटर के प्रबंधक पुनीत पोद्दार ,सर्वश्री क्राफ्ट के प्रबंधकश्री राजेश संजीव चितलांगिया, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल एवं स्वर्गीय पवन सराफ के परिवार को सम्मान फलक एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया।

## 29 सूत्री मांगों को लेकर मजदूर यूनियन का धरना-प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने रांची के दरभंगा हाउस के समक्ष धरना दिया। 29 सूत्री मांगों को लेकर यूनियन ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन अध्यक्ष फागु बेसरा ने कहा कि गरीब की जमीन ली गई है, तो उन्हें नौकरी देनी होगी।15 जनवरी तक मजदूरों की बात नहीं सुनी गई तो पूरे राज्य में चक्का जाम किया जाएगा। मजदूरों के हक और अधिकार की बातें नही सुनीं गई तो पूरे राज्य के कोयला मजदूर हड़ताल पर जाएंगे। बेसरा ने कहा, जीएम लैंड भूमि को चिन्हित कर सत्यापित किया जाये। इसके लिए कैंप लगाया जाये, ताकि काम जल्द पूरा हो सके। सीसीएल प्रबंधन की ओर से लोगों को पानी बिजली, शिक्षा की सुविधा मुहैया नहीं करायी जा रही है। इसे जल्द से जल्द दिया जाये। जोनल संगठन सचिव आरएन सिंह ने कहा कि कोयले की ढुलाई भारी वाहनों से होती है।

### यंग इंडियन ने कोरोना को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

# 150 लोगों ने लिया बूस्टर डोज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** यंग इंडियन के रांची चैप्टर ने आज सदर अस्पताल के सहयोग से कोविड टीकाकरण जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत सदर अस्पताल में कोविड का बूस्टर डोज के लिए कैम्प लगाया गया। इसमें 150 लोगों ने रजिस्टर करा कर बूस्टर डोज लिया। सीआईआई की अनुसांगिक इकाई है 'यंग इंडियन' की यह पहल लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि चीन में नए सिरे से कोरोना महामारी फैल रही है। इसके मद्देनजर भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार ने गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत सामाजिक दायित्व निभाने हेतु यंग इंडियन के राँची चैप्टर के चेयरपर्सन हर्ष पसारी एवं सहचेयर पर्सन निखिल अग्रवाल ने यह पहल की है। हर्ष पसारी ने बताया कि यंग इंडियन के



राँची चैप्टर द्वारा कई अन्य कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इसके तहत प्लास्टिक उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा हेतु अभियान, दिव्यांग लोगों के लिए योजना, बालिकाओं के स्वास्थ्य जाँच इत्यादि कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। युवा वर्ग कैसे समाज से जुड़े और सामाजिक कार्यों में रुचि ले इस हेतु हम सब लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर सदर अस्पताल की नर्स पूनम शर्मा, चंदा कुमारी तथा राँची चैप्टर के निवर्तमान चेयर श्री विकास सिन्हा, सदस्य राहुल मजूमदार, सुरेश कयाल, राहुल मारू, बीरेन्द्र रोहतगी, हर्षित बधानी, मुकेश विश्वकर्मा, धीरेन्द्र राठी सहित अन्य लोगों ने शिविर की सफलता में अपना योगदान दिया।

## अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चला अभियान

**रांची।** रांची एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। सोमवार को अंबाटोली में छापेमारी कर लगभग 3 जावा महुआ नष्ट किया है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि थाना क्षेत्र के कई इलाकों में अवैध शराब बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। जिसके खिलाफ आज सुबह कार्रवाई करते हुए लगभग 3 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर अवैध महुआ शराब कारोबारी नहीं सुधारते हैं। तो पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी।

## सीपीआई राज्य कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 98वां स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अल्बर्ट एक्का चौक रांची स्थित राज्य कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 98 वें स्थापना दिवस समारोह वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता प्रताप मलिक की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम जेपी झा के द्वारा झंडोत्तोलन कर शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समारोह की शुरूआत की गई। स्थापना दिवस समारोह में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी । तब से लेकर अब तक किसानों मजदूरों के हक और अधिकार के लिए हमारे पार्टी के हजारों कार्यकताओं ने शहादत दिया। सैकड़ों लोग जेल की




सलाखों में मर गए। आजादी की लड़ाई में तो भूमिका रहा ही आजादी के बाद भी शोषित पीड़ित दलित दबे कुचले लोगों की आवाज को बुलंद करने में हमारी पार्टी की अहम भूमिका रही है। आने वाले दिन में पार्टी को मजबूत बनाने 2024 के लोकसभा और विधानसभा की चुनाव में मुस्तैदी से चुनाव को लड़ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेकर गांव गांव में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। समारोह को वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता बाबूलाल झा के द्वारा कम्युनिस्ट पार्टी के लंबे संघर्ष की इतिहास की गाथा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए भारतीय ने बड़ी कुबार्नी दी है। लेकिन वैसे लोग सत्ता सीन है, जिसने अंग्रेजों की दलाली में पूरे समय को बिताया है। डॉक्टर आरपी चौधरी ने संबोधित करते हुए महात्मा गांधी और पटेल के जीवनी पर प्रकाश डाला ,समारोह में राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ए के रसीदी, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

### नये वर्ष का स्वागत | नये वर्ष पर पिकनिक की तैयारियों में जुटा युवाओं की टोली

# पर्यटन स्थल भी लोगों के स्वागत के लिए तैयार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नया वर्ष 2023 का दस्तक देते हुए ही लोगों में एक पर्व जैसा उत्साह देखा जा रहा है। हर कोई पहले से अपना पसंदीदा और मनोरम स्थान को चुनना शुरू कर दिया है, जिससे वहां नये साल का जश्न धूमधाम से बनाया जा सके। लोग जश्न की तैयारियां में जुट गये हैं। वर्ष 2022 के अंतिम दिन एवं नव वर्ष 2023 के अवसर पर विभिन्न डैमों, नदी, जलाशयों एवं पर्यटक स्थलों पर पिकनिक मनाने के लिए अत्यधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। लोक परिशांति, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारणा हेतु उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, रांची द्वारा आदेश जारी किया गया है। किसी प्रकार की दुर्घटना न हो एवं विधि व्यवस्था, लोक परिशांति बनी रहे, इसके मद्देनजर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस संदर्भ में वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा जारी ओदश में रांची के विभिन्न 68 स्थानों में पुलिस



पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला के विभिन्न 26 स्थलों पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पदाधिकारी दिनांक 31.12.2022 के पूर्वाह्न 07:00 बजे से दिनांक 05.01.2023 तक प्रतिनुिक्त किये गये हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय पहुंचकर सक्रिय एवं गतिशील रहकर सघन गश्ती का आदेश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटित होने पाये और विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनी रहे।

सभी संबंधित पदाधिकारियों को कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए दिशा-निर्देशों का पालन एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। साथ ही नशे की हालत में दो पहिया/चार पहिया एवं अन्य वाहनों को चलाने वाले व्यक्तियों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है। रेस ड्राइविंग करने वाले व्यक्तियों, महिलाओं/युवतियों से छेड़-छाड़ करने वाले तत्वों पर दंडाधिकारियों द्वारा विशेष निगरानी रखी जायेगी। ऐसी हरकत करते पकड़े जाने वाले व्यक्तियों पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। नदी, जलाशयों, डैम, फॉल विभिन्न प्रकार के वाटर बॉडी में बोटिंग करने वाले नावों में लाईफ जैकेट पहनने का सख्ती से अनुपालन और वाटर फॉल में जहां से पानी गिरता है उसके आस-पास लोग न जाये इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बुण्डू को दशम फॉल में तथा सदर अनुमंडल अन्तर्गत सभी पुलिस उपाधीक्षकों को पर्यटकों की सुविधा हेतु स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था, विभिन्न नदियों जलाशयों, डैमों, तालाबों एवं विभिन्न प्रकार के वाटर बॉडी एवं खतरनाक स्थलों को चिन्हित कर निषेध संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने और मारक एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था करने का आदेश दिया गया है।

## नये साल में रांची का मौसम रहेगा साफ

**रांची।** राजधानी रांची में पिछले दो दिनों से ठंड से राहत है। दोपहर में कड़ी धूप भी निकल रही है। हालांकि आज आसमान में बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रांची में अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। नये साल में सुबह में आसमान में कोहरे छाये रहेंगे। ऐसे में लोगों को अहले सुबह हल्की ठंड लग सकती है। लेकिन पूरे दिन अच्छी धूप खिली रहेगी। नये साल में राजधानी का न्यूनतम तापमान 10 से 9 डिग्री सैल्सियस तक जा सकता है। 27 और 28 दिसंबर को राज्य के दक्षिण भाग में (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला) में सुबह कोहरे के बाद पूरे दिन बादल छाये रहने का पूवार्नुमान हैं। वहीं बीते 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा। चाईबासा और जमशेदपुर में उच्चतम तापमान 31 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि सिमडेगा में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

## मध्य रेलवे की टीम खिताबी मुकाबले में 2-0 से विजयी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हटिया रेलवे के एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में सोमवार को 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप 2022- 2023 में सोमवार को रेलवे कोच फैक्ट्री कपूरथला और मध्य रेलवे की टीम के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया उसमें मध्य रेलवे की टीम 2-0 से विजयी रही इसके मुख्य अतिथि इशाक खान पीसीईई अध्यक्ष सेरसा थे इन्होंने दोनों टीमों को बधाइयां दी एवं रांची रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप विशिष्ट अतिथि प्रदीप गुप्ता थे इसके अलावा पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी मनोहर टोप्पो भी मौजूद थे। इस अवसर पर रांची रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने कहा कि रेलवे हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए अग्रणी रहा है खेल में हार जीत होती रहती है पराजित टीम को निराश होने की जरूरत नहीं है सभी ने अच्छे वातावरण में खेला के लिए सभी को धन्यवाद। विजेता टीम मध्य रेलवे के कप्तान ने प्रसंशा जाहिर करते हुए कहा कि जीत मिलने से बहुत खुशी हो रही है झारखंड आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### व्यवसायी ने किया गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**भंडरा / लोहरदगा।** लोहरदगा बरवाटोली निवासी सह व्यवसायी पद्मलोचन लाल ने अपनी पत्नि लीला देवी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भंडरा नवडिहा चौंक स्थित हरियाली बीज भंडार के समीप जरूरतमंदों के बिच कंबलों का वितरण किया। लाभान्वित लोगों में तेतरी महली, कन्हाई महतो, धीरजू महतो, सरिता महतो, बिगु लोहरा, गंगा उरांव, इसूफ, बरखा उरांव, रामधन राम , भोला यादव , कुंवर लहेरी, मोहरा उरांव, पूरन लहेरी सहित 50 लोग शामिल हैं। कंबल के साथ सभी को बिस्कुट का एक एक पैकेट भी मुहैया कराया गया। जिसे पाकर सभी गदगद नजर आऐ। इस दौरान संदीप मित्तल, स्वाति मित्तल, अर्चना अग्रवाल, सुषमा देवी आदि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### झामुमो पंचायत कमेटी का गठन

**रातू।** प्रखंड के पूरियो में सोमवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया।बैठक का संचालन प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से अकाश भगत को अध्यक्ष व परवेज अंसारी सचिव बनाया गया। इसके अलावा दिवाकर उरांव,सोनू उरांव को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अजीज अंसारी व संगठन सचिव शाहिल किस्पोटा को तथा फरहान अंसारी को सह सचिव बनाया गया। इसके अलावा सूरज भगत,आजाद अंसारी,संजय भगत,गुलजार अंसारी,सोमा उरांव,तबारक अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया है।

### दो दर्जन मवेशी जब्त चार तस्कर गिरफ्तार

**चतरा ।** चतरा में सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पशु तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर पुलिस की टीम ने शहर के शहादत चौक व अंसार नगर मोहल्ले से गौ-कशी के लिए भेजे जा रहे दो दर्जन से अधिक मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराते हुए प्रतिबंधित गौ तस्करी में शामिल चार तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मवेशियों को तस्करी व गौकशी के उद्देश्य लाया गया था। सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली व एएसआई शशिकांत ठाकुर व पुलिस के सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। जप्त मवेशियों को पुलिस सदर थाना ले आई हैद्ध जहां गिरफ्तार तस्करों को गोवंश अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने के साथ-साथ जब्त मवेशियों को गौरक्षिणी प्रबंधन को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में मंगलवार से दो दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में किया जा रहा है। टूनामेंट में भाग लेने के लिए मैदान में ही खिलाड़ियों का पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण को लेकर खिलाड़ियों को आधार कार्ड व मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। विजेता व उप विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ जर्सी व ट्राफी दी जाएगी। इसकी जानकारी नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक मनोज कुमार यादव ने दिया।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, आठ घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बेलपहाडी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच हुए मार पीट में दोनों पक्षो से आठ लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से अशोक पासवान, रूबी देवी, उपेंद्र पासवान, कविता देवी एवं दूसरे पक्ष से संजय पासवान, हृदया पासवान, सीता राम पासवान एवं दुर्गा देवी शामिल हैं।

## सुमति उरांव बालिका छात्रावास का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# सुविधाओं को तत्काल दुरूस्त करें

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को कॉलेज रोड में संचालित सुमति छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को छात्रावास की छात्राओं ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। छात्राओं ने उपायुक्त को बताया कि चहारदीवारी की ऊंचाई बहुत कम होने के कारण वह अपने को असुरक्षित महसूस करती है। छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में वार्डन भी नहीं है, जिसके कारण उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल नहीं हो पाता है। कोई भी समस्या होने पर उन्हें स्वयं आगे आगे आना पड़ता। समस्या सुनने के बाद उपायुक्त ने तत्काल



विभागीय इंजीनियर को बुलाकर चहारदीवारी का ऊंचाई तक निर्माण कराने और उस पर कंसेंट्रीना वायर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही भवन की मरम्मती करवाते हुए उसका रंग रोगन कराने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। वहीं छात्रावास परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने, किचन सेट का निर्माण करने, सोलर लाइट लगाने क्षतिग्रस्त भवन को दुरुस्त करने आदि का निर्देश उपायुक्त ने देते हुए छात्रावास की गेट की भी मरम्मत तत्काल कराने की बात कही। इसके अलावा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक बदलाव एवं समस्याओं को देखते हुए एस्टीमेट तैयार करते हुए उन्हें जल्द से जल्द देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने अगले 6 माह के अंदर ही छात्रावास के मरामती एवं अन्य कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान जिले कल्याण पदाधिकारी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं काटमी उपस्थित थे।

### पांच सौ लीटर नकली शराब बरामद

**धनबाद ।** धनबाद उत्पाद विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। साथ ही नकली अंग्रेजी शराब बनाने के मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ भी उत्पाद विभाग ने किया है। छापेमारी के दौरान कुमारधुबी थाना क्षैत्र के पंचमोहली से आठ लीटर नकली शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गए है, निरसा थाना क्षेत्र के निमाय मोदक के घर से अठारह लीटर नकली शराब तो वहीं हीरापुर के बिनोद नगर स्थित दिवेश कुमार गुप्ता के घर पर चल रहे अवैध शराब फैक्ट्री का भंडा फोड़ करते हुए करीब पांच सौ नौ लीटर नकली शराब जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही बरामद किया है। जब्त की गई नकली शराब विभिन्न कंपनियों के बोतलों में भर कर बिहार भेजा दूसरे राज्यो में खपाया जा रहा था।

## यात्री जागरुकता को लेकर रेलवे ने चलाया अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** हटिया -राऊरकेला रेल खण्ड के बानो रेलवे स्टेशन में बानो आरपीएफ इंस्पेक्टर विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा यात्री जागरुकता अभियान चलाया गया । सोमवार को प्लेटफार्म नंबर 01 पर आगमन के समय यात्रियों को ट्रेन के पावदान पर यात्रा नहीं करने के लिए समझाया गया कि पावदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा नहीं करें। यह रेलवे एक्ट की धारा 156 के तहत दंडनीय अपराध है। जिसमें 3 महीने का कारावास या जुमार्ना हो सकता है। साथ ही साथ कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करने के लिए यात्रियों को जागरूक किया गया और हमेशा मास्क पहनकर यात्रा करने की सलाह दी गई। रेलवे में सुरक्षा संबंधी किसी



भी प्रकार की कठिनाई होने पर टोल फ्री नंबर 139 पर कॉल करें और यात्रियों को आश्वस्त किया गया कि हम लोग आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है। मानव तस्करी को रोकने के लिये सहयोग करें मौके पर आरपीएफ पुलिस बल के जवान अभियान को सफल बनाने में शामिल थे। मौके पर एसआई जितेंद्र कुमार सिंह, एसआई कौशलेंद्र कुमार सिंह, एसआई विरेंद्र प्रताप यादव आदि मौजूद थे।

## हवन करने से तन-मन और वातावरण शुद्ध हो जाता है: आचार्य शरतचंद्र आर्य

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के तत्वावधान में आचार्य शरत चन्द्र आर्य की अगुवाई में लोहरदगा सदर प्रखंड के बाघा नवाटोली ग्राम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन का आयोजन किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण के साथ-साथ वृद्धजनों एवं असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, वरीय समाजसेवी लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, आर्य वीर दल के युवा प्रेरक संजय चंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों का सहयोग भी सराहनीय रहा। मौके पर 50 वृद्ध को



लाभान्वित किया गया। मौके पर आचार्य शरच्चन्द्र आर्य ने कहा कि वेद हमारी सबसे प्राचीन ग्रंथ है। वेद मंत्रों के साथ हवन जिस क्षेत्र एवं प्रांगण में होता है और जो भी व्यक्ति शामिल होते हैं उनका तन-मन एवं वातावरण बिल्कुल स्वच्छ एवं शुद्ध हो जाता है। हवन में आहुति के साथ ही पर्यावरण, प्राणवायु भी स्वच्छ एवं शुद्ध हो जाता है। अतः समय समय पर वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा हवन अवश्य करें। इसके अलावा आर्य समाज आर्य वीर दल गुरुकुल शांति आश्रम के माध्यम से क्षेत्र में संस्कृति संस्कार चरित्र का निर्माण प्राचीन सभ्यता संस्कृति की अनुपम देन गुरुकुल व्यवस्था को बरकरार रखी है। साथ ही साथ समाज में सामाजिक अनुष्ठान भी करते रहती है। इसी के तहत आज जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। आने वाले समय में भी आप सबों के सहयोग से अन्य अनुष्ठान हम करेंगे।

### विधायक ने किया पीसीसी का शिलान्यास

**सिल्ली।** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने प्रखंड के कई गॉव टोले में विधायक मद से निर्मित होने वाले दो पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने प्रखड के लुपुंग पंचायत स्टेशन रोड सिल्ली में नाली निर्माण तथा और सिल्ली रेलवे स्टेशन के समीप एवं लोवापीडी के कालिंदी कॉलोनी पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए एकजूट रहें। अपनी समस्याओं को बेझिझक बताएं। ताकि सभी समस्याओं को दूर किया जा सके। मौके पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, चित्तरंजन महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में आयोजित खोखो खेल का समापन

## सिमडेगा: शिवाजी दल बना चैंपियन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में एक सप्ताह से आयोजित खो-खो महाकुंभ का समापन सोमवार को किया गया। जिसमें शिवाजी दल चैंपियन बना।यह कार्यक्रम वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय के शिवाजी दल, एकलव्य दल, आरूणी दल, भरत दल तथा छात्रावास के टीम के बीच छात्र छात्रों की टीम में खो-खो खेल का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुई। कई दिनों से चल रहे इस खेल में लीग मैच के कुल अंकों के आधार पर छात्र तथा छात्राओं दोनों की टीम में शिवाजी दल तथा भरत दल फाइनल पर पहुंचा तथा छात्राओ की शिवाजी दल की टीम ने भरत



दल की टीम को 21-12 तथा छात्र के शिवाजी दल की टीम ने भरत दल की टीम को 15-14 से हराकर चैंपियन बना। विजेता टीम को उपस्थित अतिथियों द्वारा 5100 रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित द्रौपदी कुमारी ने छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की खेल हमें अनुशासन के साथ एकता का गुण भी सिखाता है। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने विजेता छात्र छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें और उनकी टीम को और अच्छा करने का शुभकामनाएं दी। विजेता टीम को बधाई देने वालों में विद्यालय के पूर्व छात्र ऋषभ कुमार, अभिषेक कुमार, आचार्य मनोज प्रसाद आशीष बड़ाईक, ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू, जितेंद्र पाठक, अभिजीत रंजन, पंकज किंडो, मनोज कुमार, आचार्य सीमा कुमारी, सोनिया कुमारी, सीता कुमारी, मीरा कच्छप, सुलोचना कुमारी सुषमा प्रधान आदि मौजूद थे।

## जन-जन तक पहुंचेगी सरकार की योजनाएं: अनिल कंडुलना

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सोमवार को परिषदन भवन के सभाकक्ष में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नव नियुक्त जिला समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए नव नियुक्त झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जन हित में बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा सिमडेगा जिला बहुत पिछड़ा हुआ जिला है। यहां की जनता का मुलभूत जरूरतों जिसमे स्वस्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क आदि अनेक समास्याओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराने का कार्य करेंगे ताकि सिमडेगा जिला में विकास एवं खुशहाली लाई जा सके। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नव नियुक्त अध्यक्ष अनिल कंडुलना, उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, उपाध्यक्ष आस्कर डांग, सचिव सफीक खान,संगठन सचिव कल्याण मिंज, संगठन सचिव विपिन कुल्लू,सह- सचिव सिकंदर बरवा, कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला बीस सूत्री सदस्य संजू डांग, कोलेबिरा प्रखण्ड सचिव वकील खान, कुरडेग प्रखण्ड अध्यक्ष जीसन फिरदोस, सिमडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष सुमन मिंज, ठेठाईटांगर प्रखण्ड सचिव अन्तोन सुरीन, ठेठाईटांगर उपाध्यक्ष कुलदीप कुल्लू, बंसजोर प्रखण्ड कोषाध्यक्ष प्रदीप समद, बंसजोर प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य रीतेश बड़ाईक, विजीत कोंगाड़ी, प्रवीण मिंज, संदीप किड़ो, गोवर्धन नायक, आलोक कुल्लू, माइकल इन्दवार, एमलेन समद एवं अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

### चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक संपन्न

## 11-12 फरवरी को होगा अधिवेशन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक डाक बंगला सिमडेगा में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य कृष्णा बड़ाईक ने किया। स्वागत भाषण प्रदेश अध्यक्ष जगदीश बड़ाईक ने दिया वहीं मंच संचालन जलडेगा सचिव फिरनाथ बड़ाईक ने किया। बैठक में सिमडेगा के सभी प्रखंड के सदस्य तथा गुमला जिला के कामडारा, बसिया, पालकोट, सिसई, बिसुनपुर, जारी, चैनपुर, घाघरा, डुमरी के काफी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष जगदीश बड़ाईक ने कहा कि हमें समाज के प्रति समर्पित भाव से काम करना चाहिए। समाज में जो दूरी बढ़ रही है उसे हमें दूर करने की जरुरत है। हम सभी समाज को एकजुट करके सभी समस्याओं को



दूर कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष कृष्णा बडाईक ने कहा कि समाज में जो भी कुरीतियां हैं उन्हें दूर करने की जरुरत है। धर्म परिवर्तन, नशापान,भेदभाव इन सब बुराईयों से समाज को पार पाना होगा। शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो सभी समस्याओं का नाश कर सकता है। अतः हमें समाज के नौनिहालों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।सभी वक्ताओं ने चीक बड़ाईक समाज के जाति प्रमाणपत्र बनाने में हो रही कठिनाई का स्थायी समाधान निकालने पर जोर दिया। वही आगामी 11 एवं 12 फरवरी में मेरमड़ेगा में करने का निर्णय लिया। मौके पर काफी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** प्रखंड में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण लोगों में डर का माहौल है। जंगली हाथियों का झुंड गांव पहुंचने के साथ ही घर में रखे अनाज एवं घरों को तोड़ने का कार्य करता है। जिससे कि लोग इधर उधर भाग कर अपनी जान बचा रहे हैं। रविवार रात को अलिंगुड निवासी महेश्वरी देवी के मकान को ध्वस्त कर घरेलू समान को भी क्षति पहुंचाया। वहीं पाकरबहार निवासी नित्यानंद सिंह के मकान को रात्री करीब 10.30 बजे ध्वस्त कर अन्य घरेलू समान को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार की सुबह समसेरा मुखिया सुरजन बडाईक द्वारा वन कर्मियों के साथ दोनो स्थानों पर जाकर पीड़ित परिवार का हालचाल जाना। जहां पर ग्रामीणों ने बताया कि करीब 2



घंटा तक नित्यानंद के घर में हाथी का तांडव मचा रहा। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को भगाया गया। इस तरह इनके मकान को हाथी गंभीर रूप से क्षति पहुंचायी। पीड़ित महिला के द्वारा बताया गया कि महुआ, धान, चावल के गंध पाकर हाथी का आगमन हुआ जिसे भगाने पर भी हाथी डटा रहा। इधर मुखिया वन विभाग को क्षेत्र में ही रहकर ग्रामीणों को मदद करने की बात कही। साथ ही बचाव सामग्री हर हाल में ग्रामीणों को देने को कहा। मौके पर वनरक्षी उपस्थित रहे।

### एकजुटता सिमडेगा में राष्ट्रीय तेली महासभा की बैठक संपन्न

# अपना अधिकार लेने के लिये संगठित हों

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के नीचे बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय तेली महासभा बैठक प्रदेश तेली महासभा के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सुनील कुमार साहू ने कहा कि तेली समाज को अधिकार लेने के लिये संगठित होना होगा। समाज के लोग अपने बच्चे बच्चियों को उच्च शिक्षा ग्रहण कराकर राजनीति सामाजिक और सरकारी सर्विस के ऊंचे ओहदे पर बैठे। नीचे बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय तेली महासभा की बैठक में भाग लेने आए अतिथियों का माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाद दानवीर भामाशाह एवं मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झारखंड राष्ट्रीय तेली महासभा के अध्यक्ष सुनील




कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि तेली समाज को सदियों से दबाने का काम किया गया है। रामायण और महाभारत काल से ही तेली समाज को उच्च वर्ग के लोगों के द्वारा दबाया जा रहा है। पूर्व में शिक्षा से भी तेली समाज को वंचित रखा गया था, किंतु वर्तमान में अब तेली समाज के बच्चे भी पढ़ाई कर रहे है। श्री साहू ने कहा कि सामाजिक राजनीति और सरकारी पदो पर बैठने के लिए समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल कनी होगी। उच्च शिक्षा हासिल करके ही अधिकार को प्राप्त किया जा सकता है। श्री साहू ने यह भी कहा कि तेली समाज भारत में एकमात्र ऐसी जाती है जिनकी आबादी किसी भी अन्य एक जाति से से ज्यादा है। इसके बावजूद तेली समाज को राजनीतिक रूप से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। वोट की राजनीति के लिए तेली समाज को विभिन्न पार्टियों के द्वारा इस्तेमाल किया जाता है, जबकि बहुत कम आबादी वाले जाति को राजनीतिक लाभ मिल रहा है, क्योंकि वे संगठित है। तेली समाज को भी अब संगठित होकर अपनी मांगों को रखना होगा. राजनीति दलों को अपनी मांग मनवाने के लिए विवश करना पड़ेगा मौके पर राष्ट्रीय तेली महासभा सिमडेगा जिला के कार्यकारी अध्यक्ष पुरुष वर्ग में श्रीलाल साहू चुने गए जबकि संगठन मंत्री उदय कुमार साहू चुने गए. महिला वर्ग में कार्यकारी अध्यक्ष रितंभरा प्रसाद एवं संगठन मंत्री अनिता देवी चुनी गई. मीडिया प्रभारी सह समाज के प्रवक्ता के रूप में रविकांत साहू का चयन किया गया।

### दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## बावनी को हराकर सिल्लीडीह विजेता

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लोटा स्कूल मैदान में रविवार को शवहीद निर्मल महतो जयंती के अवसर पर मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फाइनल जितेंद्र फुटबॉल क्लब बावनी,तथा सिल्लीडीह फुटबॉल क्लब बीच खेला गया। जिसमें सिल्लीडीह फुटबॉल क्लब 1 गोल से विजयी होकर चैंपियन बना । प्रतियोगिता मुख्य अतिथि सिल्ली पूर्व विधायक अमित कुमार महतो उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि,हमारे देश में लोकप्रिय खेलों में से एक फुटबॉल है, जो शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी खेली जाती है। फुटबॉल ही एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ियों के शरीर के सभी अंग क्रिया करती है। अगर उचित प्लेटफॉर्म मिले तो ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सभा



को झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने भी संबोधित किया । विजेता टीम को पूर्व विधायक अमित कुमार महतो एवं उपविजेता टीमों को मुस्ताक आलम समेत अन्य अतिथियों ने पुरस्कार सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बेस्ट गोलकी में विष्णु कुमार, बेस्ट खेलाड़ी विबेक महतो को पुरुस्कार दे कर समानित किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के 16 टीमें हिस्सा लिया। इसके अलावा मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया था। इस मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ,सजिव डॉ हेमलाल मेहता, अध्यक्ष सह झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, उपेंद्र महतो, रविंद्र नाथ मुंडा क्लब के सचिव मिथुन चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष भागीरथ महतो, उपसचिव विष्णु चरण महतो, रणजीत सिंह, डॉ अखिल महतो, क्लब के सदस्य मनोहर महतो, दिलीप महतो, कार्तिक महतो , विषम महतो, विनोद महतो, महेंद्र महतो ,अनिल बेदिया, अजीत कुमार महतो ,मुकेश महतो, फेकना महतो, शंकर महतो, चैता महतो ,दुलाल मोदक, दिलीप महतो ,भीम महतो ,भिरगुराम महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### आंगनबाड़ी सेविका का हुआ चयन

**ठेठइटांगर।** प्रखंड के घुटबहार पंचायत के वनमाली एवं गोदाटोली में आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया। सर्वप्रथम बनमाली गांव में आयोजित चयन में दो प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिनमें नीलिमा टोपनो एवं बहालेन समद शामिल थे मैट्रिक, इंटर एवं अन्य प्रमाण पत्र के आधार पर बहलेन समद का चयन सेविका के रूप में किया गया। वहीं वनमाली में करिश्मा हेमरोम का चयन सेविका के लिए किया गया। इस अवसर पर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, बीडीओ पंकज कुमार, घुटबहार मुखिया नैमी सुरीन, अनिमा जोजोवार, उप मुखिया, संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर एवं ग्राम सभा के अध्यक्ष एवं काफी अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नंदनी डैम में डूबने से मछुवारे की मौत

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र में मछली पकड़ने के दौरान नंदनी डैम में डूबने से एक मछुवारे की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। इस मौत के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों के सूचना पर कैरो सीओ कमलेश उरांव, थाना प्रभारी संखनाथ उरांव मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोर की मदद से डैम से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा।

### क्रिकेट प्रीमियर लीग की हुई शुरुआत

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड में बोलबा प्रीमियर लीग क्रिकेट का महाकुंभ का आगाज सोमवार को हुआ मौके पर मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि समसेरा मुखिया के द्वारा फिता काटकर किया गया। मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नया साल 2023 की मंगल शुभकामनाएं देते अनुशासन में रहकर खेल को खेल की भावना से खेलने को कहा वही उन्होंने कहा कि विजेता को 10000 एवं ट्राफी एवं उपविजेता को 5000 के साथ ट्राफी वही इसके अलावा मैन आफ द मैच, सीरीज, व बेस्ट बालर जैसे अनेकों पुरस्कार रखें गयें हैं। मौके पर आयोजन कर्ता के अध्यक्ष शेखर जी, परमानंद बडाईक, रमेश दास, गजाधर सिंह, के अलावे काफी संख्या में उडिसा, झारखंड के टीम के साथ दर्शक उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया गया वीर बाल दिवस

**सेन्हा/लोहरदगा।** सिख के 10वें गुरु गुरु गोविंद सिंह के बेटे वीर बलिदानी जोरावर सिंह और फतेह सिंह की जयंती वीर बाल दिवस के रूप में मनाई गई। वीर बलिदानी जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। इस मौके पर जयंती प्रमुख प्रतिभा बहन जी ने वीर बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए महत्व को बताया। विद्यालय प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जोरावर सिंह और फतेह सिंह को देश हमेशा याद रखेगा। इन्होंने बताया कि भैया बहन में जयंती के प्रति भाव मन में होनी चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अचार्यवृन्द का योगदान रहा।

### सांसद प्रतिनिधि ने डीएसई को सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** आरसी मध्य विद्यालय सोगड़ा में पिछले दिनों हुए शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी की शिकायत एवं जांच को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा ने सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए जांच की मांग की है उन्होंने उक्त ज्ञापन में बताया है कि 20 दिसंबर को सोगड़ा स्थित आरसी मध्य विद्यालय में सहायक आचार्य लिखित परीक्षा हुई थी इस परीक्षा में 13 लोग परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें परिणाम 15 लोगों का स्कूल से घोषित किया गया है जो कि असंभव है उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच की जाए और इस परीक्षा को रद्द करते हुए न्याय संगत नियुक्ति की जाए उन्होंने इस मामले की जानकारी सिमडेगा उपायुक्त एवं केंद्रीय मंत्री को भी भेजा है।

---

**लोहरदगा में 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म की दूसरी वारदात**

# मंगेतर के साथ घूमने गई थी, सामूहिक दुष्कर्म

## दुष्कर्म व हत्या से महिलाओं में आक्रोश, दोषियों को कड़ी सजा देने की आवाज बुलंद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में फिर से हैवानियत की घटना आई सामने आई है। जिले में एक अबोध

**मंगेतर के साथ खेत मे घूमने निकली थी युवती, अचानक 12 की संख्या में पहुचे नकाबपोश युवक**

**मंगेतर को पीटकर भगाया, फिर छह युवकों ने बारी बारी से किया दुष्कर्म, शोर मचाने पर भागे**

**कुडू थाना में 12 अज्ञात युवाओं के खिलाफ मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस**

बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आने के बाद फिर एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। जहां मंगेतर के साथ घूमने निकली युवती के साथ 12 लड़के करना चाहते थे दुष्कर्म, लेकिन युवती ने जब शोर मचाया तो 5- 6 लड़को ने गैंगरेप की घटना को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कुडू थाना क्षेत्र में मंगेतर के साथ एक युवती घूमने निकली थी। जिसे देख मुंह बांध कर ग्रुप में आए अज्ञात युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। घटना कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी का है। जहां युवती रविवार देर शाम मंगेतर के साथ खेत तरफ घूमने निकली थी कि अचानक 12 के संख्या में नकाबपोस अज्ञात युवक पहुंचे और मंगेतर को मारपीट कर भगा दिया। जिसके बाद युवती के साथ बारी बारी से 5-6 युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब युवती शोर मचाने लगी तो सभी युवक वहा से भाग निकले। पूरे घटना पर कुडू थाना में 12 अज्ञात युवकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जहां कुडू थाना में कांड संख्या 188/22. दिनांक 24.12.2022. आईपीसी 341, 323, 504, 376डी और 34 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी दर्ज होते ही कुडू थाना पुलिस आरोपियों की धर पकड़ के लिए कुडू थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी कर अभियान चला रही है।



**लोहरदगा** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में दुष्कर्म एवं हत्या का मामला आने के बाद जिले की महिलाओं के बीच आक्रोश देखने को मिल रहा है। जिसमे पहली घटना बगडू थाना क्षेत्र के अरेया में एक 5 वर्षीय अबोध बच्ची के साथ जघन्य अपराध कर गला घोट कर हत्या कर दी गई। वहीं कुडू थाना क्षेत्र में में सामूहिक दुष्कर्म घटना सामने आई है। जिसको लेकर कुडू थाना में अज्ञात दर्जनो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है परंतु अभी तक किसी आरोपी का गिरफ्तारी नही हुई है। वहीं जिला में हो रही लगतार घटना को निंदा करते हुए सेन्हा ग्राम संगठन के महिला सखी एवं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने भी राज्य सरकार के लचर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुष्कर्म हत्या जैसी जघन्य अपराध समाज में काफी निंदनीय है। जिसमे कोई उम्र सीमा नही देखी जा रही। सरकार इस पर पहल कर इस तरह की घटना पर त्वरित कारवाई करते हुए फांसी की सजा अपराधियों को दे। वहीं सखी मंडल के महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जिले के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा जिले में युवती व महिलाएं खुद को जिस प्रकार से घटना हो रही है उससे असुरक्षित महसूस कर रही है। इस तरह की अपराध पर कड़ी कानून बनना चाहिए और अपराधियों को फास्ट ट्रैक के माध्यम से फांसी देना चाहिए। वहीं महिलाओं ने नारेबाजी कर कहा नारियों के खिलाफ अपराध बंद करो।

---

# डीसी ने किया पालकोट प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को पालकोट प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय के क्रियाकलापों की जानकारी ली। साथ ही लोगों की उपस्थिति को अटेंडेंस रजिस्टर से मिलान करवाया। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय के अलावा पालकोट अंचल के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने अंचल परिसर के आस पास के पुराने भवनों को देखते हुए उसका पुनः उपयोग करने के उद्देश्य से भवनों की मरम्मती एवं रंग रोगन करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। इसके अलावा प्रखंड परिसर के आस पास विद्यालय निर्माण करने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर में बने धान अधिप्राप्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने धान से भरे बोरे के वजन की जांच की जो कि ठीक पाया गया। इस दौरान बीडीओ पालकोट के अलावा कार्यालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

---

**स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन**

# टीकाकरण से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराएं: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-19 से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जिले में कितने ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड है, कितने ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्धत है, टेस्टिंग किट की उपलब्धता, बेड की उपलब्धता, वैक्सीन की उपलब्धता आदि की भी जानकारी ली। नियमित टेस्टिंग, टीकाकरण व कोविड-19 संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी स्वास्थ्य केन्द्र पर वैक्सीन की उपलब्धता एवं टीकाकरण से संबंधित कार्य की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों से टिकाकरण से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को प्रत्येक सोमवार कोविड-19 टास्क फॉर्स की बैठक सुनिश्चित कराने की बात कहीं। मॉक ड्रिल संबंधी प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रति दिन कोविड टेस्टिंग व टिकाकरण का रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कहीं। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक में सिविल सजर्न डॉ० नवल कुमार, डीएस डॉ राजेश कुमार,प्रभारी डीपीएम प्रदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।



### जनता दरबार का हुआ आयोजन

**उपायुक्त** आर. रॉनीटा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि सुधार, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

---

# युवाओं को भर्ती परीक्षा के लिए जागरूक कर रहे हैं विनय उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सैनिक प्रशिक्षण केंद्र डिफेंस एकेडमी लोहरदगा के द्वारा एकेडमी के संचालक राष्ट्रीय एथलीट विनय उरांव के नेतृत्व में लोहरदगा जिला में प्रखंड स्तर से सभी सुदूरवर्ती क्षेत्र में युवाओं के बीच छोटे-छोटे जागरूकता कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से इंडियन आर्मी आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयर फोर्स, एसएससी जीडी, झारखंड पुलिस आदि डिफेंस लाइन के भर्तियों की विशेष तैयारी को लेकर जानकारी दी जा रही है। शहरी क्षेत्र से दूर पेशरार प्रखंड में थाना से नजदीक फुटबॉल मैदान और टोटो गांव में 18 साल से ऊपर के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की गई। मौके पर डिफेंस एकेडमी लोहरदगा के संचालक सह राष्ट्रीय एथलीट



विनय उरांव ने जानकारी देते हुए बतलाया की शहरी क्षेत्र के युवा - युवती सभी तरह के सूचना और नोटिफिकेशन से अवगत रहते हैं तथा उसके अनुरूप तैयारी कर लेते हैं। लेकिन बहुत सारे सुदूरवर्ती गांव के विद्यार्थी सही समय से सूचना, कोचिंग और सही मार्गदर्शन के अभाव में किसी भी भर्ती की सुचारू रूप से तैयारी नहीं कर पाते हैं। युवाओं को वक्त रहते सही मार्गदर्शन मिले तो वे अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता हो सकते हैं। गरीब और असक्षम और दिशाविहीन छात्र - छात्राओं के लिए डिफेंस एकेडमी लोहरदगा कदम से कदम मिलाकर दिशा देने का काम कर रही है। अतः जो भी युवा युवती सेना में जाकर देश की सेवा और अपने घर परिवार का सहारा बनने की सपना देखते हैं। उनके लिए बहुत ही कम खर्च में फिजिकल, मेडिकल और कोचिंग रहने की सुविधा के साथ तैयारी दी जा रही है। जिससे गरीब से गरीब किसान का बेटा-बेटी भी तैयारी कर सके और अपना सपना पूरा कर सकेगा। इस प्रयास से लगभग युवा युवतियां प्रेरित हो रहे हैं। मौके पर एकेडमी के विद्यार्थी राजकुमार उरांव, महादेव महली, रोहित उरांव, कुंदन साहू, जुनित उरांव आदि मौजूद थे।

---

# कैरो में याद किये गये कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के एडादोन गांव निवासी विश्राम टाना भगत 2001 में भारत पाकिस्तान युद्ध (कारगिल युद्ध) मे दुश्मनों से लड़ते लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिया था। 26 दिसंबर को पुण्य तिथि पर परिवार सहित गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। विश्राम टाना भगत का जन्म पांच जनवरी 1970 को गरीब किसान परिवार में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा गांव के स्कूल में हुई थी. देश के लिए कुछ करने का जज्बा उनके दिलों दिमाग पर था. वे सेना में भर्ती हुए, परंतु कारगिल युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेते हुए वे शहीद हो गये. विश्राम टाना भगत की शहादत को लोग याद करते हुए आज भी कई युवा उनके नक्शे कदम पर चल कर सेना में जाने को तत्पर है. विश्राम टाना भगत की माँ सोमो भगत आज भी कहती है एसे बेटे पर मुझे नाज है जो देश का सेवा करते करते शहीद हो गया। बड़े भाई विश्वनाथ टाना भगत इस पुण्य तिथि के मौके पर अपनी नम आंखों से अपने भाई के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर कहा देश के हर एक जवान को सलाम जो अपने देश सेवा के लिए घर द्वार छोड़ अपनी जीवन को भारत माता के नाम न्यौछावर कर देते हैं। मौके पर सोमो टाना भगत, तारामणि टाना भगत, खुशबू टाना भगत, झुलाला टाना भगत, देवा उरांव, अजय उरांव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

**गुमला में चलाया जा रहा है वाहन जांच व जागरूकता अभियान**

# बिना हेलमेट के चलना सबसे बड़ी लापरवाही का उदाहरण : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सदर एसडीओ रवि जैन, सिओ केकेमुंडु, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार , नेहरू युवा केंद्र के अशोक कुमार एवं सड़क सुरक्षा विभाग के द्वारा गुमला सदर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोड सड़क पर चल रहे लोगो को लोगों को गुलाब एवं माला पहना कर विभिन्न जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले में सड़क दुर्घटना नशे, बिना हेलमेट और थोड़ी सी लापरवाही से होने की घटना दिसंबर माह में बहुत ज्यादा बढ़ गई है जिसके मद्देनजर गुमला जिला के विभिन्न स्थानों पर



उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ज्यादा से ज्यादा वाहन जांच एवं वाहन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, एसडीओ गुमला, एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा गुमला जिला के पटेल चौंक, बिरसा मुंडा पार्क के समीप बिना हेलमेट पहने एवं ट्रिपल लोड लोगों को गुलाब एवं माला पहना कर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि बिना हेलमेट का चलना सबसे बड़ा लापरवाही का सबक है। परिवार में अगर खुशहाली चाहिए तो हेलमेट आवश्यक तौर से इस्तेमाल करें। सड़क सुरक्षा के सदस्यों द्वारा बच्चों से आग्रह किया गया अगर उनके परिजन अगर बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चला रहे हैं तो उनकी सुरक्षा के लिए जिद करना आवश्यक हो गया है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, आईराइड के रामानंद महाराज व अन्य शामिल थे।

---

**बालू माफिया के हौसले बुलंद**

# हाइवा से एसडीपीओ को कुचलने का प्रयास किया

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में बालू तस्करों ने रविवार की रात सिसई थाना क्षेत्र के मुरगु के पास जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल दल बल के साथ अवैध बालू भंडारण को जब्त करने पहुंचे। एसडीपीओ ने बालू लदे हाइवा को रुकने का इशारा किया। लेकिन हाइवा चालक ने रोकने के बदले एसडीपीओ को कुचलने का प्रयास किया। एसडीपीओ बाल-बाल बच गए। लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और पुलिस जवानों को हल्की चोट लगी है।वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद हाइवा चालक भागने में सफल रहा।वहीं इस घटना के बाद 17 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही हाइवा और पुलिस की रेकी में उपयोग होने वाली कार जब्त की गई है। बसिया सर्किल पुलिस निरीक्षक श्यामनंद मंडल ने बताया कि अवैध बालू खनन को लेकर डीएमओ रामनाथ राय, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल और थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। रविवार की रात 9 बजे के करीब मुरगु स्थित तेलंगा खड़िया चौक के पास एक अवैध बालू लदे हाइवा को एसडीपीओ ने रोका, तो हाइवा ड्राइवर ने एसडीपीओ के सरकारी वाहन को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे वाहन में बैठे एसडीपीओ और अन्य सुरक्षाकर्मियों को चोट लगी है। हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार है।

---

**आयोजन** | **सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में वीर बाल दिवस का हुआ आयोजन**

# दोनों भाइयों के बलिदान के लिए ऋणी है भारत : सुरेशचंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्र फतेह बहादुर और जोरावर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के पिता गुरु तेग बहादुर और उनकी मां गुजरी देवी ने हिंदू एवं हिंदुस्तान की रक्षा के लिए सर्वप्रथम अपने पुत्र के बलिदान को देने का स्वीकार किया था। इसी कड़ी में गुरु गोविंद सिंह ने (सवा लाख से एक लड़ाऊं चिड़िया से बाज तुनाउ जब तब जाकर गुरु गोविंद सिंह नाम कहांऊ) इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए हिंदू संस्कृति एवं हिंदुस्तान की रक्षा के लिए उनके दो पुत्र युद्ध करते हुए वीरभूमि में शहीद हो गए तथा दो पुत्र जोरावर सिंह और फतेह बहादुर सिंह को औरंगजेब के सैनिकों ने 26 दिसंबर 1705 ईस्वी को दीवार में जिंदा चुनवा दिया। आज राष्ट्र उनके बलिदानों का ऋणी है जिसके बलिदान त्याग के द्वारा राष्ट्र में हिंदुत्व की संरक्षा और सुरक्षा हो सकी। बताया गया कि भारत सरकार ने 9 जनवरी 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हमारे देश की आन बान शान की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्र सेनानियों बालको और महापुरुषों को याद करने के लिए एक राज्य पत्र जारी करके 26 दिसंबर को अपनी शहादत देने वाले दोनों भाइयों के बलिदान दिवस को 'वीर बलिदान दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया ऐसे कार्य के लिए भारत सरकार के हम सभी भारतवासी ऋणी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

### मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर+2 में मनाया वीर बाल दिवस



**मनोहर** लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिए। लेकिन इन्होंने मुगलों के समक्ष घुटने नहीं टेंका। मुगलो ने इन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया। इतिहास में सबसे कम उम्र के वीर बलिदानियों में इनका नाम दर्ज हो गया। कार्यक्रम में 12वीं के भैया बहन और अन्य शिक्षक शिक्षिका शामिल थी। कार्यक्रम में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में रिद्धि मिश्रा, यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, चेतना प्रिया, आरती भगत, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक और विद्यार्थी शामिल थे।

### विद्या मंदिर स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया




**शीला** अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वीर बुधु भगत सभागार में वीर बलिदानी जोरावर सिंह और फतेह सिंह की जयंती वीर बाल दिवस के रूप में मनाई गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं इतिहास विषय के आचार्य गोरख पांडेय ने जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की बहने सृष्टि कुमारी, दिव्यांशी प्रिया आदि ने इस मौके पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। मौके पर गोरख पांडेय ने कहा कि सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दोनों छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने 9 वर्ष और 5 वर्ष की छोटी आयु में भी लोभ और भय से प्रभावित नहीं होते हुए देश और धर्म के लिए जो बलिदान दिया, वह आज की युवा पीढ़ी के लिए निश्चित ही प्रेरणादायी है। उन्होंने प्राणों की परवाह न करते हुए स्वदेश और स्वधर्म के प्रति जो अपनी अविचल आस्था प्रदर्शित की थी, वह हमारे लिए सदा अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में आज वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। अपने देश के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर देने वाले हमारे पूर्वज सदा स्मरणीय एवं अनुकरणीय बने रहेंगे। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने इस अवसर पर भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की जयंतियों से भैया- बहनों को प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे भी अपने देश के प्रति भक्ति रखें और अपने भारत राष्ट्र को गौरवमय बनाने की लिए सदा तत्पर रहे। आप ही इस देश के भविष्य है। देशभक्त भैया-बहन ही भारत राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाएंगे। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### मारपीट में युवती घायल

**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज मोहल्ले में पानी भरने को लेकर दो लोगो के बीच हुई मारपीट में अजय राम की पुत्री छोटी कुमारी उम्र 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार को हमीदगंज मोहल्ला निवासी अजय राम की पुत्री छोटी कुमारी चापानल पर पानी भर रही थी। इसी बीच वहीं का स्थानीय निवासी अशोक राम का पुत्र बिट्टू कुमार वहां पहुंचा और पहले पानी भरने को लेकर छोटी से बहस करने लगा। इसी बीच बहस मारपीट में तब्दील हो गई। गुस्से में आकर बिट्टू ने छोटी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद छोटी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। इसके बाद इस घटना की जानकारी टाइगर मोबाइल के जवानों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान नवलेश कुमार, जावेद अंसारी और शिवानंद यादव सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

### वार्ड पार्षद प्रत्याशी ने किया कंबल का वितरण

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या आठ में सोमवार को वार्ड पार्षद प्रत्याशी असगर अंसारी के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। प्रत्याशी श्री अंसारी ने कहा की इस कड़ाके की ठंड में असहाय व गरीबों की काया को ढ़कना, मानवता के नाते हमारा पहला कर्तव्य है। जिसे करने में मुझे बड़ा शकुन मिलता है। वहीं पर मौजूद नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी राजू राम ने कहा की गरीबों की सेवा से बढ़ कर कोई और दूसरा धर्म नही है। मौके पर पुर्व वार्ड पार्षद गुड्डू राम, बीससूत्री अध्यक्ष एमामुल हक, लुकमुदीन अंसारी, गयासुद्दीन खान, जैलुन खां, कलाम खान, मुबारक अंसारी,राजा बाबू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुघटना में घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी कल्लू राम अपनी पत्नी और बच्चा समेत बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि कल्लू राम सोमवार को दोपहर शाहपुर विवेकानंद स्कूल से अपने बच्चे को लाने गया था। उधर से लौटने के दौरान शाहपुर पूल के पास अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर है।

### 900 किलो जावा किया नष्ट

नामकुम। नामकुम के हेसापीढ़ी गांव में नदी किनारे अवैध रूप से चल रहें शराब भठ्ी के साथ ही 500 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं टाटीसिलवे के बूढ़ीबेड़ा व ढेलवाखुटा के जंगल में चल रहें अवैध शराब भठ्ी में प्रयोग चूल्हा, बर्तन 400 किलो जावा को नष्ट किया। नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी व टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद दोनो ही थाना में अपने-अपने क्षेत्र में एक टीम को गठन कर सोमवार की सुबह छापामारी कर नष्ट किया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के विरूद्व विशेष अभियान चलायेगी।

### ठंड लगने से एक अधेड़ की मौत

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत 45 वर्षीय नरेश भुइयां की मौत ठंड लगने से हो गयी। स्वजनों के अनुसार मृतक बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा क्षेत्र में धनकटनी करने गया था। जहां ठंड लगने की शिकायत के बाद वह अपने घर वापस लौट गया था। रविवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण -पोषण करता था। घटना के बाद परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

---

### डीसी ने जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देश

# लंबित मामलों को जल्द निष्पादित करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग /जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार में आए लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग श्री अजय कच्छप को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से तालमेल कर शिकायतों का समाधान कराएं। उपायुक्त ने जिले में पेंशन संबंधित मामलों पर विचार विमर्श कर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द पेंशन संबंधी मामलों का निष्पादन किया जा सके। उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त बिजली, पानी से संबंधित मामलों को लेकर संबंधित पदाधिकारी को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों पर आए आवेदनों की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए।

बैठक में डीडीसी सुरेन्द्र कुमार वर्मा, आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा, एसडीओ शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी श्री अजय कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कोविड संक्रमण के रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

**लातेहार।** कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट BF.7 के प्रसार को रोकने एवं इससे बचाव को लेकर उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला स्तर पर संक्रमण के रोकथाम को लेकर किए गए कार्यों एवं इसके ईलाज हेतु जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा किए जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल स्थित आईसीयू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्थित पाइपलाइन आधारित ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा की कोविड संक्रमण से बचाव के लिए सभी तैयारी ससमय पूर्ण कर लें। बैठक में कोविड संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का प्रयोग, सोशल डिस्टेंसिग समेत अन्य कोविड गाइडलाइन का नुपालन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कोरोना के नए वेरियंट BF.7 के मद्देनजर दूसरे राज्यों से आने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखने व कोविड टेस्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार , चिकित्सक, डीपीएम, एमओआईसी, उपस्थित थे।

---

# नेशनल कबड्डी में गोल्ड विजेता नेहा कुमारी को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** कोलकाता में आयोजित नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा को हराकर टीम के गोल्ड मेडल जीतने में अहम भागीदारी निभानेवाली प्रखंड के मोरवाई पंचायत निवासी नेहा कुमारी को बरवाडीह में भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन में बीस सूत्री उपाध्यक्ष रंजीत कुमार राजु, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर समेत अन्य कई लोगो के द्वारा स्वागत किया गया। वही सोमवार को मोरवाई पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया आशीष सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेहा कुमारी को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ की 11वी बटालियन के कम्पनी कमांडर कृष्ण और मुखिया अशीष सिंह द्वारा सयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर ने कहा की नेहा का अपने टीम के साथ मिलकर गोल्ड मेडल जितना हम सब के लिए गौरव की बात है। नेहा आने वाले समय मे बेहतर खेले उसके लिए हमसब को मदद करनी चाहिए। वही मुखिया आशीष सिंह ने कहा की नेहा ने पंचायत का मान राष्टीय स्तर पर उच्चा करने का काम किया है जिसपर हम सबसभी पंचायत वासियों को गर्व है। मौके पर नेहा के पिता विश्वनाथ राम समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### आदिम जनजाति महिला को नहीं मिल रहा पेंशन योजना का लाभ

**चंदवा।** सरकार परहिया जाति को आदिम जनजाति को सूचीबद्ध कर संरक्षित करते हुए समस्त सुविधाएं निःशुल्क मुहैया कराने को वचनबद्ध है। परंतु प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत लटदाग परहिया टोला के आदिम जनजाति की 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला फूलो परहीन की अब तक किसी सरकारी कर्मी ने सुध नहीं ली हैं। महिला अत्यंत ही गरीब है। वर्तमान में वह अकेले ही अपने घर में जैसे तैसे जीवन व्यतीत कर रही है। सरकार के द्वारा साठ साल के उपर के महिला-पुरुष सभी को पेंशन मुहैया करवाई जाती है पर इस अबला महिला की 71 वर्ष होने के बावजूद पेंशन सें वंचित है। इनकी शिकायत है की सरकार कोई कर्मचारी हमारी सुध नहीं ले रहे हैं। जैसे तैसे जीवन गुजार रही हूं। पेंशन नहीं मिल पाने के संबंध में जानकारी के लिए जब संवाददाता के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो पाने से स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाई।

---

# जलछाजन योजना के डीपीआर बनाने को लेकर प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** भारतीय लोक कल्याण संस्था के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में झारखंड जल छाजन की योजना के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

प्रशिक्षण का उद्घाटन जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, जिला तकनीकी विशेषज्ञ बुद्धदेव पाल समेत संस्था से जुड़े अन्य पदाधिकारियों ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित 13 गांव के कृषि स्थाई समिति के द्वारा संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण देना शुरू किया गया। जिसके माध्यम से 5 वर्ष तक जलछाजन की योजनाओं के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन ( डीपीआर ) की प्रकिया के प्रति जानकारी दी गई।

#### पानी का संरक्षण करना सबका दायित्व : संतोषी

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए जिप सदस्य ने कहा की आज के दौर पानी का बचाव करना हम सब का दायित्व है। ताकि जल संकट से हमारी आने वाली पीढ़ी को न जूझना पड़े औ। इस अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल में उतारने में योगदान देना चाहिए। संस्था से जुड़े लोगोंने भी प्रशिक्षण की उपयोगिता पर लोगों को जानकारी दी। मौके पर कनीय अभियंता अजित यादव, सामाजिक उत्प्रेरक अनिल प्रसाद, ट्रेनर चंदन यादव, चन्द्र शेखर ओझा, गौतम पटेल, सन्तोष कुमार सिंह समेत विभिन्न गाँव के ग्रमीण मौजूद थे।

---

### प्रखंड स्तरीय शिविर में पहुंचे सूबे के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री

# लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/प्रतापपुर।** प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय शिविर लगाकर लोगों के बीच कंबल, जॉब कार्ड, राशन कार्ड व पेंशन स्वीकृती से संबंधित प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोगता तथा जिला परिसद उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी और संचालन बीडीओ मुरली यादव ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अब प्रतापपुर के युवक एवं युवतियों को कंप्यूटर शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पडेगा। प्रतापपुर में ही कंप्यूर सेंटर खुलेगा। युपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी सहित अन्य राज्यों के सिविल सेवा के तैयारी करने वाले प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं को कोचिंग के लिए दिल्ली, पटना तथा रांची नहीं जाना पडेगा, क्योंकी चतरा में ही सिविल सेवा की तैयारी करने के लिए कोचिंग खोल दिया गया है। विद्यार्थी निःशुल्क कोचिंग कर सकते हैं। शिविर में मंत्री ने लाभुकों को कंबल, राशन कार्ड, अंबेदकर आवास स्वीकृत पत्र, 10 प्रतिभागियों को श्रम विभाग से ट्रेनिंग, पेंशन तथा जेएसएलपीएस से संबंधित सखी मंडलों को पंद्रह लाख रुपये ऋण स्वीकृति पत्र बांटे। शिविर के समाप्ति के बाद मंत्री ने अपने सहयोगियों के साथ प्रखंड मंत्री प्रतिनिधि लवली देवी के आवास पर भोजन किया। वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में टोटो का उदघाटन फीता काट कर एवं स्टार्ट कर श्रम मंत्री ने किया। टोटो आजीविका महिला समूह के सदस्य को दिया गया है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, जिला मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद, प्रखंड राजद अध्यक्ष खेदू यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, सन्मुख यादव, मोजिब इमाम, जितेंद्र सार्थक सहित अन्य मौजूद थे।

---

# प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन अकादमी में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा स्थित प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन अकादमी में सोमवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान कुर्सी दौड़, बैलून रेस, क्रिकेट, फुटबॉल, लुडो, चेस व अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय यादव के नेतृत्व में किया गया। प्रधानाध्यापक ने बैलून रेस को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में बेहतर करने वालों को प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षको ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहायक शिक्षक सुधांशु शेखर, सहायक शिक्षक कुंदन कुमार, उज्जवल मिश्रा, अभिषेक कुमार, रोहित कुमार, शिक्षिका रूबी कुमारी, सुनिता कुमारी, एवं अंशु कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

---

# उपप्रमुख कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय खरौंधी मे पूर्व से विवादित उपप्रमुख कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, जिलापरिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो नेता ताहीर अंसारी, खरौंधी जिपसदस्य धर्मराज पासवान के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। उद्घाटन के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर मे उपप्रमुख कार्यालय उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर पासवान एवं संचालन हिफाजत अंसारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कहा कि खरौंधी प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को साथ लेकर खरौंधी का सर्वांगीण विकास का कार्य करता रहुंगा। यहां के लोग हमें जहां भी याद करेंगे उनके लिए सेवक के रुप मे उपलब्ध रहुंगा। मौके पर उपप्रमुख देवदत प्रसाद, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, भवनाथपुर प्रमुख शोभा देवी, जिपसदस्य भवनाथपुर रजनी शर्मा, मुक्तेश्वर पाण्डेय, खरौंधी बीडीसी रेणु देवी, मुखिया मंशा देवी, बिनोद यादव, अजय बैठा, उदय अलबेला, कृष्णा प्रसाद सहित अन्य लोग उपिस्थत थे।

---

# राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मां शारदे मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा, शिक्षा, खेलकूद, चिकित्सा, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुबोध कुमार, प्रदेश मंत्री भाजपा झारखंड, डॉ. सीबी सहाय, अरुण अग्रवाल, निदेशक आईएएस एकेडमी, समाजसेवी मुकेश कुमार एवं पीके लाला वरिष्ठ अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में लोगो को सक्रिय रूप से कार्य करने में प्रोत्साहन मिलता है तथा लोग आगे बढ़ कर कार्य करते हैं। उन्होंने आगे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जीवनी पर भी प्रकाश डाला तथा माँ शारदे मंच की अध्यक्षा नीतू सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा की उनके द्वारा किये जा रहे सभी कार्य सराहनीय है। मंच साझा करते हुए मां शारदे मंच की अध्यक्षा नीतू सिन्हा ने बताया की माँ शारदे मंच के द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों की निस्वार्थ भाव से मदद की जाती है। साथ ही उनके द्वारा निःशुल्क कुकिंग, ब्यूटिशन, सिलाई इत्यादि की भी ट्रेनिंग दी जाती है। सम्मानित होने वालों में विजय पाठक, उमा सिन्हा, मनोज कुमार, संदीप पाठक, लक्ष्मण कुमार ठाकुर, अलोक रंजन श्रीवास्तव, सुशीला राणा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### जन योजना अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# योजना चयन में सबकी सहभागिता जरूरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में सोमवार को जन योजना अभियान 2023-24 के तहत प्रखंड के सात पंचायतों के पंचायत संसाधन दल की तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ मुकेश मछुआ, बीपीओ मनोज कुमार व पंचायत सचिव राजीव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में मुखिया द्वारा नामित दो वार्ड सदस्य,दो मनरेगा मेठ, पंचायत सचिव, जलसहिया,और महिला समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें आगामी वित्तीय वर्ष में पंचायत में योजनाओं का चयन करने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से योजनाओं का चयन किस प्रकार करना है और उसे किस तरह से धरातल पर पूरी पारदर्शिता के साथ उतारना है, इसके बारे में बताया गया। मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की पंचायत के विकास में सभी की भूमिका अहम है। इसलिए योजना चयन में सबकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने ग्राम सभा में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। प्रशिक्षण कर्ता बीपीएम प्रियंका कुमारी, पंचायत राज प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने बताया की प्रशिक्षण में नौ बिंदुओं पर चर्चा किया गया।योजना तैयार करने के लिए प्रत्येक गांव में दो दिन और पंचायत स्तर पर एक दिन विशेष ग्राम सभा का आयोजित कि जायेगी। पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। इस मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह,राम कुमार प्रजापति, दिलीप जायसवाल, सहित वार्ड सदस्य और जलसहिया उपस्थित थे।

---

**श्रद्धांजलि** | सांसद वीडी राम ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# अंत्योदय व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वाजपेयी की देन : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पचलेवा पंचायत करसो में पुष्पवर्षा कर सांसद वीडी राम का स्वागत हुआ। आजादी के बाद वे पहले सांसद है जो इस गांव में पहुंचकर जनता की समस्या को सुना एवं उसे दूर करने का आश्वासन दिया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उन्हें नमन किया। तत्पश्चात गरीब असहाय आदिम जनजाति के बीच कंबल वितरण कर जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाया। साथ ही साथ सौगात के रूप में इस गांव के लिए बभंडी से पचलेवा तक 6.5 किलोमीटर एक करोड़ साठ लाख रुपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पथ मरम्मती करने के कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी पीएम का लक्ष्य है कि विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने किया। मौके पर उपस्थित जिला पार्षद प्रमोद सिंह, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, पथरा मंडल अध्यक्ष सकेंद्र चौधरी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश्वरी पांडेय, विधायक प्रतिनिधि आमलेश चौरसिया, अलख दुबे, भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुदेश्वर चौधरी, राजेश सिंह, मुखिया सीमा देवी, रामप्रवेश प्रसाद बबलू गुप्ता, शंकर प्रसाद, जय दुबे, मणिकांत सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

---

# झारखंड महिला टीम ने पंजाब को 6-0से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 20 से 30 दिसंबर 2022 तक भुवनेश्वर में आयोजित क्वालीफाई खेलो इंडिया यूथ गेम्स अंडर-18 हॉकी प्रतियोगिता में सोमवार को हॉकी झारखंड के महिला टीम ने अपने लीग के अंतिम मैच में हॉकी पंजाब को 6-0 से पराजित कर लीग में अपराजय रही। आज के मैच में रजनी केरकेट्टा और प्रमोदिन लकड़ा ने दो दो गोल तथा बिनीमां धान एवम निक्की कुल्लू ने एक-एक गोल की। झारखंड टीम के जीत पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार ,मनोज कोंनबेगी, चंद्रायानी मजूमदार ,माइकल लाल ,बिगन सोय, असरिता लकड़ा, झारखंड खेल प्राधिकरण के देवेंद्र सिंह, सहित हॉकी झारखंड एवम खेल विभाग के पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

महिला टीम में रश्मि होरो, नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निक्की कुल्लू, प्रमोदनी लकड़ा,बिनिमा धान, बालो होरो, ईडलिन बागे, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, निशा मिंज, अनुप्रिया सोरेन, पिंकी कुमारी, रीना कुल्लू, अंकिता डुंगडुंग, सलोमी कांडुलना, ,संजना होरो, मोनिका नाग सहित अन्य शामिल है।

**ज्ञान की बात**

अगर आपने अपनी मेहनत से दो पैसे कमाए हैं तो आप मान कर चलें, वह धन आपको और आपके परिजनों-बंधु-बांधवों को लगेगा, लोगों का कल्याण होगा। लेकिन, अगर वह धन आपने झूठ, प्रपंच और धोकाधड़ी करके जमा किया है तो यह मान कर चलें कि उस धन से आपका, आपके परिवार का, बंधु-बांधवों का हरगिज भला होने वाला नहीं। आप गलत तरीके से पैसे कमा कर अमीर तो हो सकते हैं पर आप कभी भी चैन से आठ घंटे की नींद नहीं ले सकते हैं, कभी आपको शांति नहीं मिलेगी। -दर्शन

# नफरती बोल से तो सामाजिक समरसता बिगड़ेगी ही

***एक*** बार फिर से भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने विवादास्पद बयान दे दिया है। इस बार साध्वी ने कहा है कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। इसलिए, हर सनातनी को चाहिए कि वह अपने घर में चाकू रखे। न सिर्फ चाकू रखें, वरन उसकी धार भी तेज रखें। उनके इस बयान से समाज का ताना-बाना गड़बड़ाएगा ही, बैलेंस बिगड़ेगा ही।

यह वही प्रज्ञा ठाकुर हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी माफ नहीं किया था। अब वही प्रज्ञा ठाकुर नफरती भाषा का इस्तेमाल कर रही हैं। अचरज इस बात को लेकर है कि वह भोपाल में अर्थात अपने संसदीय क्षेत्र में यह बयान दे रही हैं और वहीं, उसी भोपाल में शिवराज सिंह चौहान भी बैठ कर सत्ता का संचालन करते हैं। उनकी तरफ से प्रज्ञा ठाकुर के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हां, कांग्रेस ने इसे जरूर जहरीला बयान बताया है।

प्रज्ञा ठाकुर का यह कहना कि उनके पास (अल्पसंख्यकों के पास) लव जिहाद की जिहादी की परंपरा है। अगर कुछ नहीं करते हैं तो लव जिहाद करते हैं। अगर वो प्यार भी करते हैं तो उसमें जिहाद करते हैं। हम (हिंदू) भी प्यार करते हैं, भगवान से प्यार करते हैं, एक संन्यासी अपने भगवान से प्यार करता है। इसलिए, जो लोग लव जिहाद करते हैं, उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब देना उचित होगा। अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं। इसके अलावा आत्मरक्षा के लिए घर में धारदार चाकू रखने के लिए कहा।

जाहिर है, इस किस्म के बयान से समाज में नफरत का ही माहौल बनेगा। आप चाकू रखने को कहेंगे तो दूसरा पक्ष गंड़ासा रखने को कहेगा। ये सब है क्या। क्यों हमें चाकू और गंड़ासा रखने की बात कहने की जरूरत आन पड़ी, यह बड़ा मुद्दा है।

समाज का ताना-बाना कभी प्रज्ञा ठाकुर बिगाड़ती हैं तो कभी इस्लाम के कुछ तथाकथित मौलवी-मौलाना। ये धर्म को लेकर इतना प्रवचन क्यों देते हैं, यह बात भी समझनी होगी। यह ध्रुवीकरण का जो खेल है, वह कहां जाकर

**प्रज्ञा ठाकुर सदैव जहीरीली, भड़काऊ और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करने वाले उद्गारों के लिए ही जानी जाती हैं। चौहान सरकार को उनके खिलाफ कड़क कानूनी कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है...**

रूकेगा। जिस संसदीय क्षेत्र की वह नुमाइंदगी करते हैं, उस संसदीय क्षेत्र की स्थिति क्या है, विकास के किस पायदान पर वह शहर खड़ा है, यह भी समझना होगा। यह देखना होगा कि कहीं यह सब विकास में असफल होने पर तो नहीं किया जा रहा। यह भी कि क्या यह सब एजेंडे के तहत चल रहा है। अगर हां तो यह आम जनता की जिम्मेदारी बनती है कि वो नफरत फैलाने वालों को अपनी बुद्धि से माकूल जवाब दें। समाज में समरसता नहीं तो विकास हो नहीं सकता। लव जिहाद का नाम लेकर दो संप्रदायों-धर्मों के बीच नफरत फैलाने के जुर्म में साध्वी के खिलाफ कड़क कार्रवाई होनी चाहिए।

# नेपाल में भारत से ऐसी चूक हुई कैसे?



***नेपाल*** को लेकर भारत की रणनीति विफल मानी जाय या इसे बेफिक्री कहा जाए! यह सवाल इसलिए समीचीन है क्योंकि अपेक्षाकृत भारत समर्थक मानी जाने वाली नेपाल की प्रमुख राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनाते-बनाते रह गई, प्रचंड सहित गठबंधन के उसके सभी सहयोगी बिखरकर कट्टर भारत विरोधी छविधारी केपी शर्मा ओली के साथ जा मिले। राजनीतिक समीक्षकों की नजर में इसे भारत के मुकाबले चीन की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है।

इस बार जैसा चुनावी परिदृश्य था, चीन कितना भी चाह लेता, बिना प्रचंड को साथ लाए ओली की सरकार बनने की तनिक भी संभावना नहीं थी। प्रधानमंत्री की कुर्सी को लेकर ओली ने यदि बड़ा दिल दिखाया तो इसके पीछे बेशक चीन है जो ओली को 78 सदस्यों की कुर्बानी के साथ महज 32 सीटों वाले प्रचंड को प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंपने के लिए राजी कर लिया। भारत भी चाहता तो नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा को मनाकर ऐसा कर सकता था लेकिन वह इसमें चूक गया। चीन नेपाल को खुद के लिए कितना जरूरी समझता है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह चुनाव से लेकर परिणाम आने तक मनमाफिक सरकार बनाने के लिए जी जान से लगा हुआ था जबकि भारत **किसी दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति** के तहत सुस्त पड़ा हुआ था। चीन के ही इशारे पर ओली और प्रचंड के बीच सरकार चलाने के लिए आधे-आधे पर करार हुआ है। प्रचंड अपने ढाई साल के कार्यकाल में नेपाल के लिए क्या कुछ कर पाते हैं यह भी एक बड़ा सवाल है। नेपाली जनता नई सरकार से कितना खुश है इसका आकलन कुछ माह बाद करना होगा। हां, वह राजशाही खत्म होने के बाद के अब तक की सरकारों से खुश नहीं है। परिवर्तन जैसी अनुभूति से महरूम नेपाली लोगों के हिस्से सिर्फ सरकार सरकार का खेल ही आया।

बताने की जरूरत नहीं कि नेपाल में किसी भी राजनीतिक गतिविधि में काठमांडू स्थित भारतीय और चीनी दूतावास की पैनी नजर रहती है। मनमाफिक सरकार के गठन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका भी होती है। भारतीय दूतावास के फीडबैक पर ही नेपाली कांग्रेस और प्रचंड के एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भारत की अप्रत्यक्ष सहमति रही होगी जबकि 2017 के चुनाव के बीच ही प्रचंड नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़ ओली के साथ मिलकर चुनाव लड़े थे। तब भी ओली ने उन्हें ढाई साल प्रधानमंत्री बनने का भरोसा दिया था। प्रधानमंत्री नहीं बन पाए तो वे फिर नेपाली कांग्रेस के साथ आ गए। मिलकर चुनाव लड़े और 32 सीटें हासिल कर लीं। देउबा के साथ गठबंधन में वे प्रधानमंत्री पद के ख्वाहिशमंद थे। बात नहीं बनी तो फिर ओली के साथ जा मिले। प्रचंड ओली के समर्थन से प्रधानमंत्री तो बन गए लेकिन उनकी मर्जी के बिना क्या कुछ कर पाएंगे, यह भी एक बड़ा सवाल है।

इधर हाल के वर्षों में प्रचंड के भीतर भारत के प्रति सार्थक बदलाव देखने को मिला है। अब वे भारत विरोधी ओली के साथ आकर इसे बचा पाते हैं या फिर भारत के खिलाफ खड़े होने को मजबूर होते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। इसलिए जो शख्स कुर्सी की लालच में जब चाहे तब दल बदल देता हो या किसी को भी अपने साथ मिला ले, उस पर भरोसा करने की कोई वजह नहीं दिखती। दुआ करनी चाहिए कि प्रचंड भारत के प्रति मौजूदा अपने रुख पर कायम रह सकें। यह भी उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रचंड बतौर प्रधानमंत्री चीन के हाथ की कठपुतली बन कर भारत को नजरंदाज करने की भूल नहीं करेंगे। नेपाली राजनीति के जानकारों का मत है कि भारत यदि देउबा के साथ मिलकर प्रचंड को प्रधानमंत्री बनाने की पहल में कामयाब हो पाता तो कभी नेपाल की राजनीति में एक कट्टर भारत विरोधी नेता रहे प्रचंड में काफी बदलाव देखने को मिलता। अब, जब वे ओली के साथ जा मिले तो इसे भारत विरोधी दो बड़ी शख्सियतों के मेल मिलाप के रूप में देखा जाना चाहिए। आखिर 2008 के अपने पहले कार्यकाल में प्रचंड ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए चीन को तरजीह देकर भारत के प्रति अपनी मंशा का इजहार कर दिया था। हालांकि प्रचंड का पहला कार्यकाल मात्र नौ महीने का ही रहा। नेपाल की राजनीति में राजशाही के वक्त से ही नेपाली कांग्रेस का रुख भारत के प्रति नरमी का रहा है। पिछले कुछ वर्षों की तरफ देखें तो नेपाल के मामले में भारत की रणनीति विफल ही रही है। अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाने वाले हमारे ये ब्यूरोक्रेट्स नेपाल में क्यों विफल हो रहे हैं, भारत को सोचना होगा।

**भारतीय दूतावास के फीडबैक पर ही नेपाली कांग्रेस और प्रचंड के एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भारत की अप्रत्यक्ष सहमति रही होगी जबकि 2017 के चुनाव के बीच ही प्रचंड नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़ ओली के साथ मिलकर चुनाव लड़े थे। तब भी ओली ने उन्हें ढाई साल प्रधानमंत्री बनने का भरोसा दिया था। प्रधानमंत्री नहीं बन पाए तो वे फिर नेपाली कांग्रेस के साथ आ गए।**

इन दिनों



यशोदा श्रीवास्तव

## बोधि वृक्ष

### धनवान बनने का आध्यात्मिक रहस्य

(गतांक से आगे)

उसे नहीं मालूम था कि इस पुराने घड़े में माणिक्य रखा हुआ है, अतः उसने पानी लेकर धोने के लिए जैसे ही घड़े को उल्टा किया, माणिक्य निकलकर नदी की धार में बह गया।

जब ब्राह्मण नींद से जागा तो घड़े को यथास्थान न देखकर अपनी पत्नी से पूछने लगा। जब पत्नी ने सारा हाल बताया तो वह सिर पकड़कर बैठ गया। अपने दुर्भाग्य का रोना रोकर दूसरे दिन फिर से वह भिक्षा के लिए निकल पड़ा। अगले दिन फिर जब श्रीकृष्ण और अर्जुन नगर भ्रमण के लिए निकले तो उन्होंने फिर से ब्राह्मण को भिक्षा मांगते हुए दरिद्र अवस्था में देखा। इस बार फिर अर्जुन उसके निकट गया और कारण पूछा तो ब्राह्मण ने सारा वृतांत बताकर अपने दुर्भाग्य का रोना रोया। अब तो अर्जुन ने भी सोच लिया कि इस ब्राह्मण का किस्मत ही खराब है, इसके जीवन में सुख है ही नहीं। तभी श्रीकृष्ण वहाँ आये और उन्होंने ब्राह्मण को दो पैसे भेंट किये। यह देखकर अर्जुन हँसते हुए बोलाः हे केशव! जब मेरी दी हुई मुद्राएँ और माणिक्य इस अभागे की दरिद्री नहीं मिटा सके तो आपके दो पैसे से इसका क्या भला होगा?

यह सुनकर श्रीकृष्ण मुस्कुराये और बोलेः चलो ! इसके पीछे चलकर ही देख लेते है, क्या होता है? अब ब्राह्मण रास्ते में सोचता जा रहा था कि दो पैसे से तो किसी एक व्यक्ति के लिए भोजन भी नहीं आता, पता नहीं प्रभु ने मुझे ऐसा तुच्छ दान क्योंकर दिया होगा?

(क्रमशः)

# भाजपा यूं ही ईसाई वोटरों पर डोरे नहीं डाल रही है

***मिशन*** 2024 की तैयारियों में जुटी भाजपा की नजर पसमांदा मुस्लमानों के बाद ईसाई वोटरों पर है। बीते शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संस्था राष्ट्रीय ईसाई मंच ने चर्च के पादरियों और ईसाई नेताओं के लिए भोज का आयोजन किया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जॉन बरला ने खुद इसकी मेजबानी की। मोदी सरकार के आने के बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब कोई मंत्री ईसाई नेताओं के लिए भोज की मेजबानी की हो। रिपोर्ट के मुताबिक केरल, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मध्य प्रदेश समेत सात राज्यों के चर्च प्रमुखों को इस भोज के लिए आमंत्रण भेजा गया था।

2020-21 में चर्च और ईसाई समुदाय के लोगों पर देशभर में कई हमले हुए, जिसको लेकर केंद्र सरकार पर सवाल भी उठा। चर्च के प्रमुखों को भोज में बुलाकर भाजपा सबका साथ, सबका विकास का संदेश देने की कोशिश कर रही है। कश्मीर समेत दक्षिण के कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। यहां आदिवासी बेल्ट में ईसाई समुदाय के लोग कई सीटों पर निर्णायक भूमिका में है। भोज के बहाने भाजपा ईसाई समुदाय को साथ काम करने का मैसेज दे रही है। नजर लोकसभा चुनाव पर है, जहां 19 सीटों पर ईसाई वोटर्स प्रभावी हैं। झारखंड, केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में ईसाईयों की आबादी काफी तादाद में है। देश की 19 लोकसभा सीटें ऐसी है, जहां ईसाई आबादी 20% से ज्यादा है। इनमें 2 सीटें ऐसी है, जहां 85% के करीब ईसाई वोटर्स हैं। यानी 19 सीटों पर जीत हार का गणित ईसाई वोटर्स ही तय करते हैं।

भाजपा ने 2014 में ईसाई बहुल 19 में से 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस को 8 और अन्य को 6 सीटें मिली थी। 2019 में भाजपा की सीटों की संख्या में जहां बढ़ोतरी हुई, वहीं ईसाई बहुल इलाके में सीटें कम हो गई। 2019 में 19 में से कांग्रेस को 10, भाजपा को 4 और अन्य को 5 सीटों पर जीत मिली। झारखंड की दोनों लोकसभा सीटें खूंटी और लोहरदगा में भाजपा ने जीत हासिल की थी।

केरल में 18 फीसदी ईसाई वोटर हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में राज्य के दो प्रमुख मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियाई चर्च और दूसरे गुट जैकबाइट चर्च के बीच लड़ाई में एलडीएफ को फायदा मिल गया था। पार्टी इस बार दोनों चर्चों के बीच सुलह कराने में जुटी है। राज्य के 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा को 11.3 फीसदी वोट मिले थे।

2024 से पहले भाजपा ने पसमांदा मुस्लमानों को भी साधना शुरू कर दिया है। हाल ही में पसमांदा मुस्लमानों को साथ लेकर पार्टी ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की है। रामपुर और आजमगढ़ सपा का मजबूत गढ़ माना जाता था। दोनों सीट जीतने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा अपना वोटबैंक बढ़ाने की कोशिश कर रही है। करीब 80 सीटें ऐसी है, जहां पसमांदा वोटर्स बहुयात संख्या में है।

2019 के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ईसाई समुदायों को साधने के लिए राष्ट्रीय ईसाई मंच बनाया। इस मंच की कमान कभी सोनिया गांधी के करीबी रहे टॉम वडक्कन को दी गई है। वडक्कन भाजपा के प्रवक्ता भी हैं और देशभर में ईसाई समुदायों के साथ लगातार बैठक भी करते हैं। संघ ने 2016 में पहली बार ईसाई मंच बनाने का पहल किया था, लेकिन चर्चों के बीच बात नहीं बन पाई थी। इसके बाद मुस्लिम मंच के कॉर्डिनेटर और प्रचारक इंद्रेश कुमार को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी।

यह माना जाता रहा है और सच भी है कि ईसाई वोटर मूलतः कांग्रेस को ही वोट देता रहा है। यह 1947 से अब तक है। कांग्रेस जब अपने सबसे खराब दिनों में थी, तब भी ईसाई वोटर टस से मस नहीं हुए थे। लेकिन, 8 साल के इस अंतराल में उनकी भी भावनाएं बदली हैं। उनकी भावनाओं को बदलने का काम संघ की अनेक आनुषंगिक इकाइयों ने किया है। आने वाले दिनों में अगर पसमांदा मुसलमानों की ही तरह ईसाई धर्म से भी लोग भाजपा के पक्ष में बोलते नजर आ जाएं तो बहुत हैरत करने वाली बात नहीं होनी चाहिए।

**ईसाई वोटर कांग्रेस से हटे नहीं पर 8 साल के इस अंतराल में उनकी भी भावनाएं बदली हैं। उनकी भावनाओं को बदलने का काम संघ की अनेक आनुषंगिक इकाइयों ने किया है। आने वाले दिनों में अगर पसमांदा मुसलमानों की ही तरह ईसाई धर्म से भी लोग भाजपा के पक्ष में बोलते नजर आ जाएं तो बहुत हैरत करने वाली बात नहीं होनी चाहिए।**

भाजपा की रणनीति



अविनीश

## फोटो की दुनिया



इंडिया टीवी के मालिक रजत शर्मा ने सोमवार को लखनऊ में यूपी के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# अकेले कांग्रेस ने ही नहीं लड़ी देश की आजादी की लड़ाई

***कांग्रेस*** के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के स्वतंत्रता आंदोलन संबंधी बयान पर भाजपा का तीखा विरोध स्वाभाविक है। खड़गे ने कहा कि आजादी दिलाने में कांग्रेस के नेताओं ने कुबार्नी दी, लेकिन उनका (भाजपा नेताओं का) तो कुत्ता भी नहीं मरा। खड़गे ने कुत्ता शब्द का इस्तेमाल कर दिया, नहीं तो कांग्रेस सहित कई पार्टियों के नेता कहते रहे हैं कि भाजपा का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था। कुछ यह भी कह देते हैं कि संघ अंग्रेजों के पक्ष में था।

15 अगस्त, 1947 से पूर्व कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि स्वतंत्रता संघर्ष का एक व्यापक मंच थी। स्वतंत्रता संघर्ष करने वाले दूसरी विचारधाराओं के लोग भी कांग्रेस के मंच से काम करते थे।

कांग्रेस के नेता हिंदू महासभा की आलोचना करते हैं, लेकिन तब कोई व्यक्ति एक साथ हिंदू महासभा और कांग्रेस दोनों का सदस्य हो सकता था। यहां तक कि अध्यक्ष भी। पंडित मदन मोहन मालवीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे और कांग्रेस के भी।

वर्तमान कांग्रेस तब के कांग्रेस के उन नेताओं का नाम नहीं लेती, जिनकी विचारधारा को हिंदुत्ववादी या सांप्रदायिक मानती है। बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय, दोनों उन स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिनिधि थे जो हिंदुत्व और धर्म-अध्यात्म के आधार पर भारत का विचार करते थे। क्या इनका आजादी के आंदोलन में योगदान नहीं था? डॉ. राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे नेता भी कांग्रेस के साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष में सक्रिय थे। क्या कांग्रेस ऐसे नेताओं की भूमिका स्वीकार करती है?

वास्तव में छोटे-बड़े कई संगठन और संगठनों से परे लाखों की संख्या में ऐसी विभूतियां थीं, जिन्होंने अपने-अपने स्तर पर आजादी की लड़ाई में योगदान किया, बलिदान दिया। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर उन गुमनाम स्वतंत्र सेनानियों का योगदान सामने लाया जा रहा है। जितने सेनानियों के विवरण आ रहे हैं, वे बताते हैं कि कोई एक संगठन या कुछ नेता स्वतंत्रता का श्रेय नहीं ले सकते। अब स्वतंत्रता संघर्ष के बारे में कुछ दूसरे पक्ष।

भारत का स्वतंत्रता संघर्ष कांग्रेस की स्थापना के पहले लंबे कालखंड से चलता रहा। अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष भी 1756-57 में प्लासी युद्ध के साथ आरंभ हो गया था। जैसे-जैसे अंग्रेजी शासन का विस्तार होता गया, उसके विरुद्ध विद्रोह और संघर्ष भी बढ़ता गया। कांग्रेस की स्थापना 1885 में हुई और उसके अंग्रेजों के विरुद्ध मुखर आवाज बनने की शुरूआत बीसवीं सदी के पहले दशक के उत्तरार्ध से हुई, जब 1905 में बंग-भंग आंदोलन हुआ। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का सच क्या था? कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को अंग्रेजों ने जेल में डाल दिया था। फिर आंदोलन पूरे भारत में कैसे फैला? जगह-जगह लोगों ने स्वतः प्रेरणा से अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का झंडा उठाया और आंदोलन अहिंसक भी नहीं रहा। कहने का यह अर्थ नहीं कि 1942 का आंदोलन कांग्रेस का नहीं था। कांग्रेस के स्थानीय सदस्य उसमें शामिल थे, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी आंदोलन कर रहे थे जो कांग्रेस के सदस्य नहीं थे।

जहां तक का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रश्न है तो उसने संगठन के रूप में आंदोलन में भाग नहीं लिया, लेकिन स्वयंसेवक स्वतंत्रता आंदोलन में संघर्षरत रहे और उनमें से कइयों ने बलिदान भी दिया। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार अपने कोलकाता अध्ययन के दौरान तब के सबसे बड़े क्रांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति के सदस्य थे। वहां से आने के बाद उन्होंने खिलाफत आंदोलन से असहमति रखते हुए भी असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया और जेल गए। 1929 में कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित करने के बाद डॉ. हेडगेवार ने सभी शाखाओं पर तिरंगा झंडा फहराने का संदेश दिया और तिरंगा फहराया गया। नमक सत्याग्रह के लिए डॉ। हेडगेवार ने सरसंघचालक पद से कुछ समय के लिए स्वयं को अलग किया और डॉ। परांजपे को जिम्मेदारी सौंपकर स्वयंसेवकों के साथ निकल पड़े। सच यह है कि तब कांग्रेस डॉ. हेडगेवार का समर्थन करती थी।

**1929 में कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित करने के बाद डॉ. हेडगेवार ने सभी शाखाओं पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया था। नमक सत्याग्रह के लिए डॉ। हेडगेवार ने सरसंघचालक पद से कुछ समय के लिए स्वयं को अलग किया और डॉ। परांजपे को जिम्मेदारी सौंपकर स्वयंसेवकों के साथ निकल पड़े। सच यह है कि तब कांग्रेस डॉ. हेडगेवार का समर्थन करती थी।**

नजरिया अपना-अपना



अवधेश कुमार

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

## दो युवतियों की नदी में डूबने से मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पाताकुटरू क्षेत्र में पिकनिक मनाने गयीं दो युवतियों की इंद्रावती नदी में डूबने के कारण में मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार भैरमगढ़ ब्लॉक के पाताकुटरू क्षेत्र में रविवार को कुछ युवतियां पिकनिक मनाने के लिए गयी थीं। वे इंद्रावती नदी के किनारे पर थीं। अचानक दो युवतियां डूबने लगीं। गहरे पानी में जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी। गोताखोरों की मदद से उनके शव निकाले गए और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए गए। मृत लड़कियों की पहचान निशा चौधरी और चिंताकुमारी के रूप में हुयी है।

## निकाय चुनाव के दूसरे चरण का चुनावी शोर थमा, मतदान कल

**पटना।** बिहार में दूसरे और आखिरी चरण के लिए चुनावी शोर थम गया है। 28 दिसंबर को 68 नगर निकायों पर वोटिंग होगी। बता दें कि 28 दिसंबर की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डालेंगे जाएंगे। दूसरे चरण में पटना के महापौर और उपमहापौर समेत 75 वार्डों पर पार्षद पद के लिए चुनाव होगा। वोटिंग के लिए पूरे पटना नगर निगम क्षेत्र में 1893 बूथ बनाए गए हैं। पहले चरण में 156 नगर निकायों के लिए वोट डाले गए थे। इन सभी पर रिजल्ट भी घोषित किए जा चुके हैं। दूसरे चरण की वोटिंग के बाद 30 दिसंबर को काउंटिंग होगी। इस तरह बिहार में निकाय चुनाव संपन्न हो जाएंगे।

## कमलनाथ ने शंकरदयाल शर्मा की पुण्यतिथि पर नमन किया

**भोपाल,** पूर्व राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा की पुण्यतिथि पर सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। श्री कमलनाथ ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा पूर्व राष्ट्रपति, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वर्गीय डॉ। शंकरदयाल शर्मा जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि व नमन। भारत के प्रथम नागरिक, केंद्रीय मंत्री और भोपाल स्टेट के मुख्यमंत्री के रूप में उनका अनन्य योगदान सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।

## अनुराग ठाकुर खेल संबंधी आयोजनों के लिए भोपाल पहुंचे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में खेल संबंधी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर सोमवार को यहां पहुंचे और उन्होंने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ विभाग के मैदानों और वॉटर स्पोटर्स केंद्र का अवलोकन किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री ठाकुर देर शाम को यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में "खेलो इंडिया" के "लोगो" अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान स्थानीय रवींद्र भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार के खेल पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। "खेलो इंडिया यूथ गेम्स 5.0" की मेजबानी का अवसर इस बार मध्यप्रदेश को मिला है और इसका आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक भोपाल और राज्य के चिंहित शहरों में किया जाएगा।

## छात्रों ने कैट परीक्षा में प्राप्त किए 99 फीसदी से अधिक अंक

**कोलकाता।** भारत के अग्रणी शिक्षण मंच अनएकेडमी के माध्यम से 50 से अधिक शिक्षार्थियों ने कैट 2022 परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सर्वाधिक अंक हासिल करने वालों में मृदुल अग्रवाल (कोलकाता, 99.99), अनीस कुमार सिंह (जामुई, 99.8), नमन कोठारी (अहमदाबाद, 99.97), कृष बेहरवानी (इंदौर, 99.97), आदित्य प्रकाश सिंह (नवी मुंबई, 99.97), अदिति तिरथ संजानवाला (नवसारी 99.90), नितिन मंगला (बहादुरगढ़ 99.89) एवं कृष्णा गोयल (खैरथल 99.87) शामिल हैं।

# एक बार फिर सीबीआई की रडार पर लालू यादव

**एजेंसी। पटना**

सीबीआई ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कथित रूप से भ्रष्टाचार के एक पुराने मामले को खोल दिया है। आरोप है कि लालू यादव ने यह गड़बड़ियां यूपीए सरकार में रेलवे मंत्री रहने के दौरान की थीं। इस मामले में सीबीआई ने मई 2021 में जांच को बंद कर दिया था। उनके बेटे बेटियां भी आरोपियों में शामिल हैं।



### सीबीआई ने खोला लालू के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस

बता दें कि सीबीआई ने इस मामले में साल 2018 में जांच शुरू की थी और मई 2021 में जांच को बंद कर दिया गया था। बताया जाता है कि सीबीआई को लालू के खिलाफ आरोपों पर पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। इस मामले में लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उनकी बेटी चंदा यादव और रागिनी यादव को भी अभियुक्त बनाया

### क्या है रेलवे परियोजनाओं से जुड़ा मामला

बताया जाता है कि इस मामले में कहा गया था कि लालू यादव ने रेलवे के प्रोजेक्ट्स निजी कंपनी को देने के एवज में दक्षिणी दिल्ली की एक प्रॉपर्टी रिश्वत के तौर पर हासिल की थी। आरोप था कि इस निजी कंपनी ने एक शेल कंपनी के जरिए प्रॉपर्टी काफी कम दाम में खरीदी और फिर इस शेल कंपनी को तेजस्वी यादव और लालू यादव के संबंधियों ने खरीद लिया। शेल कंपनी को खरीदने के लिए महज चार लाख रुपये की राशि शेयर ट्रांसफर के जरिए चुकाई गई।

### आईआरसीटीसी घोटाले में फिर जांच शुरू

रेलवे की परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू होने से लालू परिवार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इससे पहले उन्हें अन्य मामलों में सजा हो चुकी है और लालू लंबे समय तक जेल में भी रहे। हाल ही में लालू का सिंगापुर में ऑपरेशन किया गया था, जिसमें उनकी बेटी ने किडनी डोनेट की थी। लालू का नाम चारा घोटाले में बतौर मुख?य आरोपी रहा। फिलहाल, लालू के खिलाफ केस दोबारा खुलने की खबरों से राज्य में एक बार फिर सियासत गर्म होने की आशंका है।

# गया में 11 विदेशी नागरिक पाये गये कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी। गया**

तिब्बतियों के आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा के प्रवचन कार्यक्रम में शामिल होने आए ग्यारह विदेशी नागरिक कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने सोमवार को यहां बताया कि गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच की जा रही है। इसी क्रम में विदेश से आने वाले ग्यारह विदेशियों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। ग्यारहों विदेशी दलाई लामा के बोधगया में आगामी 29, 30 और 31 दिसम्बर को होने वाले टीचिंग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। इनमें एक म्यांमार एवं तीन बैंकाक के नागरिक हैं। उन्हें बोधगया के एक होटल में आइसोलेट किया गया है। चारों की स्थिति सामान्य है और उनका इलाज किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि कोरोना पोजेटिव पाए जाने के बाद जांच प्रक्रिया को और तेज कर दिया गया है। गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा और गया रेलवे स्टेशन पर कोरोना जांच की जा रही है।

# शराबकांड : तीन मुख्य आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार के छपरा शराबकांड में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। शराब बनाने, बेचने और तस्करी के खिलाफ पुलिस छापेमारी कर रही है। इसी अंतराल में पुलिस ने छपरा शराबकांड में तीन मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। इसकी जानकारी पटना एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने दी। कहा कि पुलिस ने अब तक तीन मुख्य आरोपी सहित कुल 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में कई रासायनिक पदार्थ और होम्योपैथिक दवा बरामद की गई है।

**होम्योपैथिक की दवा बरामद:** मुख्यालय एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि सारण पुलिस लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में दो थानों में मामला दर्ज है, जिसमें मसरख व इसुआपुर में मामला दर्ज किया गया है। अब जो खुलासे हुए हैं उसमें मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया



है। परिवहनकर्ता और किस गाड़ियों से जहरीली शराब की सप्लाई की गई थी इसका भी पता चल गया है। इसुआपुर थाना क्षेत्र से कई तरह की रासायनिक पदार्थ और होम्योपैथिक की दवा बरामद की गई है।

**छपरा जहरीली शराब कांड:** छपरा में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 73 है। सारण के मशरक, मढ़ौरा, इसुआपुर और अमनौर प्रखंड में ही ये मौतें हुईं हैं। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्करी करने वाले 150 से ज्यादा धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। क्योंकि कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। छपरा सदर अस्पताल, पीएमसीएच और एनएमसीएच में मरीजों का इलाज चल रहा है। मामले में मनवाधिकार की टीम भी लगातार जांच कर रही है

### रासायनिक पदार्थ से बनायी गयी है शराब



**शराबकांड** की जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि रासायनिक पदार्थ से जहरीली शराब बनाई जाती थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए 24 दिसंबर को मुख्य तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। तीन आरोपी में अर्जुन सिंह, राजेश सिंह और शैलेंद्र राय शामिल है। जिससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अब तक 14 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। साथ ही जो रासायनिक पदार्थ मिला है उसको भी जांच के लिए भेजा गया है। अभी दो और आरोपी की गिरफ्तारी बची है जिसके लिए छापेमारी की जा रही है। शराबकांड मामले में उद्भेन कर लिया गया है। इस मामले में 24 दिसंबर को तीन मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वहीं दो अभी भी फरार है, जिसके विरुद्ध छापेमारी की जा रही है।

**– जितेंद्र सिंह गंगवार, एडीजी, पटना**

# लोस चुनाव में जदयू का सूपड़ा साफ कर देंगे : राय



**एजेंसी। पटना**

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंदराय ने सोमवार को महागठबंधन और नीतीश सरकार पर जम कर निशाना साधा। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नित्यानन्द राय ने कहा कि 17 साल हो गए नीतीश कुमार को बिहार का शासन चलाते हुए। लेकिन अब उन्हें याद आया कि जनता की सुध ली जाए। वैसे वह हर साल यात्रा करते हैं, इस साल यात्रा की जो बात कर रहे हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। राज्य की जनता समझ गई है कि वह किस तरह का राज चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जदयू का सूपड़ा साफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की यह हताशा की यात्रा होने जा रही है। कुढ़नी और गोपालगंज के चुनाव परिणाम से नीतीश घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सूबे में जहरीली शराब का अवैध धंधा फल फूल रहा है। छपरा शराब मौत मामले पर नीतीश कुमार का बयान पियोगे तो मरोगे सही नही है। नित्यानंद राय ने कहा कि पेपर लीक मामले में सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है। एनडीए के शासन में भले ही नीतीश मुख्यमंत्री रहें हों लेकिन भाजपा के मंत्रियों के लगन और कड़ी मेहनत से ही सूबे में विकास हुआ है। वहीं उन्होंने राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि राजद तुष्टिकरण और वोट की राजनीति कर रही है। इससे देश को नुकसान हुआ है। हिंदू को गाली देना धर्म निरपेक्षता है क्या? भाजपा सर्व धर्म संभाव पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि राजद वाले भाजपा को दंगाई कहते हैं, यह उनकी तुष्टिकरण की राजनीति है। वे अपने फायदे के लिए भाजपा को दंगाई कहते हैं। भाजपा अपने देश की संस्कृति, सम्मान, धर्म को नुकसान नहीं पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के शासन कल में अराजक स्थिति है। आए दिन परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो रहे हैं। राज्य में शराबबंदी पहले से फेल है।

## पचास रुपये घूस मांगने पर सिपाही सस्पेंड

**बलिया।** जिले के शिवपुर दियर चौकी पर तैनात एक सिपाही को 50 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि शिवपुर दियर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही आयुष सिंह का घूस मांगने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह बिहार सीमा पर जनेश्वर मिश्र सेतु से सामान लदे भारी वाहनों की आवाजाही के लिए पचास रुपये की घूस मांग रहा है। इस दौरान एक वाहन चालक एडवांस में पचास रुपया जमा करने की बात कह रहा है तो सिपाही भड़क जाता है तथा गालियां देने लगता है। इसके बाद वाहन चालक पचास रुपए के स्थान पर तीस रुपए दे रहा है तो सिपाही फिर से गालियां देने लगता है तथा चौकी इंचार्ज से मिलने की बात कह रहा है। मामले में कार्यवाहीं करते हुए एसपी राज करन नैय्यर ने रविवार की शाम आरक्षी आयुष सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शहर कोतवाली के प्रभारी राजीव सिंह ने निलम्बन की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस उपाधीक्षक शहर को मामले का जांच अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक हुआ वीडियो कई दिन पहले का है।

# नये साल में राजनीतिक यात्राओं से बिहार में बढ़ेगी सियासी हलचल

**एजेंसी। पटना**

नये साल 2023 में बिहार में राजनीतिक यात्राओं को लेकर सियासी हलचल बढ़ने के संकेत मिलने लगे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित यात्रा की राजनीति पर भाजपा भी पलटवार करने की तैयारी में जुट गई है। भाजपा ने भी ऐलान कर दिया है कि जहां-जहां नीतीश कुमार जाएंगे, एक हफ्ते के अंदर भाजपा भी उसी जगह जाकर नीतीश कुमार का पोल खोलेगी। विधान परिषद में विरोधी दल के नेता सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि अपनी यात्रा के दौरान जहां-जहां नीतीश कुमार जाएंगे। उसके एक सप्ताह के भीतर वह खुद भाजपा नेताओं के साथ वहां जाकर नीतीश कुमार



की पोल खोलेंगे और यह सच्चाई जनता को बतायेंगे की नीतीश कुमार के दावे क्या है और उसकी जमीनी हकीकत क्या है।

उधर, भाजपा के इस घोषणा के बाद यात्रा की सियासत गर्मा गई है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार की यात्रा को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। माना जा रहा है की नीतीश कुमार की यात्रा लोकसभा चुनाव के पहले जनता के नब्ज को जानने की कवायद है। जिसे नीतीश जनता के बीच जाकर खुद देखना और समझना चाह रहे है। जदयू के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के अनुसार जनता के बीच जाकर उनके बीच पहुंच कर ही ये जाना जा सकता है कि असली समस्या क्या है? सरकार की जो योजना चल रही है, वो जमीन पर ठीक तरीके से पहुंच रही है कि नहीं? नीतीश कुमार जा रहे है मंत्रियों को भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जदयू नीतीश कुमार की यात्रा को लेकर उत्साहित है। जिसकी रूप रेखा तैयार की जा रही है। ऐसे में भाजपा के भी यात्रा की सियासत में उतरने की घोषणा के बाद बिहार का राजनीतिक तापमान बढना स्वाभाविक है।

## मोदी से उप्र के कारागार मंत्री ने की शिष्टाचार भेंट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के ठीक एक दिन बाद प्रधानमंत्री से मुलाकात कर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने वाजपेयी की कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति ईमानदारी को अपना मूलमंत्र बताते हुए अपने विभाग की समीक्षात्मक प्रजेंटेशन एक बुकलेट प्रधानमंत्री को दिखाई।

# कानपुरियोंको वर्ष 2022 ने दिये बड़े जख्म, पत्थर खाकर भी काम पर लगे

**एजेंसी। कानपुर**

साल 2022 ने कानपुर वासियों को कई बड़े जख्म दिए जिसे भूल नहीं पायेंगे। पत्थर खाने के बाद भी यहां के लोग अपने काम में लगे हुए हैं और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए प्रतिदिन प्रयास कर रहें है। बता दें कि उत्तर प्रदेश का उद्योग एवं अर्थ जगत की हृदय स्थली कानपुर वासी अपने कार्य में मशगूल थे। वहां अचानक 3 जून को पत्थरबाजी शुरू हो गई। पत्थरबाजी के दौरान शहर वासी जख्मी भी हुए और समाज में बेरुखी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस एवं प्रशासन तथा समाजसेवी लोगों के अथक प्रयास से फिर से कानपुर वासी पत्थरबाजी का दर्द भूलकर अपने काम में लग गए।



**दो अक्टूबर को वर्ष 2022 ने दिया बड़ा दर्द :** कानपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव निवासी श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्राली से फतेहपुर में चंद्रिका देवी मंदिर गए थे। वाहन में करीब 50 लोग सवार थे। वापस लौटते समय साढ़ और गंभीरपुर गांव के बीच सड़क के किनारे तालाब में ट्राली पलटने से 26 की मौत हो गयी थी। कई लोग घायल हो गए थे। इस हादसे में एक घर सूना हो गया।

हालांकि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने जख्म भरने का पूरा प्रयास किया। लेकिन यह जख्म कभी न भर पाएगा। दो अक्टूबर को ही कानपुर के चकेरी थाना के अहिरवां गांव के पास हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक बच्चे समेत 10 लोग घायल हुए थे। 16 दिसम्बर को कानपुर के फजलगंज थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री में आग लगने से 3 लोगों की जान चली गई। हादसे में अग्निशमन दल के लोगों ने पांच लोगों को आग से बचाया था। वर्ष 2022 ने कई छोटे जख्म भी दिए है। जिसे कानपुर वासी नहीं भूल पाएगे। लोग जीवन यापन करने के लिए प्रति दिन प्रयास कर रहे है। वे भूल नहीं पायेंगे।

**साहिबजादा दिवस** — वीर बाल दिवस पर ऐतिहासिक समागम का आयोजन, तवांग में भी दिखा सिख रेजिमेंट का शौर्य, चीनियों की तुड़ाई की

# सिख गुरुओं का बलिदान व त्याग प्रेरणा देता है: योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान व त्याग हमें प्रेरणा देता है। गुरु गोबिंद सिंह ने अपने चार साहिबजादों को भारत की संस्कृति व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान कर दिया। यह दिन गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह, जुझार सिंह के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। यह बातें सीएम ने 5, कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर ऐतिहासिक समागम में कहीं। सीएम ने संगत व आगंतुकों को अंगवस्त्र प्रदान किया और पुस्तक का विमोचन किया। सीएम ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) घोषित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास आने वालों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप का पूजन व स्वागत किया।



### चार मुए तो क्या भया, जीवित कई हजार

सीएम ने कहा कि माता गुजरी ने अंतिम समय तक रक्षा का दायित्व निभाते-निभाते खुद को परमात्मा में लीन कर दिया। जब गुरु गोविंद सिंह महाराज से पूछा गया कि आपके चार पुत्र धर्म की रक्षा करते हुए हिंदुस्तान के लिए शहीद हो गए। तब भी उनके मुख से यही निकला कि चार मुए तो क्या भया, जीवित कई हजार। यानी परिवार नहीं, देश-समाज व धर्म के लिए जिनका पूरा जीवन समर्पित था। उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला होता है। इस क्रम में बाल दिवस के कार्यक्रम की यह श्रृंखला इतिहास से जोड़ती है। भक्ति से शक्ति प्रदान कर रही सिख गुरुओं के प्रति शीश नमन करने का अवसर प्रदान करती है।

### बचपन में मिले संस्कार बताते हैं कि धर्म के पथ का अनुसरण करना है

सीएम ने कहा कि धर्म के लिए बलिदान देने की उत्कृष्ट परंपरा को भी नमन करता हूं। प्रसन्नता है कि भारत के गौरवशाली इतिहास को पुस्तक में सचित्र उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ हो गया है। मैंने विगत वर्ष भी अनुरोध किया था कि यदि हम बताएंगे नहीं तो लोग भूल जाएंगे कि यह साहिबजादे कौन थे। इनकी क्या आयु थी। मां गुजरी के सानिध्य में बचपन से मिले यह संस्कार बताते हैं कि धर्म के पथ का अनुसरण करना है। दो पुत्र युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त होते हैं। बाबा जोरावर व फतेह सिंह दीवारों में चुन दिए जाते हैं, लेकिन उफ तक नहीं करते। वही बलिदान की प्रेरणा हमें भी विपरीत परिस्थितियों में जूझने की शक्ति देते हैं। जब भी हिंदुस्तान पर संकट आया है। पश्चिम से आने वाले हमले को रोकने के लिए पंजाब सदा दीवार बनकर खड़ा होता रहा है।

सीएम ने कहा कि तवांग की घटना (9 दिसंबर) को देख रहा था। पूछा कि भारतीय सेना चीन पर कैसे हावी हुई तो बताया गया कि सिख रेजिमेंट के एक-एक जवान दो-दो चीनी जवानों को दबाकर तुड़ाई करते थे, फिर भेजते थे। यह है शौर्य। इस परंपरा को हर स्तर पर बढ़ाने के लिए सामूहिक योगदान देना चाहिए। यह परंपरा व पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर प्राप्त होता है।

### लखनऊ व गोरखपुर के गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी का जताया आभार

लखनऊ व गोरखपुर के गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों का आभार करता हूं कि वे बाल दिवस पर इस कार्यक्रम के लिए बार-बार आग्रह करते रहे। जो कार्यक्रम यहां शुरू किया, उसकी गूंज दुनिया के सामने है। आज पीएम ने दिल्ली में इस आयोजन का शुभारंभ किया। देश-दुनिया में होड़ लगेगी कि बाल दिवस का वास्तविक आयोजन कौन होगा तो यह साहिबजादों के बलिदान का दिन होगा। यही वास्तविक इतिहास है।

### गुरु परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त करने में कोई भी बाधा नहीं आ सकती

सीएम ने कहा कि अहियागंज गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर व गुरु गोविंद सिंह से जुड़ा है। संस्कृति विभाग से कहा है कि गुरु परंपरा से जुड़े गुरुद्वारों को चिह्नित करें। कनेक्टिविटी, उसके आसपास सुंदरीकरण को लेकर ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए। नगर निगम ने पार्क की स्थापना के लिए जो कार्य किए हैं। उससे जुड़ी समस्याएं सरदार बलदेव सिंह औलख, परविंदर सिंह को बताएं। वे शासन के संज्ञान में लाएंगे। गुरु परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त करने, साहिबजादों को सम्मान देने के लिए कोई भी चीज बाधा नहीं बन सकती। प्रदेश सरकार व जनता की ओर से साहिबजादा दिवस के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों को नमन करता हूं। सीएम ने आश्वस्त किया कि सरकार आपके हितों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है और करती रहेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### अश्विन का कैच टपकाना महंगा पड़ा : शाकिब

**ढाका।** भारत के खिलाफ 2-0 से टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद बंग्लादेश के कप्तान हार की ठीकरा खराब क्षेत्ररक्षण पर फोड़ा और कहा कि टी-20 विश्वकप में हमने अच्छी फील्डिंग की थी, मगर उस प्रदर्शन को हम दोहरा नहीं सके। शाकिब ने कहा कि हमने भारत की पहली पारी में चार मौके गंवायें और दूसरी पारी में मोमिनुल हक ने शार्ट लेग पर अश्विन का कैच टपका दिया जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। यह थोड़ा निराशाजनक है, क्योंकि अन्य टीमें इस मौके को गंवा नहीं रही हैं कि हम चूक रहे हैं।

### वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर पुरस्कार को शेन वार्न का नाम

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पुरुष क्रिकेटरों को मिलने वाले वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार का नाम दिग्गज लेग स्पिनर शेन वार्न के नाम पर रखा गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यह घोषणा की। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों के पुरुष वर्ग में शेन वार्न वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार हर साल दिया जायेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन के सीईओ टॉड ग्रीनबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दौरान यह घोषणा की।

### विश्व रैपिड शतरंज का शुभारंभ

**अलमाटी/कजाकिस्तान।** विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ कजाकिस्तान की राजधानी अलमाटी में हो गया। पहले तीन दिन 26 से 28 दिसंबर के दौरान विश्व रैपिड चैंपियनशिप खेली जायेगी जबकि 29 और 30 दिसंबर को विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप खेली जाएगी। इस बार भी चार विश्व खिताब (दो पुरुष, दो महिला) दांव पर होंगे और देखना होगा की क्या कोई भारतीय विश्व खिताब जीत पाएगा। 43 देशो के करीब 300 दिग्गज खिलाड़ी शतरंज के इस फटाफट फॉर्मेट में शिरकत करने जा रहा हैं।

### स्टोक्स ने आईसीसी पर साधा निशाना

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने खेल के लंबे प्रारूप के कार्यक्रम पर पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर निशाना साधते हुए कहा कि दुनिया भर में घरेलू टी-20 लीग की बढ़ती लोकप्रियता खेल के सबसे लंबे प्रारूप के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। पाकिस्तान दौरे पर हाल ही में टीम को 3-0 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्टोक्स ने कहा : कार्यक्रम पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता जितना देना चाहिए। टी-20 विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की एक दिवसीय श्रृंखला इसका उदाहरण है। तीन मैचों की श्रृंखला का आयोजन क्या समझदारी भरा था जबकि इस श्रृंखला की कोई अहमियत नहीं थी।

# आईपीएल : केकेआर के लिए धमाल मचाने को तैयार धुरंधर



**केकेआर ने तमिलनाडु के 27 वर्षीय नारायण जगदीशन को 90 लाख में है खरीदा**

**जगदीशन ने विजय हजारे ट्रॉफी के आठ 8 मैचों में 4 शतक, एक दोहरे शतक समेत 31 छक्के हैं जमाये**

**कोलकाता। एजेंसी**

आईपीएल 2023 की मिनी नीलामी में घरेलू क्रिकेट में धमाल मचानेवाले खिलाड़ियों का भी फ्रेंचाइजियों ने हाथ थामा है। उन्हीं में से एक धुरंधर ऐसे हैं, जिन्होंने हाल ही में समाप्त हुई विजय हजारे ट्रॉफी में खेले मात्र 8 मैचों में 4 शतक, एक दोहरे शतक समेत 31 छक्के जमा दिए थे। साथ ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 830 रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। यह धुरंधर कोई और नहीं बल्कि तमिलनाडु के नारायण जगदीशन हैं। नारायण जगदीशन ने कहा है कि वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं और दो बार की आईपीएल चैंपियंस टीम का हिस्सा बनकर खुश हैं। केकेआर ने 27 वर्षीय जगदीशन को 90 लाख में खरीदा। एक साक्षात्कार में रेडिफ से बात करते हुए जगदीसन ने कई विषयों पर बात की, जिसमें उनकी पूर्व टीम, चेन्नई सुपरकिंग्स के बारे में एक सवाल भी शामिल था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भविष्य में कुछ समय के लिए फ्रेंचाइजी में लौटने का इरादा रखते हैं।

### एमएस धोनी ने दिये तकनीकी सुझाव

**जगदीशन** से एमएस धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के उनके अनुभव के बारे में पूछा गया और उन्होंने कहा कि सीएसके के कप्तान ने उन्हें बहुत सलाह दी और विकेट कीपिंग और बल्लेबाजी के बारे में तकनीकी सुझाव दिए। जगदीसन ने कहा कि जब मैं सीएसके में था तब उन्होंने मुझे बहुत सारी सलाह दी थी। मैं अपनी शंकाओं के साथ उनके पास जाता था, वह हमेशा से रहे हैं। वह मुझे विकेट कीपिंग और बल्लेबाजी के बारे में तकनीकी टिप्स देते थे।

# साल 2022 में सर्वाधिक रन बनाने में अय्यर पहले नंबर पर काबिज

**अय्यर ने साल 2022 में भारत के लिए 39 मैचों और 40 पारियों में कुल 1609 रन बनाये**

**भारतीय खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड बनाए और तोड़े लेकिन आईसीसी ट्रॉफी के लिए उनकी तलाश अभी भी जारी**

**दिग्गज विराट कोहली ने अपने सूखे को खत्म किया और इस साल अपना 71वां शतक बनाया**



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत ने 2022 का अपना आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेला है और वे इस साल का अंत शानदार तरीके से करने में सफल रहे हैं। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को हराकर सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। कई मायनों में, यह भारत के लिए कभी खुशी तो कभी गम भरा साल रहा है।

भारतीय खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड बनाए और तोड़े लेकिन आईसीसी ट्रॉफी के लिए उनकी तलाश अभी भी जारी है। इस साल, रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की अगुआई में पुरुषों ने एशिया कप और सबसे महत्वपूर्ण टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन वे दोनों मार्की इवेंट्स में फिनिशिंग लाइन पार करने में नाकाम रहे। भारतीय टीम के चारों ओर बदलाव की आवाजें जोर-शोर से बढ़ रही हैं, यह देखना दिलचस्प होगा कि अगले साल खेले जाने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम 2023 में क्या दिशा लेती है। भारत के दिग्गज विराट कोहली ने अपने सूखे को खत्म किया और इस साल अपना 71वां शतक बनाया, लेकिन वह 2022 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी नहीं हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अय्यर का एक शानदार साल रहा है और वह भारतीय टीम के लिए भी शिखर की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। अय्यर ने भारत के लिए 39 मैचों और 40 पारियों में कुल 1609 रन बनाए हैं। अय्यर ने 1732 गेंदों का सामना किया है और 92.89 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज ने 48.75 की औसत से 14 अर्धशतक और एक शतक लगाया है। सूर्यकुमार यादव 1424 रन के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जो उन्होंने 40.68 की औसत से बनाए हैं।

### भारत के लिए सर्वाधिक रन बनानेवाले खिलाड़ी

श्रेयस अय्यर : 1609 रन
सूर्यकुमार यादव : 1424 रन
ऋषभ पंत : 1380 रन
विराट कोहली: 1348 रन
रोहित शर्मा : 995 रन

# कराची टेस्ट में बाबर ने तोड़े कई रिकॉर्ड

**मो. यूसुफ का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा**

**बाबर के पास पाकिस्तानी बल्लेबाज के तौर पर एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड**



**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में शुरू हुए पहले टेस्ट की पहली पारी में मोहम्मद यूसुफ का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाबर के पास पाकिस्तानी बल्लेबाज के तौर पर अब एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। इससे पहले मोहम्मद युसूफ ने वर्ष 2006 में एक कलेंडर वर्ष में 2435 रन बनाये थे। बाबर पहली पारी में नाबाद 54 रन बनाकर 2022 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अब तक 2477 रन बना चुके हैं। एक कलेंडर वर्ष में सर्वाधिक अर्धशतक बनाने के मामले में भी बाबर अब दुनिया के पहले बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने 25वां अर्धशतक ठोका और इसके साथ उन्होने वर्ष 2005 में रिकी पोंटिंग के 24 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

पाकिस्तान के कप्तान ने इस साल नौ टेस्ट मैचों में एक हजार से अधिक रन बनाये हैं। इस कैलेंडर वर्ष में उनके अलावा केवल तीन अन्य बल्लेबाज ही टेस्ट में चार अंकों का आंकड़ा छूने में सफल रहे हैं। 28 साल के बाबर ने एक दिवसीय क्रिकेट में भी इस साल इसी तरह की निरंतरता दिखाई है और नौ मैचों में 679 रन बनाए हैं जिनमें आठ मैचों में उन्होंने 50 या उससे अधिक के स्कोर दर्ज किए हैं। टी-20 में उन्होने इस साल 123.32 की स्ट्राइक रेट और 31.95 रन औसत से 735 रन बनाए हैं।

### कीवी विकेटकीपर ब्लंडेल ने रचा इतिहास

**कराची।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर टाम ब्लंडेल ने कराची टेस्ट ने पाकिस्तान के शुरूआती दो विकेट स्टंपिंग से आउट कर ऐसा कारनामा कर दिखाया जो पुरुष टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान का पहला विकेट अब्दुल्ला शफीक का था, जो पारी के चौथे ओवर में कीवी टीम के दिग्गज फिरकी गेंदबाज एजाज पटेल की गेंद को क्रीज से बाहर निकल कर खेलने से चूके और विकेटकीपर ब्लंडेल ने उनकी गिल्लियां बिखेरने में कोई गलती नहीं की। शफीक की जगह लेने क्रीज पर आये शान मसूद ने अभी विकेट पर ठीक से आंख भी नहीं जमायी थी कि माइकल ब्रेसवल की गेंद पर एक बार फिर ब्लेंडल ने विकेटकीपिंग का जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी स्टंपिंग की।

# टीम के खिलाफ गोल होने पर निराश नहीं हों : रीड


**पुरुष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने अपने खिलाड़ियों को भावनाओं में न बहने की दी सलाह**



**एजेंसी। बेंगलुरू**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने अपने खिलाड़ियों को भावनाओं में बहने के प्रति चेताया है और सलाह दी है कि अगर अगले महीने एफआईएच विश्व कप के दौरान उनके खिलाफ गोल होता है तो वे अपने खेल को अगले स्तर पर लेकर जाएं। रीड का मानना है कि अगर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में खेलना है तो सकारात्मक मानसिकता जरूरी है। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत टूर्नामेंट के पहले दिन 13 जनवरी को राउरकेला में स्पेन के खिलाफ करेगा। लाहौर में 1990 विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे रीड ने कहा : जब आप (भारतीय खिलाड़ी) इस स्तर (विश्व कप) के टूर्नामेंट में खेलते हो तो भावनाओं में बह जाते हो। भावनाओं में मत बहो। अगर विरोधी आपसे गेंद छीने या गोल कर दे तो हालात काफी मुश्किल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अगली चीज क्या होगी, आप इसकी मानसिकता विकसित करो। जो हो गया आप उसे नहीं बदल सकते तो उस काम पर ध्यान दो जो आपके सामने है, क्या करना है इस पर अपना ध्यान केंद्रित रखो। विश्वकप 1990 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की तैयारी के बारे मे बताते हुए रीड ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि टूर्नामेंट (विश्व कप 1990) से पहले हम छोटे मुकाबले (कम समय के) खेलते थे और चुपचाप खेलते थे, हमें बात करने की स्वीकृति नहीं थी।

### सलामी बल्लेबाज केएल राहुल अगले महीने करेंगे शादी!



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शादी करनेवाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह जनवरी में अपनी गर्लफ्रेंड अथिया शेट्टी से शादी करनेवाले हैं। बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि केएल राहुल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि वह शादी करनेवाले हैं। हालांकि, इस बारे में खिलाड़ी की तरफ से कोई भी पुख्ता जानकारी साझा नहीं की गयी है। इससे पहले भी केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी की जानकारी सामने आयी थी। एक रिपोर्ट में यह कहा गया था कि तीन दिन भव्य समारोह में शादी की तारीखें 21 जनवरी से 23 जनवरी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक समारोह के लिए करीबी दोस्तों और परिवार को बुलाए जाने की उम्मीद है। शादी का स्थान सुनील शेट्टी का खंडाला फार्महाउस- जहान है जो मुंबई के पास बताया गया है। पिछले तीन साल से साथ रहने के बाद इस कपल ने एक साल पहले ही अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया था।

# चरम पर यूएई की उम्मीदें

**अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्डकप**

**एजेंसी। अबूधाबी**

दक्षिण अफ्रीका में अगले महीने खेले जानेवाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में पहली बार हिस्सा ले रही संयुक्त अरम अमीरात (यूएई) की उम्मीदें चरम पर हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज तीर्थ सतीश के नेतृत्व में यूएई ने शनिवार को विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी थी। टीम के कोच हांगकांड के आलराउंडर नजीब अमर होंगे। इससे पहले यूएई ने एशिया क्वालीफायर में पांच मैचों की श्रखंला को एकतरफा मुकबले में जीत कर अंडर-19 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया था। इसी साल बंग्लादेश में खेले गये महिला एशिया कप में यूएई ने मलेशिया के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी।

अमीरात के अंडर-19 टी-20 विश्वकप अभियान स्काटलैंड के खिलाफ बेनोनी में 14 जनवरी को शुरू होगा। यूएई का अगला मैच 16 जनवरी को भारत के खिलाफ और तीसरा ग्रुप मैच 18 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से होगा। नजीब ने कहा कि यूएई की महिलाओं के लिए 2022 सफल और उत्साहजनक रहा है और अब हम आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा कर इतिहास रचने को तैयार हैं। हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ देना है जिसके जरिये हम ग्रुप मैचों में शीर्ष तीन और सुपर सिक्स का हिस्सा बन सकें।

**टीम इस प्रकार है : -**

तीर्थ सतीश (कप्तान), वैष्णव महेश, समायरा धरणीधरका, लावण्या केनी, संचिन सिंह, रिनिथा राजिथ, इंदुजा नंदकुमार, सिया गोखले, माहिका गौर, अवनि सुनील पाटिल, अर्चना सुप्रिया, ऋषिता राजिथ, गीतिका ज्योतिस, संजना रमेश, इशिता जहरा।

**संतोष ट्रॉफी** 72वीं नेशनल सीनियर मेंस फुटबॉल चैम्पियनशिप

# जयदीप की हैट्रिक से दिल्ली की बड़ी जीत

**कर्नाटक और गुजरात भी अपने-अपने मैच जीते**



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जयदीप सिंह की हैट्रिक की बदौलत मेजबान दिल्ली ने हीरो संतोष ट्रॉफी के लिए 72वीं नेशनल सीनियर मेंस फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप-1 में पहली जीत हासिल की। डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में दिल्ली ने नयी-नवेली लद्दाख को 7-0 से रौंद डाला। पहले मुकाबले में त्रिपुरा से गोलरहित ड्रा खेलने वाली दिल्ली के तेवर आज बदले हुये थे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के अन्य मैचों में कर्नाटक ने कड़े संघर्ष के बाद उत्तराखंड को 3-1 से परास्त किया जबकि गुजरात ने त्रिपुरा को 6-0 से धो डाला। दिल्ली की जीत के हीरो स्ट्राइकर जयदीप सिंह के अलावा रविराज (18वें मिनट), अजय रावत (35वें और 90+4वें मिनट) और गौरव चड्ढा (40वें मिनट में) ने गोल दागे। पिछले मैच के मुकाबले दिल्ली का खेल आज एकदम बदला हुआ नजर आया। खासकर, अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने लगभग आधा दर्जन मौके गंवाने के बावजूद बड़े अंतर से मेजबान टीम को जीत दिलाई। विजेता टीम हाफ टाइम तक 3-0 से आगे थी।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे जयदीप ने 47वें, 88वें और 90+1वें मिनट में दनादन तीन गोल जमकर हैट्रिक पूरी करके वाहवाही लूटी। वेटर्न स्ट्राइकर अजय सिंह रावत (35वें और 90+4वें मिनट) के दोनों गोल भी दर्शनीय रहे। जीत से दिल्ली ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर आ गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक ड्रा से चार अंक हैं। उसके आगे कर्नाटक छह अंकों के साथ ग्रुप-1 में शीर्ष पर है। कर्नाटक ने आज अपनी लगातार दूसरी जीत की। वहीं गुजरात दो मैचों में एक जीत और एक हार से तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। उत्तराखंड, त्रिपुरा और लद्दाख ने दो मैचों में एक ड्रा से एक-एक अंक है।

### कर्नाटक ने उत्तराखंड को 3-1 से किया परास्त

इससे पहले दिन के पहला मैच जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला गया। इस मुकाबले में कर्नाटक ने कड़े संघर्ष के बाद उत्तराखंड को 3-1 से परास्त किया। इस मैच का पहला गोल जैकब जॉन कट्टूकारेन ने 21वें मिनट में दागकर कर्नाटक को बढ़त दिलाई लेकिन 44वें मिनट में अजय बिष्ट ने उत्तराखंड को बराबरी दिलाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। लेकिन स्टॉपेज टाइम के दौरान 45+3वें मिनट में शाजन फ्रैंकलिन ने गोल करके कर्नाटक को 2-1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में उत्तराखंड ने पूरे समय आक्रामक फुटबॉल खेली लेकिन मैच खत्म होने से ठीक पहले 90+3वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी अंकित पी. ने गोल करके कर्नाटक को 3-1 से जीत दिला दी। दिन के तीसरे मैच में गुजरात ने त्रिपुरा को 6-0 से धो डाला।



**NEWS इन ब्रीफ**

### उपभोक्ताओं को मिलेगा उपकरणों की मरम्मत का अधिकार

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक और ऑटो क्षेत्र की कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगाने की शुरूआत हो गई है। इसे देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलेगा उपकरणों की मरम्मति अधि्कार। उत्पादों पर मरम्मत का अधिकार क्या है, कलपुर्जों की कीमत कितनी है। हर सामान की उपलब्धता की जानकारी भी देनी होगी। यह सभी सूचना एक ही पोर्टल पर मिलेगी। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर इस पोर्टल की शुरूआत होने से एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी कंपनियों के उत्पादों की जानकारी होगी।

### पेयू से 150 कर्मचारी को किया गया बाहर

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2022 की समाप्ति से पहले छंटनी की एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भुगतान सेवा प्रदाता कंपनी पेयू ने अपने 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। खबरों के अनुसार, कंपनी से निकाले गए कुल कर्मचारी इसके कुल मैनपावर का छह प्रतिशत है। बता दें कि पेयू इंडिया के फिनेटक व्यवसायों में बिंबू, साइट्रस और लेजी पे जैसी कंपनियां शामिल हैं।

### 5जी से नये युग की शुरूआत

**नयी दिल्ली।** देश में इस साल विगत अक्तूबर में 5जी की शुरूआत हुई। 5जी न सिर्फ एक नए युग की शुरूआत है बल्कि इससे जीवन काफी आसान हो जाएगा। 4जी के मुकाबले इसकी स्पीड 10 गुना ज्यादा है इसके जरिये सिर्फ 20 सेकंड में एक फिल्म डाउनलोड कर सकते हैं। 5जी की मदद से दूर बैठे कई उपकरणों को कंट्रोल किया जा सकता है।

### शुरू हुई दस रुपये के नोट की बिक्री

**नयी दिल्ली।** नए साल से पहले आप लाखों रुपये कमाना चाहते हैं तो तैयार हो जाइए क्योंकि 10 रुपये के नोट की नीलामी इस वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिस तरह आप दिवाली पर घर की साफ-सफाई करते हैं, उसी तरह एक बार फिर सफाई शुरू कर दें और अगर आपको ये वाला 10 रुपये का नोट मिल गया तो नए साल के पहले ही आपकी चांदी हो जाएगी क्योंकि कई लोग इस पुराने नोट को खरीदना चाहते हैं। जल्द ही इस तरह से अपने नोट को सेल करें।

### सिर्फ 5 हजार रुपये लगाकर शुरू करें कुल्हड़ का बिजनेस

**नयी दिल्ली।** अगर आप अपना खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आप सिर्फ 5 हजार रुपये लगाकर कुल्हड़ का अपना कारोबार आसानी से शुरू कर सकते हैं। इसमें आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। आज के समय में सिंगल यूज प्लास्टिक के कारोबार से कई लोग जुड़े हुए हैं। अब इस पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है।

## अडानी ग्रुप की सात कंपनियों के शेयरों का बुरा हाल

# चार दिनों में 1.70 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बीते सप्ताह भारी बिकवाली की वजह से शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट देखने को मिली। टूटते मार्केट के बीच अडानी ग्रुप की लिस्टेड सात कंपनियों के शेयरों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों ने चार दिनों की बिकवाली के बीच ऐसा गोता लगाया कि 1.70 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। अडानी ग्रुप की कंपनियों के मार्केट कैप (टूंस्त्र) में संयुक्त रूप से 1.70 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अडानी विल्मर, अडानी पावर और अडानी ट्रांसमिशन के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अडानी विल्मर के शेयर शुक्रवार को सात फीसदी से अधिक गिरकर 512.65 रुपये पर आ गए थे। इसके साथ ही कंपनी के शेयर चार दिन में 18.53 टूटे। इस बीच चार दिन



की गिरावट के दौरान बीएसई सेंसेक्स में 1,630 अंक या 2.65 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। अडानी पावर के शेयरों में शुक्रवार को लोअर सर्किट लग गया था। अडानी पवार का स्टॉक पांच फीसदी की गिरावट के साथ 262.20 रुपये पर बंद हुआ था। 19 दिसंबर से 23 दिसंबर के बीच आई गिरावट में ये स्टॉक 14.23 फीसदी टूटा है। अडानी ट्रांसमिशन का शेयर बीएसई पर 9.29 फीसदी की गिरावट के साथ 2,284 रुपये पर क्लोज हुआ था। चार सत्रों में यह शेयर 13 फीसदी से अधिक टूटा है। अडानी एंटरप्राइजेज 5.65 फीसदी की गिरावट के साथ 3,650 रुपये पर क्लोज हुआ। पिछले चार सत्रों में यह शेयर 8.51 फीसदी गिरा है। पिछले चार सेशन में अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन में करीब 8-9 फीसदी की गिरावट आई है। अडानी टोटल गैस के शेयर भी पिछले चार सेशन में 8 फीसदी से अधिक टूटा है। सात अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों का कॉम्बाइंड एम-कैप 17.04 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 19 दिसंबर के 18.81 लाख करोड़ रुपये से 9.41 प्रतिशत कम था। इसमें से प्रमुख अडानी एंटरप्राइजेज को एम-कैप में लगभग 40,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर साल का अंत 115 फीसदी बढ़त (2022 में अब तक) के साथ कर रहे हैं। अडानी विल्मर (92 फीसदी ऊपर), अडानी टोटल गैस (90 फीसदी ऊपर), अडानी ग्रीन (39 फीसदी ऊपर), अडानी ट्रांसमिशन (36 फीसदी ऊपर) और अडानी पोर्ट्स (9 फीसदी ऊपर) एक मजबूत नोट पर कैलेंडर को खत्म कर रहे हैं।

## इलेक्ट्रिक और ग्रीन मोबिलिटी का साल रहा 2022

**नयी दिल्ली।** आपूर्ति श्रृंखला और सेमीकंडक्टर की कमी से जूझने वाले वाहन उद्योग के लिए यह साल मिलाजुला रहा। अगस्त से पहले बिक्री में गिरावट दर्ज करने वाले उद्योग के लिए त्योहारी सीजन शानदार रहा। नवंबर, 2022 वाहन उद्योग के इतिहास में सर्वाधिक खुदरा बिक्री वाला महीना बन गया। वाहन बिक्री 26% बढ़कर 23,80,465 इकाई पहुंच गई। खुदरा बिक्री भी 24% बढ़कर 3,00,922 इकाई पहुंच गई। 2022 इलेक्ट्रिक एवं ग्रीन मोबिलिटी का साल रहा है। 9 दिसंबर, 2022 तक देश में 4.43 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ई-वाहन) बिके। यह 2021-22 में बिके 2.38 लाख ई-वाहनों से काफी ज्यादा है। अक्तूबर में ही सिर्फ एक लाख से ज्यादा ई-वाहन बिके। हालांकि, कई ई-स्कूटर में आग लगने की घटनाओं के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बरकरार है। परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, 3,27,730 कारों में सिर्फ 17% यानी 55,264 कारों में ही 6 एयरबैग लगे हैं।

## डालमिया सीमेंट ने की पूर्वी भारत में 'डीएसपी हर घर हैप्पी ऑफर' की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत की प्रमुख सीमेंट और डालमिया भारत लिमिटेड की सहायक कंपनी, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल), ने अपनी नई और रोमांचक पेशकश 'डीएसपी हर घर हैप्पी ऑफर' की घोषणा की है। पूर्वी क्षेत्र में डीसीबीएल की उपस्थिति को और भी अधिक मजबूत बनाते हुए डालमिया सीमेंट ने ग्राहकों के लिए उनके घरों के निर्माण को एक शानदार अनुभव बना दिया है। जैसे हर नई शुरूआत शुभकामनाओं और उपहारों के साथ होती है, उसी तरह डालमिया सीमेंट, भारतीय परंपरा को मानते हुए नए घर के साथ सभी ग्राहकों को खुशियों और ढेर सारे उपहारों की सौगात देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, सभी ग्राहकों को निश्चित तौर पर पुरस्कार दिए जाएँगे और साथ ही साथ पूर्वी राज्यों के भाग्यशाली ग्राहकों को बाइक, टीवी और स्मार्टवॉच जैसे बंपर पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।




दिसंबर-मार्च को घर बनाने के लिए आदर्श समय माना जाता है, ऐसे में डालमिया सीमेंट का 'डीएसपी हर घर हैप्पी ऑफर' ग्राहकों को अपना घर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। घरों के निर्माण के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं सहित प्री-कंस्ट्रक्शन से लेकर पोस्ट कंस्ट्रक्शन चरण तक डीसीबीएल अपनी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यू डब्ल्यू डालमिया सिमेंट डॅट कॉम और हेल्पलाइन नंबर 18002020 के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। इसका कंज्यूमर प्रोमो 15 दिसंबर, 2022 से 15 फरवरी, 2023 तक बाजार में लाइव रहेगा। डालमिया सीमेंट के 'डीएसपी हर घर हैप्पी' पर टिप्पणी करते हुए, डीसीबीएल के प्रवक्ता ने कहा, डालमिया सीमेंट, पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट निर्माता है।

## 30 दिसंबर को खुल रहा एक और आईपीओ, प्राइस बैंड 61 से शुरू




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अगर आप इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए एक और मौका आ रहा है। पॉलिमर मैन्युफैक्चरर साह पॉलीमर्स का आईपीओ इस सप्ताह शुक्रवार, 30 दिसंबर 2022 को निवेश के लिए खुलेगा। इसमें निवेशक 4 जनवरी 2023 तक दांव लगा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने ?61 से ?65 का प्राइस बैंड तय किया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली गुरुवार 29 दिसंबर, 2022 को खुलेगी। ग्रे मार्केट में इसका भाव आज 5 रुपये प्रीमियम पर उपलब्ध हैं। साह पॉलीमर्स का आईपीओ 1,02,00,000 इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू होगा, जिसमें नो ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) घटक होगा। सत इंडस्ट्रीज जो कि प्रमोटर हैं, उनकी इस कंपनी में 91.79% हिस्सेदारी है। साह पॉलीमर्स का आईपीओ 1,02,00,000 इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू होगा, जिसमें नो ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा।

## जनवरी में 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नयी दिल्ली।** साल 2022 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं और नया साल 2023 शुरू होने वाला है। इस नए साल की शुरूआत छुट्टी के साथ होगी। साल के पहले महीने में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 11 दिन बैंक बंद रहेंगे। साल के पहले महीने यानी जनवरी की शुरूआत छुट्टी से होगी। 1 जनवरी को इस बार रविवार पड़ रहा है। वहीं जनवरी महीने में अलग-अलग राज्यों और शहरों में 2, 3, 4 और 26 तारीख को बैंकों में छुट्टी रहेगी, जबकि 1, 7, 8, 15 21, 22 और 29 जनवरी को रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के साप्ताहिक अवकाश हैं। आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे की लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इस सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

## मेटा पर भारी पड़े 6 फैसले, गंवा दिए 19.5 लाख करोड़

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

फेसबुक के स्वामित्व वाली दिग्गज टेक कंपनी मेटा के लिए यह साल मुश्किल भरा साबित हुआ। इसकी वजह कंपनी के खुद के फैसले रहे। सबसे बड़ा फैसला तो यही था कि कंपनी का नाम बदलकर मेटा कर दिया गया, जिसे आम लोगों में अभी तक स्वीकार्यता नहीं मिली है। यहां तक कंपनी की सीओओ शेरिल सैंडबर्ग का कंपनी का छोड़ना भी मेटा के लिए काफी नुकसानदायक रहा, जिसके बाद तो कंपनी लगातार पिछड़ती हुई ही दिखाई दी। आइए बात करते हैं उन 6 फैसलों की जिसका कंपनी की ग्रोथ पर देखने को मिला। कंपनी को मेटावर्स बनाने की चाह ने मेटा को काफी नुकसान पहुंचाया जिसकी वजह से फरवरी के महीने में कंपनी को एक ही दिन 237 अरब डॉलर की वैल्यूएशन यानी 19.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अमेरिका में आज तक ? इतना बड़ा




नुकसान कभी भी नहीं हुआ था। उसके बाद भी को-फाउंडर मार्क के कहने पर मटावर्स पर काम होता रहा और इस प्रोजेक्टपर पैसों की बारिश की जाती रही। जून में 14 साल काम करने के बाद सीओओ शेरिल सैंडबर्ग ने कंपनी छोड़ दी। वह पुरुष वर्चस्व वाले सेक्टर में ऐसी शीर्ष महिला अधिकारी थीं, जिन्होंने मेटा को विज्ञापन बिजनेस में लाभ कमाने वाली कंपनी बनाया। उनके जाने के बाद जुकरबर्ग को मेटावर्स में पैसे लगाने से रोकने वाला नहीं बचा। मेटा ने टिकटॉक को पछाड़ने के लिए काफी गलत फैसले लिए। टिककॉक को रेस में पीछे करने के लिए दूसरी तिमाही में इंस्टाग्राम पर रिकममेंड कंटेंट को डबल कर दिया गया। उम्मीद लगाई गई कि इस फैसले से इंस्टाग्राम के यूजर्स में इजाफा देखने को मिलेगा लेकिन

### शेरिल सैंडबर्ग के जाने से भी हुआ नुकसान

### टिकटॉक को पछाड़ने को लिए गलत फैसले

बाद से इसे यूजर्स ने टिकटॉक का कॉपी करार दे दिया। मेटावर्स बनाने के जुनून में मार्क जुकरबर्ग ने कंपनी का नाम बदलकर मेटावर्स कर दिया। अगस्त में होरीजॉन वर्ल्ड की शुरूआत की गई लेकिन कंपनी किस्मत नहीं बदली। होरीजॉन वर्ल्ड में अवतार के कमर का हिस्सा गायब कर दिया गया जिसकी यूजर्स की ओर से काफी आलोचना की गई और यूजर्स 2 लाख से नीचे हो गए, जो लॉन्च टारगेट से कम थे। उसके बाद जुकरबर्ग ने होरीजॉन पर पैरों को भी जुड़वाया। कुछ समय तक लगा कि यह फैसला पूरी तरह से ठीक साबित हो रहा है।

## बोनस शेयर देने वाली कंपनी ने बदली निवेशकों की किस्मत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



स्मॉल कैप कंपनी हेमांग रिसोर्सेज उन कुछ कंपनियों में से एक है जिसने निवेशकों को इस साल भी ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल के दौरान 2000 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, बोनस शेयर बांटने वाली इस स्मॉल कैप कंपनी ने निवेशकों की किस्मत एक साल में ही बदलकर रख दी है। हेमांग रिसोर्सेज के शेयरों पिछले एक महीने के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने पहले कंपनी के एक शेयर का भाव 51 रुपये था जोकि अब 63.05 रुपये हो गया है। बीते 6 महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 23 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बता दें, 3 जनवरी 2022 को हेमांग रिसोर्सेज के एक शेयर की कीमत महज 3.12 रुपये ही थी। तब से अबतक कंपनी के शेयर का भाव 1920 प्रतिशत बढ़ गया है। जिस किसी निवेशक ने हेमांग रिसोर्सेज पर एक महीने पहले दांव लगाया होगा उसका रिटर्न एक लाख रुपये का निवेश बढ़कर 1.20 लाख रुपये के करीब पहुंच गया होगा। वहीं, साल की शुरूआत में कंपनी पर दांव लगाने वाले निवेशकों का 1 लाख रुपये का इंवेस्टमेंट बढ़कर 22 लाख रुपये हो गया है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 80.90 रुपये है।

## अमेरिका और जर्मनी में बहुत लोग मस्क के रवैये से नाराज

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दुनिया की सबसे कीमती कार कंपनी टेस्ला की समस्याओं की सूची बढ़ती जा रही है। कुछ देशों में प्रोडक्शन में दिक्कतों, बढ़ती होड़, शेयरों के मूल्यों में गिरावट और कंपनी प्रमुख एलन मस्क के दूसरी जगह ध्यान लगाने से टेस्ला के वफादार ग्राहक उससे अलग हट रहे हैं। प्रमुख विश्लेषक और निवेशक सवाल करते हैं कि क्या टेस्ला इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के बाजार पर अपना प्रभुत्व बनाए रख सकेगी। सर्वे से पता लगा है कि ट्विटर में मस्क के व्यवहार के कारण उदार और नरम रुख रखने वाले लोगों के बीच टेस्ला के ब्रांड को नुकसान हुआ है। निवेशकों की चिंता की मुख्य वजह एलन मस्क हैं। ट्विटर की खरीद ने टेस्ला में नाजुक मौके पर मस्क की भूमिका को प्रभावित किया है। टेस्ला के लिए आस्टिन, अमेरिका और



बर्लिन, जर्मनी में अपने नए कारखानों में उत्पादन बढ़ाना मुश्किल हो रहा है। कोविड प्रतिबंधों के कारण शंघाई, चीन में टेस्ला की फैक्टरी को बार-बार बंद करना पड़ा है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और मंदी की छाया से टेस्ला वाहनों की मांग कम हो रही है। ट्विटर में अराजकता, कर्मचारियों की छंटनी ने मस्क के जीनियस होने की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है। उनके तेजाबी ट्वीट ने भी संभावित ग्राहकों के अलग होने का खतरा पैदा किया है।

## पेज एक का शेष

### आरक्षियों ने अपने...

पुलिस के सामने है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ-साथ बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण मिले, इस पर सरकार का विशेष जोर है, ताकि सामान्य अपराधों के साथ साइबर अपराध और आर्थिक अपराध से जुड़े अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब दे सकें। आपकी सेवा राज्य और जन-जन की सुरक्षा तथा विधि व्यवस्था के अलावा चुनाव समेत कई अन्य कार्यों में ली जाती है। ऐसे में आप अपनी कार्यों को बेहतर तरीके से अंजाम दे सकें, इसमें आपका प्रशिक्षण काफी कारगर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर, मुसाबनी को जीवंत बनाये रखने की कार्य योजना अधिकारी तैयार करें। इसमें प्रशिक्षण के साथ अन्य क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल किये जाने की संभावनाओं को तलाशें, ताकि इसे देश के बेहतरीन प्रशिक्षण केंद्र के रूप में शामिल किया जा सके।

### कोरोना नये वेरिएंट...

संक्रमितों की संख्या-442568 है जिसमें 437236 मरीज रोगमुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं, रिकवरी रेट 98.80 प्रतिशत तथा राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.80 प्रतिशत है। 5331 व्यक्ति की मृत्यु कोविड-19 से हुई है, मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। आज की तिथि में राज्य में कोविड-19 संक्रमित मरीजों के एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या मात्र एक है। बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव-सह-स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, रिम्स निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अपने घर में...

संन्यासी भी अपने भगवान से ही प्यार करता है। प्रज्ञा ने कहा : लव जिहाद में शामिल लोगों को उनकी भाषा में जवाब देना चाहिए। अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं। इसके अलावा शिवमोग्गा के हर्षा सहित हिंदू कार्यकताओं की हत्या की ओर इशारा करते हुए, उन्होंने लोगों से आत्मरक्षा के लिए घर में धारदार चाकू रखने के लिए कहा। प्रज्ञा ने कहा कि अपने घरों में हथियार रखें। अगर और कुछ नहीं है तो कम से कम उन चाकूओं की धार तेज रखें, जिनका इस्तेमाल सब्जियां काटने के लिए किया जाता है। मैं नहीं जानती कि कौन सी स्थिति कब पैदा होगी। हर किसी को आत्मरक्षा का अधिकार है। यदि कोई हमारे घर में घुसकर हम पर हमला करता है, तो उचित जवाब देना हमारा अधिकार है। उन्होंने माता-पिता को अपने बच्चों को मिशनरी संस्थानों में नहीं पढ़ाने की सलाह दी। कहा, ऐसा करके आप अपने लिए वृद्धाश्रमों के दरवाजा ही खोलेंगे। ऐसा करके (मिशनरी संस्थानों में बच्चों को पढ़ाकर) बच्चे आपके एवं आपकी संस्कृति के नहीं रहेंगे। बच्चे वृद्धाश्रमों की संस्कृति में पले-बढ़ेंगे और स्वार्थी बन जाएंगे। अपने घर में पूजा कीजिए अपने धर्म और शास्त्रों के बारे में पढ़िए और अपने बच्चों को इनके बारे में बताइए ताकि बच्चे हमारी संस्कृति और मूल्यों को जान सकें।

(संपादकीय पेज भी देखें)

### इन दिनों के...

20 सालों से कितनी भी कड़ाके की ढंड पड़ रही हो, कभी भी न स्वेटर पहना, न इनर, न ही जैकेट अथवा कोई अन्य गर्म कपड़ा। यहां तक कि वे नहाते भी हैं तो ठंडे पानी से ही। यह कुछ एक्सरसाइज करके आप भी कर सकते हैं। (कृपया रिस्क न लें अन्यथा लेने के देने पड़ जाएंगे)। राहुल पर भाजपा की रणनीति रोज बदलती है। कभी वे राहुल को इग्नोर करते हैं, कभी कई लोगों का झुंड उन पर जोरदार प्रहार करता है। जैसे, सोमवार को शहजाद पूनावाला और गौरव भाटिया ने राहुल गांधी के लिए बेहद कठोर शब्दों का इस्तेमाल किया। शहजाद पूनावाला ने उन्हें ढोंगी कहा तो गौरव भाटिया ने मन में जहर और बाहर दिखावा शब्द का इस्तेमाल किया। प्रसंग था अटलजी की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने का। तो, भाजपा तिलिमलाई हुई है। यह तिलमिलाहट कहीं न कहीं राहुल गांधी के कारण ही है। राहुल ने भाजपा को अपने निशाने पर रखा है।

### ठंड आते ही...

रहते इसके रोकथाम में तेजी लायी जा सके। क्योंकि मल में कोविड के विषाणु पाया जाना, वहां के निवासियों में कोरोना संक्रमण फैलने के शुरुआती संकेतों में से एक है। सीवेज नमूना परीक्षण अतीत में पोलियो की निगरानी का एक प्रमुख तरीका रहा है। इसके अलावा सामुदायिक निगरानी के लिए इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क बनाया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि इन बीमारियों के मरीजों के 25 से 30 प्रतिशत मामले कोविड पॉजिटिव में बदल जाते हैं। यही कारण है कि इन मामलों की जांच करना महत्वपूर्ण है। ठंड या सर्दी के मौसम में वैसे भी फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं। केंद्र के निर्देश पर मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में होनेवाली मॉक ड्रिल की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को मॉक ड्रिल के लिए राज्यों को एक फॉर्म उपलब्ध कराया है, जिसे कोविन इंडिया पोर्टल से डाउनलोड करने के निर्देश दिये गये हैं। इस फॉर्म को मॉक ड्रिल के साथ ही भरना होगा और उसी समय अपलोड करने के साथ ही दिल्ली में कोरोना वार रूम में जानकारी देनी होगी। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 27 दिसम्बर की सुबह मॉक ड्रिल होगा। इंसाकॉग की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार कोरोना का विषाणु बहुत तेजी से अपना स्वरूप बदलता है। इसमें अब तक 18 हजार से भी ज्यादा बार परिवर्तन देखने को मिले हैं। बीते एक वर्ष से पूरी दुनिया में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से जुड़े उप वैरिएंट ही प्रसारित हो रहे हैं।

**नववर्ष** 2022 तमाम बाधाओं के बीच बाजारों में रहा तेजी का रुख

# 2023 के शुरुआती 6 माह कष्टकारी होने की आशंका

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वर्ष 2022 भारतीय शेयर बाजार के लिए खास रहा है। इसने तमाम बाधाओं के बीच तेजी जारी रखी और वैश्विक बाजारों की तुलना में अधिक बढ़त दर्ज करने में भी सफल रहा। मगर आने वाला समय देसी बाजार के लिए उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है और कम से कम 2023 की पहली छमाही में हालात शायद उत्साजनक नहीं रहें। शेयरों की ऊंची कीमत, वैश्विक चुनौतियां और आगे तेजी की गुंजाइश फिलहाल खत्म होने से बाजार की चाल सुस्त रह सकती है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार ब्याज दर बढ़ोतरी, मौद्रिक नीति की सख्ती और चीन में कोविड संक्रमण में तेजी से भारतीय बाजार को अपनी बढ़त गंवानी पड़ी है।



दिसंबर में अपने सर्वकालिक स्तर पर पहुंचने के बात सेंसेक्स 5.7 प्रतिशत और निफ्टी 5.6 प्रतिशत तक फिसल चुके हैं। फिर भी इस साल अब तक सेंसेक्स 2.7 प्रतिशत और निफ्टी 2.6 प्रतिशत बढ़त दर्ज करने में सफल रहे हैं। वैश्विक बाजारों की बात करें तो उनके लिए वर्ष 2022 कठिन रहा है। अमेरिका और यूरोप में आसमान छूती महंगाई, रूस-यूक्रेन युद्ध से आपूर्ति व्यवधान और कोविड महमारी के दौरान नीतिगत स्तर पर किए गए राहत उपायों की वापसी से वैश्विक शेयर बाजारों की चाल सुस्त पड़ गई है। ऊंची महंगाई दर से घबराकर दुनिया के केंद्रीय बैंकों को आर्थिक वृद्धि दर की चिंता किनारे रख ब्याज दरें बढ़ाने पर विवश होना पड़ा। वैश्विक स्तर पर उत्पन्न चुनौतियों

### दिसंबर में अपने सर्वकालिक स्तर पर पहुंचने के बात सेंसेक्स 5.7 प्रतिशत और निफ्टी 5.6 प्रतिशत तक फिसल चुके हैं

की वजह से निवेशक भारत की नहीं दुनियाभर के बाजारों से अपनी रकम निकालने लगे। मगर घरेलू अर्थव्यवस्था से जुड़ी बेहतर संभावनाओं और घरेलू निवेशकों की पूंजी के दम पर भारतीय बाजार वैश्विक उथल-पुथल से बहुत अधिक प्रभावित नहीं हुए और सेंसेक्स तथा निफ्टी दोनों ही अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। आने वाले दिनों और महीनों में वैश्विक बाजार की दिशा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कदमों पर निर्भर करेगी। मगर अमेरिका के नए आर्थिक आंकड़े देखकर यही लगता है कि बाजार को उम्मीद से ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। नए आर्थिक आंकड़ों के बाद अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरें और बढ़ा सकता है। क्रेडिट सुइस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, ह्यमहंगाई नरम पड़ने के संकेत आए तो अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला रोक सकता है और शेयरों में तेजी दिख सकती है। मगर 2023 के पहले छह महीनों में दरों में बढ़ोतरी थमने की संभावना कम ही लग रही है। हमारे अर्थशास्त्रियों के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित दुनिया के तमाम केंद्रीय बैंक शायद ही ब्याज दरों में कमी करेंगे।




## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम मोदी ने प्रचंड को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर श्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' को आज बधाई दी। मोदी ने ट्वीटर पर लिखा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री चुने जाने पर कॉमरेड प्रचंड को बहुत-बहुत बधाई। भारत एवं नेपाल के बीच अद्वितीय संबंध हमारे प्रगाढ़ सांस्कृतिक संबंध और हमारी जनता के बीच घनिष्ठ संबंधों पर आधारित हैं। मैं इस मैत्री को और मजबूत करने के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

### शाह ने 'वीर बाल दिवस' पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'वीर बाल दिवस' पर गुरु गोविंद सिंह, साहिबजादों और माता गुजरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अपने ट्वीट में श्री शाह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों ने छोटी उम्र में भी मातृभूमि व धर्म की रक्षा हेतु दुश्मनों का बहादुरी से सामना किया। उनकी शौर्यगाथा हमारी धरोहर हैं जिसका स्मरण कर मोदी सरकार वीर बाल दिवस मना रही है। साहिबजादों, माता गुजरी व गुरु गोविंद सिंह जी की वीरता व बलिदान को सादर नमन।

### अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया गया

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर तस्करों के नापाक मंसूबे को नाकाम करते हुए पंजाब में अमृतसर जिले के राजाताल गांव के नजदीक एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। इलाके की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ के आगे खेती के खेतों में एक ड्रोन (क्वाडकॉप्टर) पड़ा मिला है। क्षेत्र की और विस्तार से खोज जारी है।

### बर्फीले तूफान से अमेरिका और कनाडा में 38 मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में उत्तरी अमेरिका और कनाडा में कहर बरपा रही भीषण ठंड से कम से कम 38 लोगों की मौत हो चुकी है एवं बर्फीले तूफान से पूरे उत्तरी अमेरिका में जन जीवन व्यापक तौर पर अस्त-व्यस्त हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि पूरे अमेरिका में 34 लोगों की मौत हो गयी जिसमें न्यूयार्क राज्य का सबसे ज्यादा प्रभावित बफेलो शहर है। कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के पश्चिमी प्रांत के मेरिट कस्बे के पास एक बस के बर्फ जमी सड़क पर पिसल जाने से चार लोगों की मौत हो गयी।

# भारत ने फिलीपींस नेवी को शुरू की ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति

**दक्षिण चीन सागर में विवादित समुद्री क्षेत्रों के हिस्सों को कवर करने के लिए पर्याप्त है ब्रह्मोस**

**फिलीपींस नेवी ने भारत से 374 मिलियन डॉलर में खरीदी हैं ब्रह्मोस की तीन बैटरियां**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने फिलीपींस नेवी के मरीन कॉर्प्स (पीएनएमसी) को ब्रह्मोस तटीय-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति शुरू कर दी है। 290 किमी. की सीमा के साथ यह दक्षिण चीन सागर में विवादित समुद्री क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को कवर करने के लिए पर्याप्त है। फिलीपींस नेवी ने भारत से 374 मिलियन डॉलर में ब्रह्मोस की तीन



बैटरियां खरीदी हैं। भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला फिलीपींस पहला देश है। इसके बाद वियतनाम, मिस्त्र और ओमान सहित कई देशों ने ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद में बहुत रुचि दिखाई है। फिलीपींस को सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति करने के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने पिछले साल 28 जनवरी को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। फिलीपींस ने अपनी नौसेना के लिए शोर-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम के लिए यह सौदा किया। सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह भारत के साथ सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था।

दोनों देशों ने 03 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। उस समय फिलीपींस के पास ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए पर्याप्त बजट नहीं था, इसलिए यह सौदा अंतिम रूप नहीं ले सका। सुपरसोनिक क्रूज ब्रह्मोस मिसाइलों का तीसरे देशों को निर्यात करने के लिए केंद्र सरकार ने अगस्त, 2020 में हरी झंडी दी थी। इसके बाद फिलीपींस के बजट प्रबंधन विभाग (डीबीएम) ने 29 दिसम्बर, 2021 को दो विशेष आवंटन रिलीज ऑर्डर (एसएआरओ) जारी किए जिसमें एक 1.3 बिलियन (190 करोड़ रुपये) और दूसरा 1.535 बिलियन (224 करोड़ रुपये) का है।

# मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति को भ्रष्टाचार में 11 साल की कैद

**एजेंसी। माले**

मालदीव पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को हवाला और रिश्वत के एक मामले में स्थानीय अदालत ने रविवार को 11 साल कैद की सजा के साथ पांच लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। आपराधिक अदालत ने यामीन को एक सरकारी द्वीप को लीज देने के एवज में धन लेने का दोषी पाया। यामीन 2013 से 2018 तक इस हिंद महारागरीय द्वीपीय देश और पर्यटन स्थल के प्रमुख रह चुके हैं। उन्हें हवाला के लिए सात साल और रिश्वत लेने के लिए चार वर्ष की सजा सुनायी गयी। यह पहली बार नहीं है जब यामीन को किसी अपराध के लिए दोषी पाया गया है। 2019 में एक अन्य मामले में उन्हें हवाला के लिए पांच साल की सजा सुनायी जा चुकी है। हालांकि, दो साल बाद उच्चतम न्यायालय ने यह कहते हुए इस फैसले को खारिज कर दिया था कि शुरूआती सुनवाई



में पेश किए गए सबूतों में विसंगती थी और इससे साबित नहीं होता की यामीन ने एक मिलियन अमेरिकी डॉलर सरकारी धन निजी उपयोग में लाया था। यामीन 2018 के चुनाव में वर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलीह से हार गये थे। अपने कार्यकाल के दौरान यामीन पर भ्रष्टाचार, मीडिया को दबाने और अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदियों पर अत्याचार के आरोप लगे थे। यामीन 2023 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए मालदीव की प्रोग्रेसिप पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं।

### सरकारी अधिकारी रह चुके हैं अब्दुल्ला यामीन

1959 में जन्में यामीन राजनीति में आने से पहले सरकारी अधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत 1978 में वित्त विभाग में अधिकारी के तौर पर की थी। अपने करियर में यामीन कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। 1993 में मोमून अब्दुल गय्यूम के राष्ट्रपति काल में यामीन को व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय का मंत्री बनाया गया था। अब्दुल गय्यूम के कार्यकाल के दौरान यामीन उच्च शिक्षा, उड्डयन और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की कमान भी संभाल चुके हैं।

# सिखों के इतिहास को कमजोर करने की साजिश : एसजीपीसी

**छोटे साहिबजादों के 'शहीदी दिवस' को केंद्र ने की है 'वीर बाल दिवस' मनाने की घोषणा**

**कृष्णमोहन सिंह। नयी दिल्ली**

सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह छोटे बेटों की शहादत को मोदी सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नामकरण कर सतही सरकारी कार्यक्रम बनाने से ज्यादातर सिख व उनके सर्वोच्च संगठन आहत हैं। सिखों की सर्वोच्च संस्था व संगठन अकाल तख्त साहिब तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया है। मालूम हो कि मोदी सरकार द्वारा तीन कृषि कानून लाये जाने के विरोध में किसान आंदोलन शुरू हुआ और दिल्ली बार्डर पर सालों तक धरना-प्रदर्शन चला। जिसमें ज्यादा संख्या सिख व जाट किसानों की थी। इस धरना-प्रदर्शन में किसान मोर्चा के अनुसार 605 किसानों की मौत हुई। जिसमें से ज्यादातर सिख थे। कहा जाता है कि सिख कौम अपनी शहादत भूलती नहीं है, बदला लेती है। यह भी चर्चा है कि तब एक राज्य के राज्यपाल रहे सतपाल मलिक ने भी सर्वोच्च हुक्मरान से इस बात को कहा था कि यह कौम बहुत ही खुद्दार होती है। इतिहास गवाह है, यह अपने कौम की शहादत को भूलती नहीं है। कहा जाता है कि इसी के बाद केंद्र के साहबान का गुरुद्वारा बंगला साहिब में शीश नवाने का फेरा बढ़ गया। सिख संगठन के एक पदाधिकारी को पद छोड़ते भाजपा ज्वाइन कराया गया। उसके बाद 9 जनवरी, 2022 को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश गुरु पर्व के अवसर पर केंद्र सर्वोच्च ने गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों-साहिबजादा जोरावर सिंह व साहिबजादा फतेह सिंह के शहीदी दिवस को हर साल 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

### इन पांच कारणों से है नाराजगी

- केंद्र की अधिसूचना के बाद अकाल तख्त ने चर्चा के लिए सिख विद्वानों की एक समिति बनायी। समिति की सिफारिश के बाद, अकाल तख्त साहिब ने वीर बाल दिवस के बजाय 'साहिबजादे शहादत दिवस' के रूप में नामकरण की सिफारिश की, जिसका केंद्र ने कोई जवाब नहीं दिया।
- एसजीपीसी की कार्यकारिणी ने इस वर्ष 11 अक्टूबर को इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र से वीर बाल दिवस से साहिबजादे शहादत दिवस का नाम बदलने का अनुरोध किया गया, लेकिन केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव पर विचार नहीं किया।
- अकाल तख्त और एसजीपीसी ने कहा कि छोटे साहिबजादों की शहादत को 'वीर बाल दिवस' तक सीमित रखना उनकी शहादत और सिख परंपराओं की भावना के अनुरूप नहीं है। सिख इतिहास, सिद्धान्तों और परंपराओं की दृष्टि से दासवेन पातशाह (दसवें गुरु) के साहिबजादों का अतुलनीय बलिदान महान योद्धाओं के समान है।
- सिख इतिहास में साहिबजादों को 'बाबा' (पवित्र पुरुषों के लिए सम्मान की अवधि) शब्द से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि नामकरण सिख इतिहास, गुरबानी, सिख सिद्धांत और विश्वास पर होना चाहिए।
- एसजीपीसी का मानना है कि समुदाय की परंपराएं, मान्यताएं और सरोकार बहुत ही अनोखे और अतुलनीय हैं, इसलिए उनसे संबंधित कोई भी निर्णय अकाल तख्त साहिब के आदेश पर लिया जाना चाहिए और केंद्र सरकार को कोई एकतरफा निर्णय नहीं लेना चाहिए।

# हमें अतीत को लेकर छोटी सोच हटानी होगी : मोदी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुरु गोबिंद सिंह जी के साहबजादों की शहादत को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह औरंगजेब के आतंक और भारत को बदलने की उसकी नीयत के खिलाफ डटकर खड़े रहे। औरंगजेब और उसके लोग तलवार का डर दिखाकर गुरु गोबिंद सिंह और उनके बच्चों का धर्म बदलना चाहते थे, लेकिन वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुए। एक देश जहां का इतिहास ऐसा है उसे तो आत्मविश्ववास से भरा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमें कुछ खास कहानियां ही पढ़ाई गईं, जिससे हीनभावना आती है। अगर हम भारत को नई ऊंचाईयों तक ले जाना चाहते हैं तो



हमें इतिहास को छोटे नजरिए से देखना बंद करना होगा। इससे पहले सोमवार सुबह पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साहिबजादों और माता गूजरी जी के बलिदान को लेकर श्रद्धांजलि दी। पीएम ने 9 जनवरी, 2022 को प्रकाश पर्व पर घोषणा की थी कि सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चारों साहबजादों को श्रद्धांजलि देते हुए इस साल से 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।

# बीएमसी अधिकारियों ने रहने के लिए खर्च किये 35 करोड़ रुपये

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने कोविड-19 से निपटने के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान अपने अधिकारियों के पांच सितारा होटल में रहने पर करीब 35 करोड़ रुपए खर्च किए। भाजपा नेता मिहिर कोटेचा ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को रविवार को लिखे पत्र में 2020 और 2021 में कथित रूप से करीब 35 करोड़ रुपए खर्च करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से जांच कराए जाने की मांग की। कोटेचा ने आरोप लगाया कि 34.6 करोड़ रुपए खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार इस बात पर प्रकाश डालता है कि बीएमसी को आम लोगों की कतई परवाह नहीं है, लेकिन वह अपने अधिकारियों को पांच सितारा होटल में रखती है।

# चीन ने ताइवान में घुसकर किया युद्धाभ्यास

**71 लड़ाकू विमान भेज कर चीनी सेना बोली- यह अमेरिका के भड़कावे पर हमारा जवाब**

**एजेंसी। ताइपे**

चीन ने पिछले 24 घंटों में ताइवान में 71 लड़ाकू विमानों से समुद्री और हवाई ड्रिल्स की हैं। इनमें 60 से ज्यादा फाइटर जेट्स शामिल थे। ताइवान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इसे चीन की तरफ से की गई सबसे बड़ी घुसपैठ की कोशिश बताया है। वहीं, चीन की सेना ने कहा कि ये हवाई और समुद्री ड्रिल्स अमेरिका के भड़कावे की कोशिशों के जवाब में की गई हैं। हालांकि चीनी सेना ने यह नहीं बताया कि अमेरिका ने उन्हें भड़काने के लिए क्या किया है। वहीं चीनी न्यूज एजेंसी ग्लोबल टाइम्स ने बताया इस घुसपैठ के पीछे अमेरिका के डिफेंस बजट को वजह माना है। इसमें लिखा गया है कि अमेरिका ने डिफेंस बजट में ताइवान के लिए जो 82 हजार करोड़ रुपए की मदद देने की बात कही है उसे चीन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट में बताया कि चीन ने जो विमान भेजे हैं उनमें 6 एसयू-30 लड़ाकू विमान, परमाणु हमला करने में माहिर एच-6 बॉम्बर और ड्रोन शामिल थे। चीन ने ताइवान के एयर स्पेस में अपने फाइटर जेट्स से 47 बार घुसपैठ की। अलजजीरा के मुताबिक इन युद्धाभ्यासों के बाद जारी बयान में ताइवान ने कहा की चीन पूरे इलाके की शांति को खतरे में डाल रहा है और उनके लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है।




# आम्रपाली का 'सइयां जी सेल्फिस' रिलीज

**भोजपुरी** सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे का गाना सइयां जी सेल्फिस हो गया है। आम्रपाली दुबे का नया गाना 'सइयां जी सेल्फिस' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में आम्रपाली अपने सइयां यानी एजाज अहमद से नाराज नजर आ रही है। गाने में खास बात यह है



की गाने में जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आवाज दी है और साथ में आम्रपाली दुबे की आवाज भी खूब पसंद की जा रही है। 7 हेवेन भोजपुरी के ऑफिशियल चैनल से रिलीज हुए इस गाने में आम्रपाली दुबे का इंडियन और वेस्टर्न दोनों लुक देखा जा सकता है। इस गाने का संगीत साजन मिश्रा ने दिया है, वहीं गीतकार श्याम देहाती है। गाने का निर्देशन अनंजय रघुराज ने किया है और कोरिओग्राफर कानू मुखर्जी है।

**विरासत** | 150 साल से भी अधिक है उम्र, दुर्लभ पेड़ को प्रशासन ने विरासत किया है घोषित

# एशिया का एकमात्र रेडवुड पेड़ बारामूला में है जीवित

**एजेंसी। श्रीनगर**

एशिया का एकमात्र रेडवुड पेड़ जिसे सिकोइयाडेन्ड्रॉन जिगेंटम या जायंट ट्री भी कहा जाता है, उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) यारिखा के फील्ड स्टेशन में जीवित है। भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान, यारीखा के प्रभारी काजी परवेज ने जानकारी देते हुए कहा कि माना जाता है कि यह पेड़ 150 वर्ष पुराना है और यह फील्ड स्टेशन में अपने उत्पत्ति के समय का एकमात्र जीवित पेड़ है, जिसे प्रशासन ने विरासत घोषित किया है। उन्होंने कहा कि ये पेड़ दुर्लभ हैं और केवल उत्तरी



अमेरिका और नेवादा कैलिफोर्निया में पाए जाते हैं जहां इसे लुप्तप्राय पेड घोषित किया गया है।

**क्यूप्रेसस परिवार का पेड़ :** परवेज ने कहा कि यह विशालकाय पेड़ कोनिफर के क्यूप्रेसस परिवार का है और एक विशाल मोरचेला मशरूम के आकार का है और सभी मौसमों में हमेशा हरा-भरा रहता है और अपने आकार और लुक के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि पेड़ पर पक्षी का एक भी घोंसला नहीं है और न ही पक्षियों को वहां घोंसला बनाते हुए देखा गया है, जो कि एक रहस्य बना हुआ है। परवेज ने कहा, मैं इस फॉर्म के प्रभारी के रूप में पिछले 12 वर्षों से काम कर रहा हूं और इस दौरान अपने वरिष्ठ अधिकारियों या मजदूरों से इस पेड़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में जानने की बहुत कोशिश की। हम सालों से इस पेड़ को उसी ऊंचाई और स्थिति में मौजूद देखा है।

### पेड़ को लेकर बना हुआ है रहस्य

**यह** जानकर आश्चर्य होता है कि जब कोई 150 वर्ष पीछे मुड़कर देखता है और यह सोचता है कि यहां सपाट मैदान नहीं होगा और घना जंगल होगा तथा उत्तरी कश्मीर के मागम क्षेत्र तक पूरा वन क्षेत्र होगा, क्योंकि आसपास घना जंगल है। परवेज ने कहा कि यह जानना कि यह पेड़ किसने लगाया और नमूना कहां से आया, एक रहस्य बना हुआ है और निश्चित रूप से यह 150 वर्ष पुराना पेड़ लगता है। पेड़ उत्तरी अमेरिका और कैलिफोर्निया के नेवादा में पाए जाते हैं, जहां पर इसे लुप्तप्राय घोषित किया गया है तथा उन्हें इंटरनेशनल यूनियन ऑफ कंजर्वेशन (आईयूसीएन) के साहित्य का अध्ययन करने से पता चला कि इसे एक लुप्तप्राय पेड़ भी घोषित किया गया है। कैलिफोर्निया और नेवादा के कुछ जंगलों को छोड़कर दुनिया में कहीं भी इस पेड़ के बारे में कोई इतिहास नहीं है जहां ये अभी भी पाए जाते हों। यहां फील्ड स्टेशन में पाया जाने वाला अपने मूल का एकमात्र पेड़ है।